

झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक





रांची, बुधवार, 15 अप्रैल 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 05 | अंक -294 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

# झारखंडी लोक कला का गौरव बढ़ा : गायक डॉ लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक को 'गुरु रत्न सम्मान'

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के नागपुरी लोक संगीत जगत के प्रख्यात गायक डॉ. लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित गुरु रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है. यह सम्मान उन्हें 14 अप्रैल को भारत के गवैयों संस्था की ओर से प्रदान किया गया. डॉ. बड़ाईक को यह गौरव नागपुरी लोक संगीत के संरक्षण, संवर्धन और इसे वैश्विक मंचों तक पहुंचाने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया गया है. इस सम्मान समारोह ने झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को एक नई मजबूती प्रदान की है.




सांसद महुआ माजी ने की कलाकार की

**सराहना**

इस भव्य आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद महुआ माजी उपस्थित रहीं. उन्होंने डॉ. बड़ाईक को सम्मानित करते हुए कहा कि ऐसे वरिष्ठ कलाकार हमारी संस्कृति और परंपरा के सच्चे संवाहक होते हैं. महुआ माजी ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि लोक संगीत हमारी पहचान का अटूट हिस्सा है और डॉ. बड़ाईक जैसे व्यक्तित्व इसे युवा पीढ़ी के लिए सहेजकर रखने का महान कार्य कर रहे हैं. उन्होंने लोक कला को राजकीय और राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रोत्साहन देने की बात कही. डॉ. लक्ष्मीकांत नारायण बड़ाईक लंबे समय से नागपुरी संगीत की जड़ों को सींचने में सक्रिय हैं. उन्होंने न केवल अपने गायन बल्कि अपनी मौलिक रचनाओं के माध्यम से भी झारखंड की लोक कला को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है. वे लगातार विभिन्न मंचों पर प्रस्तुति देकर लोक संगीत की मिठास को लोगों तक पहुंचा रहे हैं. उनकी विशिष्ट गायकी शैली ने न केवल दर्शकों का मन मोहा है, बल्कि कई युवाओं को अपनी जड़ों से जुड़ने के लिए प्रेरित भी किया है.

**सुरों की महफिल में उमड़े संगीत प्रेमी**

सम्मान समारोह के दौरान पूरा वातावरण नागपुरी धुनों से सराबोर रहा. इस अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति, प्रख्यात कलाकार और भारी संख्या में संगीत प्रेमी शामिल हुए. डॉ. बड़ाईक ने मंच से अपने कुछ लोकप्रिय नागपुरी गीतों की सुरीली प्रस्तुति भी दी, जिसे श्रोताओं ने भरपूर सराहा और तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया. इस सम्मान से पूरे नागपुरी संगीत जगत में खुशी की लहर दौड़ गई है और इसे राज्य की गौरवशाली विरासत के लिए एक सुखद क्षण माना जा रहा है.

# दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, पांच घंटे का सफर अब ढाई घंटे में होगा तय

**एजेंसी**


**नयी दिल्ली।** दिल्ली के गांधी नगर में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम के दौरान दिल्ली-देहरादून हाईवे (एक्सप्रेसवे) का उद्घाटन किया गया. इस मौके पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यह परियोजना राजधानी और उत्तराखंड के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है. उन्होंने बताया कि इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से न केवल यात्रा का समय घटेगा, बल्कि आर्थिक और पर्यटन गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा.

**एक्सप्रेसवे के दोनों ओर विकसित किए जा रहे औद्योगिक हब**

कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री हर्ष मल्होत्रा ने इस परियोजना को कॉरिडोर बताते हुए इसकी विशेषताओं पर प्रकाश डाला. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस कॉरिडोर के दोनों ओर बड़े-बड़े औद्योगिक हब विकसित किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे. उन्होंने यह भी बताया कि देहरादून के पास 12 किलोमीटर का एक एलिवेटेड सेक्शन बनाया गया है, जहां से गुजरते हुए लोग वन्यजीवों को भी देख सकेंगे. यह इस एक्सप्रेसवे की एक अनूठी विशेषता है, जो विकास और पर्यावरण के संतुलन को दर्शाती है.

**दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सचदेवा ने पीएम को दिया धन्यवाद**

देहरादून एक्सप्रेसवे के उद्घाटन को लेकर दिल्ली प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने देशवासियों को बधाई दी है. उन्होंने कहा कि इस एक्सप्रेसवे के शुरू होने से दिल्ली से देहरादून तक का सफर, जो पहले करीब 6 घंटे में पूरा होता था, अब महज 2 से ढाई घंटे में तय किया जा सकेगा. उन्होंने बताया कि 212 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे के निर्माण पर लगभग 12,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं. इस परियोजना से न केवल आवागमन तेज और सुगम होगा, बल्कि ट्रैफिक जाम कम होने से प्रदूषण में भी कमी आएगी.वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि वर्ष 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से देशभर, विशेषकर दिल्ली-एनसीआर में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है. देहरादून पहुंचने में ढाई घंटे का ही लगेगा वक्तकार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी शामिल हुए और अपनी खुशी जाहिर की. लक्ष्मी नगर के निवासी संजीव तिवारी ने कहा कि पहले देहरादून पहुंचने में 5-6 घंटे लगते थे, लेकिन अब यह दूरी मात्र ढाई घंटे में पूरी की जा सकेगी. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और सांसद हर्ष मल्होत्रा का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह ईस्ट दिल्ली के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात है. पुष्पा सिंह,जो ईस्ट दिल्ली की ही निवासी हैं, ने कहा कि इस एक्सप्रेसवे से समय की काफी बचत होगी और यात्रा अधिक आरामदायक बनेगी. उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में इस परियोजना को हरिद्वार तक भी जोड़ा जाएगा, जिससे लोग मात्र दो घंटे में हरिद्वार पहुंच सकेंगे. इस क्षेत्र को मेरठ हाईवे और देहरादून हाईवे, दोनों का लाभ मिला है.



**अंबेडकर जयंती पर याद किए गए बाबा साहेब, राज्यपाल और सीएम ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन**

# बाबा साहेब के विचार बने रहेंगे प्रासंगिक : सीएम हेमंत सोरेन

**झारखण्ड उजाला संवाददाता**

**रांची।** संविधान निमार्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को पूरा देश याद कर रहा है. इस मौके पर राजधानी रांची के डोरंडा स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर सुबह से ही श्रद्धा सुमन अर्पित करने वाले लोगों का तांता लगा. इस मौके पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया.

**उनके योगदान को दुनिया ने सराहा: राज्यपाल**

इस दौरान मुख्यमंत्री की पत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन भी मौजूद रहीं. इस अवसर पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब के योगदान को ना केवल देश बल्कि दुनिया ने सराहा है, आज उनकी जयंती है, हम सभी उन्हें नमन करते हैं.

**उनके विचार बने रहेंगे प्रासंगिक: सीएम हेमंत सोरेन**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को याद करते हुए कहा कि उनके विचार हमेशा प्रासंगिक बने रहेंगे. निश्चित रुप से वे हमेशा याद किये जाते रहेंगे. उन्होंने कहा कि आज का यह शुभ दिन भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के लिए गौरव का क्षण है. देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को हुए लगभग 135 साल हो गए और कहीं ना कहीं बाबा भीमराव अंबेडकर का जो योगदान है, वो योगदान किसी से नहीं छिपा है और ना छिपेगा. शायद इनके द्वारा संविधान की रचना को पूरी दुनिया सलाम करती है. सीएम ने आगे कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जैसे सपूत हमें मिले हैं और इससे पूरे देश का नाम ऊंचा हुआ है. देश के लोग उनके योगदान को जब तक दुनिया है सदैव याद रखेंगे.



**सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र के लोगों का लगा रहा तांता**

अंबेडकर जयंती के मौके पर डोरंडा स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों का तांता लगा रहा. बाबा साहेब अमर रहे के नारे लगते रहे और लोग बारी-बारी से उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते रहे. राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया. वहीं बीजेपी के कई नेता श्रद्धांजलि अर्पित करते देखे गए. नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू सहित कई बड़े चेहरे बाबा साहेब को याद कर उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित किए.

## सीएम हेमंत सोरेन ने तपोवन मंदिर में की पूजा-अर्चना

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने मंगलवार को रांची के निवारणपुर स्थित श्री राम जानकी तपोवन मंदिर में पूजा-अर्चना की. इस दौरान उन्होंने राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली और उन्नति की कामना की. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंदिर के निर्माण और सौंदर्यीकरण कार्य से जुड़े सभी पहलुओं की विस्तार से जानकारी ली. उन्होंने कहा कि श्री राम जानकी तपोवन मंदिर न केवल आस्था का प्रमुख केंद्र है, बल्कि रांची की एक महत्वपूर्ण ऐतिहासिक धरोहर भी है. उन्होंने स्पष्ट किया कि मंदिर के रिनोवेशन और ब्यूटीफिकेशन का कार्य बड़े स्तर पर चल रहा है और इसमें राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि मंदिर को भव्य और आकर्षक रूप देने के साथ-साथ श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा. यहां आने वाले लोगों के लिए बेहतर व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु यहां सहज और सुविधाजनक तरीके से दर्शन कर सकें. इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन ने भी मंदिर के विकास कार्यों की सराहना की. उन्होंने कहा कि यह स्थल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है. उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद यह मंदिर और अधिक आकर्षण का केंद्र बनेगा.

## आज का विचार

झारखण्ड उजाला



मोहम्मद शोएब खान
सामाजिक कार्यकर्ता

अनुमान गलत हो सकता है मगर अनुभव नहीं, क्योंकि अनुमान हमारी कल्पना से आती है और अनुभव हमें अपनी सीख से मिलती है।

## सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,36,500
चांदी (प्रति किलो) : 2,50,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

## शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 76,847.57
निफ्टी :- 23,842.65

## मौसम

अधिकतम तापमान : 35 °
न्यूनतम तापमान : 22 °

## सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:27
संध्या :- 18:10

## आज का इतिहास

आज ही के दिन 1912 को प्रसिद्ध जहाज टाइटैनिक अपनी पहली ही यात्रा के दौरान अटलांटिक महासागर में एक हिमशिला (iceberg) से टकराकर डूब गया।

## संक्षिप्त समाचार

### हैदराबाद से इलाज करा 5 साल बाद झारखंड लौटे पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो, एयरपोर्ट पर स्वागत

**रांची।** सिंदरी के पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो करीब पांच साल बाद झारखंड लौटे. उन्हें हैदराबाद से एयरलिफ्ट कर रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट लाया गया, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया. इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, मंत्री संजय सेठ, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और रांची की मेयर रोशनी खालको सहित कई प्रमुख नेता मौजूद रहे. बताया जाता है कि वर्ष 2021 में कोरोना संक्रमण के बाद इंद्रजीत महतो की तबीयत काफी खराब हो गई थी. इसके बाद उन्हें इलाज के लिए हैदराबाद में भर्ती कराया गया, जहां लंबे समय तक उनका उपचार चला. करीब पांच साल तक इलाज के बाद अब उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है. डॉक्टरों की निगरानी में उन्हें रांची लाया गया है. जानकारी के अनुसार आगे के इलाज के लिए उन्हें बोकारो के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जाएगा, जहां विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में उनका इलाज जारी रहेगा.

### गर्भवती महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रांची।** राजधानी रांची के लोअर बाजार थाना क्षेत्र में गर्भवती महिला ने आत्महत्या कर ली है. बताया जाता है कि महिला 8 महीने की गर्भवती थी. महिला ने मंगलवार को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. मृतक महिला का नाम पूजा कुमारी है. सोमवार रात को दूध को लेकर सास और बहु के बीच बहस हुई थी. जिसके बाद मामले को शांत कराया गया था. उसके बाद आज महिला ने आत्महत्या कर ली है. मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है. इस मामले को लेकर सिटी डीएसपी ने बताया कि पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुटी हुई है. आत्महत्या के पीछे की सही जानकारी अभी सामने नहीं आई है. मृतक महिला के परिवारवालों से पूछताछ की जा रही है.










# पी वी यू एन एल पतरातु में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के 135 वीं जयंती समारोह का आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातू:** मंगलवार को पी वी यू एन एल पतरातु के नेताजी सुभाष चंद्र बोस सभागार में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि ए के सहगल मुख्य कार्यकारी अधिकारी पीवीयूएनएल, विशिष्ट अतिथि मनोज अगारिया प्रदेश अध्यक्ष झारखंड आदिम जनजाति विकास समिति, रेनू सहगल अध्यक्ष स्वर्णरेखा महिला समिति तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पण करके किया गया। कार्यक्रम में कस्तूरबा विद्यालय पतरातु के 35 बालिकाओं ने भी भाग लिया,





कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के लिए बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जीवनी से संबंधित प्रश्नों पर एक क्विज का आयोजन किया गया तथा कार्यक्रम के अंत में क्विज के विजेता को मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथि द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि मनोज अगरिया ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवनी, उनके जीवन संघर्षों तथा उनके आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ए के सहगल, सीईओ पी वी यू एन एल ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर से प्रेरणा लेकर हमें भी समाज के जरूरतमंद लोगों के सेवा के लिए तत्पर रहने को प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रेनू सहगल, अध्यक्ष स्वर्ण रेखा महिला समिति, ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी के समानता के अधिकार तथा महिलाओं के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए कस्तूरबा विद्यालय के उपस्थित बालिकाओं को अपनी पढ़ाई पूरी करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम को विवेकानंद, अपर महाप्रबंधक, अनमोल खलखो उप महाप्रबंधक तथा राजेश डूंगडूंग उप महाप्रबंधक ने संबोधित करते हुए बाबा साहब के राष्ट्र के प्रति योगदान को याद किया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक प्रचलन तथा अनुरक्षण, महाप्रबंधक प्रोजेक्ट, महाप्रबंधक प्रचलन, महाप्रबंधक अनुरक्षण, मानव संसाधन प्रमुख, विभिन्न विभाग के अध्यक्ष तथा स्वर्ण रेखा महिला समिति के वरिष्ठ सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में कस्तूरबा विद्यालय पतरातु के सभी 35 बालिकाओं को स्कूल बैग तथा स्टडी किट प्रदान किया गया।

## पतरातु में धूम धाम से मनाया गया अम्बेडकर जयंती



**रामगढ़/गोला।** गोला थाना क्षेत्र के बेटूलकलां पंचायत के पतरातु में रळ/रउ क्लब द्वारा भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े ही धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से आजसू अनुसूचित जाति महासभा के गोला प्रखंड अध्यक्ष विशु रजवार, कार्यकारी अध्यक्ष निरज नायक एवं युवा नेता मंजित भोक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों की सराहनीय भागीदारी रही। इस अवसर पर विशु रजवार ने ग्रामीणों को संबोधित में डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और आदर्शों पर प्रकाश डाला तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का जीवन हमें समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

## जो शिक्षा की बात करेगा वही अंबेडकर का सच्चा सिपाही होगा जय प्रकाश शर्मा



झारखंड मुक्ति मोर्चा नेता जय प्रकाश शर्मा ने डॉ भीमराव अंबेडकर के 135 वें जन्मदिवस पर समाहरणालय स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब जी के सपनो का भारत कब बनेगा? हर कोई उनकी बात करता है लेकिन उनकी सोच उनके विचार को कोई नहीं अपनाता। भीम राव आंबेडकर ने शिक्षा की बात की उन्होंने कहा ₹शिक्षा शेरनी का दूध है जो पियेगा वो दहाड़ेगा₹ ₹पैरों में चप्पल मत पहनो लेकिन हाथों में किताब रखो₹ उनका पूरा जीवन किताबों में ही गुजरा तब वो महान बनें। शायद बहुतों को जानकारी ना हों उनके पास 50 हजार से ज्यादा किताबों का संग्रह था। दिन रात वो पढ़ा करते थे। लेकिन अभी क्या हो रहा है। भाजपा सरकार के द्वारा षडयंत्र के तहत वर्तमान में देश में करीब एक लाख सरकारी विद्यालय बंद किए गए और ये बताने कि मुझे जरूरत नहीं कि इससे सबसे ज्यादा प्रभावित दलित, आदिवासी, गरीब और पिछड़े समाज के बच्चों हो रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था चौपट करने से क्या कोई और दूसरा भीम राव मिल पाएगा भारत को? उन्होंने हमेशा समानता की बात की सामाजिक एकता की बात की लेकिन वर्तमान समय में पूरा देश जाती, धर्म, क्षेत्रवाद,भाषावाद में विखंडित हो रहा है टूट रहा है। उन्होंने एक ऐसे भारत की कल्पना की थी जहां अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी वो अधिकार और सम्मान प्राप्त हो जो एक प्रधानमंत्री को मिलता हो। क्या मिल पा रहा है? भ्रष्ट तंत्र सिर्फ पैसे की भाषा पहचान रहा है, एक साधारण नागरिक अपना कोई काम नहीं करा पा रहा है। अफसोस उनके आदर्शो का हम पालन नहीं कर रहे।आंबेडकर सिर्फ एक व्यक्ति या नाम नहीं ये एक क्रांति है एक विचार है जिसको आत्मसात करके ही भारत विकसित और विश्वगुरु बन सकता है सिर्फ खोखलेबाजी बयानों और भाषणों से नहीं।

## राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस/ सप्ताह का आयोजन



**पतरातू:** अप्रैल को राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाया गया, जो वर्ष 1944 में हुए ऐतिहासिक बॉम्बे डॉक विस्फोट में शहीद हुए वीर अग्निशमन कर्मियों की स्मृति में आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम की शुरूआत फायर सर्विस ध्वज के ध्वजारोहण से हुई, जिसके पश्चात जिंदल स्टील, पतरातू में महाप्रबंधक सह फैक्ट्री प्रबंधक संतोष कुमार एवं विभागाध्यक्षों के साथ सभी कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।हम उन सभी वीरों को अपनी भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने दूसरों की सुरक्षा एवं संरक्षण हेतु अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका साहस, समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठा हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर, राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह 2026 की थीम: सुरक्षित स्कूल, सुरक्षित अस्पताल एवं अग्नि सुरक्षा जागरूक समाज - अग्नि रोकथाम के लिए एक साथ के अनुरूप विभिन्न गतिविधियों की शुरूआत की गई। आसपास के स्कूलों, अस्पतालों एवं आवासीय क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं तथा ये 20 अप्रैल 2026 तक जारी रहेंगे। ऐसे प्रयास वीर अग्निशमन कर्मियों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि हैं।अग्नि दुर्घटनाएँ एक छोटी सी चूक से हो सकती हैं, किंतु उनकी रोकथाम हमारी सजगता एवं अनुशासन से संभव है। हमें सदैव सुरक्षा नियमों का पालन करना चाहिए, अग्निशमन उपकरणों की जानकारी रखनी चाहिए तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी प्रतिक्रिया के लिए तैयार रहना चाहिए। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने कार्यस्थल एवं समाज में सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे तथा ह्लीश्ङ्क ल्ंश्ह्व के लक्ष्य को प्राप्त करने में अपना पूर्ण योगदान देंगे।इस अवसर पर एच आर प्रमुख मीनू सिंह,आर डी शर्मा, रूपेश कुमार, अशोक कुमार सिंह, अंबुज महतो, रत्नेश कुमार, सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू थर्मल में डॉ. अंबेडकर और महान गणितज्ञ आर्यभट्ट की जयंती धूमधाम से मनाई गई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातू:** मंगलवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातू थर्मल के प्रांगण में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती और महान भारतीय खगोलशास्त्री व गणितज्ञ आर्यभट्ट जयंती का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ज्ञान, सामाजिक समरसता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण का एक अनूठा संगम रहा।

समारोह की शुरूआत विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार पाठक के द्वारा दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ हुई। उन्होंने अपने संबोधन में दोनों महान विभूतियों के जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को उनके पदचिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया।

**मार्गदर्शन एवं संचालन**



इस जयंती कार्यक्रम का कुशल नेतृत्व वरिष्ठ आचार्य उदय कुमार मिश्रा और सुमन दीदी ने किया। उदय कुमार मिश्रा ने आज के दिन की महत्ता बताते हुए दोनों महापुरुषों का परिचय दिया और बताया कि कैसे एक ओर बाबा साहेब ने समाज को नई दिशा दी, तो दूसरी ओर आर्यभट्ट ने भारतीय विज्ञान को वैश्विक पहचान दिलाई।

**विद्यार्थियों की सहभागिता**

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के भैया-बहनों ने अत्यंत प्रभावशाली भाषण दिए। विद्यार्थियों ने अपने वक्तव्यों के माध्यम से डॉ. अंबेडकर के संविधान निर्माण में योगदान और उनके संघर्षपूर्ण जीवन की गाथा को जीवंत कर दिया।

**गणित और खगोल विज्ञान पर विशेष चर्चा**

विशेष सत्र में विद्यालय के गणित आचार्य चंदन कुमार ने महान गणितज्ञ आर्यभट्ट जी के विषय में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे आर्यभट्ट ने शून्य की महत्ता और खगोल विज्ञान के जटिल सिद्धांतों को दुनिया के सामने रखा, जिससे उपस्थित सभी छात्र गौरवान्वित महसूस करने लगे। कार्यक्रम का सफल समापन सुमन दीदी के धन्यवाद ज्ञापन और निष्कर्ष भाषण के साथ हुआ। उन्होंने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम को पूर्णता प्रदान की।

## रामगढ़ विधायक ममता देवी ने किया फीता काटकर छौ नृत्य का शुभारंभ



**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के सोनडिमरा में मंडा में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ममता देवी शामिल हुईं। भव्य मंडा परब कार्यक्रम में शामिल होने पर पूजा समिति द्वारा विधायक को अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक ममता देवी ने बाबा भोलेनाथ एवं माता पार्वती का दर्शन कर आशीर्वाद ली तथा गांव में सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। भोक्ता परब में छऊ नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ विधिवत फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि मंडा परब बहुत ही अटूट आस्था का परब है। शिव भक्ति भोलेनाथ और माता पार्वती की आराधना कर नंगे पाव दहकते अंगरों में चलकर भक्ति को देखते है जो धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी परंपराओं की पहचान हैं। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारा,प्रेम और सद्भाव को मजबूत करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने अवसर मिलता है। मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज कोटवार, बीस सूत्री सदस्य गौरी शंकर महतो, प्रदीप महतो, कमिटी के ठाकुरदास महतो, लक्ष्मी महतो, कृष्णा महतो मंटू महतो, सुनील महतो, किशोर महतो, भादरू महतो, महाप्रसाद बेदिया, सुरेश करमाली, गुडू करमाली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कुख्यात राहुल दुबे गैंग के दो गुर्गों को पुलिस ने दबोचा



**रामगढ़।** रामगढ़ की पतरातू पुलिस ने राहुल दुबे गैंग को तीखी चोट दी है। पुलिस ने गैंग के दो एक्टिव गुर्गों को दबोचा है। गिरफ्तार गुर्गों के नाम करण करमाली और शिवम मिश्रा उर्फ नंदू बताये गये। दोनों के पास पुलिस ने 7.65 एमएम का लोडेड देशी पिस्टल, 9 एमएम की लोडेड देशी कारबाइन और 9 पीस जिंदा गोलियां जब्त की है। दोनों किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में थे। इस बात का खुलासा रामगढ़ के पुलिस कप्तान अजय कुमार ने मीडिया के सामने किया।

**कैसे मिली सूचना और क्या हुआ आगे**

एसपी अजय कुमार ने मीडिया को बताया कि बीते 13 अप्रैल की रात करीब साढ़े आठ बजे सूचना मिली कि हेसला इलाके में कुछ अपराधी अवैध हथियार के साथ घूम रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पतरातू के SDPO सह ASP गौरव गोस्वामी के नेतृत्व में एक विशेष टीम बनाई गई। इसके बाद पूरे इलाके में सघन चेकिंग शुरू कर दी गई। चेकिंग के दौरान हेसला स्थित टाइप-2 काली मंदिर मैदान के पास एक बाइक पर सवार दो युवकों को रोका गया। पूछताछ में उनकी पहचान करण करमाली और शिवम मिश्रा उर्फ नंदू के रूप में हुई। तलाशी लेने पर पुलिस भी चौंक गयी।

**तलाशी में मिले खतरनाक हथियार**

पुलिस ने करण करमाली के पास से 7.65 एमएम का लोडेड देशी पिस्टल और तीन जिंदा गोलियां बरामद कीं। वहीं बाइक के कैरियर में टंगे बैग से 9 एमएम की लोडेड देशी कारबाइन और दो जिंदा गोलियां मिलीं। पुलिस ने हथियार, गोलियां सहित बाइक को भी जब्त कर लिया।

**पूछताछ में बड़ा खुलासा**

पकड़े गए दोनों आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे राहुल दुबे गैंग के लिए काम करते हैं। उन्होंने यह भी कबूल किया कि बीते 4 अप्रैल को पतरातू स्थित ओसम डेयरी प्लांट में हुई फायरिंग की घटना में भी उनका हाथ था। पुलिस के मुताबिक, दोनों किसी नई बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। इस पूरे मामले में पतरातू थाना में केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस अब इस गैंग के अन्य सदस्यों की तलाश में जुट गई है।

**कई थानों की टीम ने मिलकर की कार्रवाई**

इस ऑपरेशन में पतरातू, भदानीनगर, भुरकुंडा, गोला, बासल और बरकाकाना थाना समेत कई थानों की पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस धिकारियों का कहना है कि इलाके में अपराध पर लगाम लगाने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## सांकुल में धूमधाम से मनाई गई संविधान निमार्ता की जयंती

**निकाली गई शोभा-यात्रा**



**पतरातू:** सांकुल गांव के अम्बेडकर भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती धूमधाम व श्रद्धा से मनाई गई। इसके पूर्व पंचायत मुखिया सुमन भारती, पंचायत समिति सदस्य अंजू कुमारी, वार्ड सदस्य रेखा देवी सहित सैकड़ों ग्रामीणों के द्वारा बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धा- सुमन अर्पित कर उनके संघर्ष,त्याग और विचारधारा को याद किया गया। इसके बाद ग्रामीणों द्वारा शोभा-यात्रा निकाली गईं। यह शोभा यात्रा अम्बेडकर नगर से पंचायत मुख्यालय समीप डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा- सुमन अर्पित करते हुए, शोभायात्रा पतरातू ब्लॉक मोड होते हुए शहीद भगत सिंह चौक और खैर मांझी से पुणः सांकुल गांव वापसी किये। मौके पर सुनील राम, झूबर राम धनेश्वर राम कैलाश राम राजू राम राजकुमार राम संजोत राम राम कुमार राम विश्वनाथ राम वासुदेव राम परमानंद राजीव अनिल राम बबलू राम बिदेश राम अनिल राम विक्रम राम गायत्री देवी रेखा देवी सुमन देवी कोमल देवी रूपा देवी धानमती देवी रेशमी देवी कलावती देवी,अंजू देवी पूनम देवी संगीता देवी रेणु देवी रुपलता देवी आदि सैकड़ों महिला-पूरूष शामिल थे।

## पतरातू में विधायक ने मनाया बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती, बाबा साहेब के जीवनी पर डाला प्रकाश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातू:** मंगलवार को ग्राम पंचायत कटिया बस्ती के पंचायत भवन और पीटीपीएस अंबेडकर मैदान में भारत रत्न एवं संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के विधायक रोशनलाल चौधरी उपस्थित होकर भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चरणों में पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा युवा नेता सह मुखिया किशोर कुमार महतो एवं संचालन भाजपा युवा मोर्चा पतरातू मंडल के अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में



हुआ था। उन्होंने अपने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया, क्योंकि उस समय समाज में जाति के आधार पर भेदभाव बहुत अधिक था। लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी और शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। डॉ. आंबेडकर ने अपना पूरा जीवन समाज में समानता और न्याय के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने दलितों और वंचितों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया। उनके प्रयासों के कारण ही आज हमें समान अधिकार और स्वतंत्रता प्राप्त है। भाजपा युवा नेता सह मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि भारत के संविधान निर्माण में उनका योगदान अतुलनीय है। इसलिए उन्हें ₹संविधान के निमार्ता₹ के रूप में जाना जाता है। उन्होंने हमें सिखाया कि शिक्षा, संघर्ष और संगठन के माध्यम से हम किसी भी कठिनाई को पार कर सकते हैं।

**डॉ. आंबेडकर का एक प्रसिद्ध कथन है–**

₹शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। मुखिया ने कहा कि बाबा साहेब के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए और एक समान व न्यायपूर्ण समाज बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी राजकुमार पासवान संजय रजक गोविंद सोनी वार्ड सदस्य किरण कुमारी तेरुश देवी रणधीर कपूर गोविंद महतो शंभू प्रसाद वर्मा राजकुमार महतो सुनीता देवी तिलेश्वरी देवी रेखा देवी संगीता देवी गोविंद तिवारी गुड्डी देवी शाहरुख कुमार सुमित कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## नवोदय विद्यालय पतरातु में रीजनल कबड्डी मीट 2026- 27 का हुआ आगाज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पतरातू:** कबड्डी मीट का शुभारंभ बड़का गांव के विधायक रोशन लाल चौधरी ने किया, कहा : ऐसे मीट से बच्चों को मिलता है बेहतरीन प्लेटफार्म मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय पतरातु रामगढ़ में रीजनल कबड्डी मीट 2026-27 का आगाज हुआ। जिसमें तीन क्लस्टर ने भाग लिया। पहले पटना (बिहार)कलेक्टर दूसरा रांची (झारखंड) क्लस्टर तीसरा वर्धमान(पश्चिम बंगाल)क्लस्टर। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी तथा विशिष्ट तिथि मुखिया किशोर कुमार महतो के द्वारा भारत रत्न एवं संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर तथा पटना जोन के फ्लैग फराह कर एवं दीप




प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नवोदय विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य रवि शंकर प्रसाद तथा संचालन जसवंत कुमार और पी टी मैडम सुनीता कुजूर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि यह हम सबों के लिए सौभाग्य की बात है कि रीजनल कबड्डी मीट 2026-27 हमारे रामगढ़ जिला के पतरातू जवाहर नवोदय विद्यालय में हो रहा है। यह खेल होने से छात्रों में खेल प्रतिभा को बढ़ाना अनुशासन और टीमवर्क सीखने को मिलता है। अच्छे खिलाड़ियों को नेशनल लेवल तक पहुँचने मौका मिलता है। उन्होंने कहा कि जवाहर नवोदय विद्यालय (JNV) के अंतर्गत होने वाली क्षेत्रीय (Regional) स्तर की कबड्डी प्रतियोगिता, जिसमें पटना रीजन के सभी नवोदय विद्यालय भाग लेते हैं। पहले क्लस्टर/डिस्ट्रिक्ट लेवल पर चयन होता है फिर विजेता टीम रीजनल (पटना जोन) स्तर पर खेलती है। जो टीम यहाँ जीतती है, वह आगे नेशनल लेवल (NVS National Meet) में जाती है। पटना क्षेत्र के नवोदय विद्यालयों की कबड्डी प्रतियोगिता, जो नेशनल स्तर तक जाने का दूसरा बड़ा चरण होता है। यह मीट दिनांक 14,15 और 16 तक 3 दिन चलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड सदस्य किरण देवी तेरुश देवी अमित कुमार सिंह गणेश कुमार ठाकुर मनीष कुमार गोविंद महतो पारिजात कुमारी पंकज महतो अशोक कुमार एवं शिक्षक में जितेंद्र पांडे विपिन कुमार अजीत कश्यप सुमित धानुका एसएन पांडेय भवान कुमारी दुर्गेश कुमारी जितेंद्र कुमार नंदलाल कुमार यादव प्रणीत भासले राजीव कुमार मीरा सिंहा सुरभि रानी संजीव कुमार इशरत आलम किशोर कुमार जयंती मेवा इंद्रजीत कुमार आलोक कुमार सुधा सिंह मनोज कुमार मिश्रा ममता कुमारी आदि शामिल थे।

## सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती; शिक्षा को बताया समाज परिवर्तन का आधार

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लोहरदगा:** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर में आज भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अत्यंत उत्साह और श्रद्धापूर्वक मनाई गई। विद्यालय परिसर में आयोजित इस गरिमामय कार्यक्रम के माध्यम से भैया-बहनों को बाबा साहेब के जीवन संघर्षों और उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री कृपा सिंह जी (वनवासी कल्याण आश्रम) द्वारा दीप प्रज्वलन एवं माता सरस्वती की वंदना के साथ किया गया। विद्यालय के आचार्य अशोक सिंह, महेंद्र मिश्रा एवं प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने भैया-बहनों को संबोधित करते हुए बाबा साहेब के जीवन चरित्र पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बाबा साहेब के उस कालजयी सूत्र वाक्य को दोहराया जिसमें उन्होंने कहा था– ₹शिक्षा शेरनी का वह दूध है, जो इसे पियेगा वह निश्चित रूप से दहाड़ेगा।₹ वक्ताओं ने जोर दिया कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। मुख्य अतिथि श्री कृपा सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ. अंबेडकर बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने कहा, ₹अत्यंत अभावों और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद बाबा साहेब ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से न केवल सर्वोच्च शैक्षणिक सम्मान प्राप्त किया, बल्कि भारतीय संविधान की रचना कर राष्ट्र को एक नई दिशा दी। आज के विद्यार्थियों को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए और विपरीत परिस्थितियों में भी लक्ष्य के प्रति अडिग रहना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, सभी आचार्य बंधु, भगिनी एवं कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर सभी ने सामूहिक रूप से बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने और राष्ट्र हित में समर्पित रहने का संकल्प लिया।

## भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी ) ने बाबा साहब को किया याद



**लोहरदगा:** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी ) लोहरदगा की ओर से बाबा भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मनायीं गयी । इस जयंती की प्रारम्भ भारत की संविधान की प्रस्तावना पढ़ के की गयी और सभी वामपंथी ने संविधान की रक्षा करने और उसे बचाने का संकल्प लिया इस अवसर जय भीम, इंकलाब जिंदाबाद, पूंजीवाद का नाश हो, एमएसपी लागू करो, चार लेबर कोड रद्द करो, जी राम जी रद्द करो, सांप्रदायिक ताकतों का नाश हो आदि नारों का नारा लगाया । इस अवसर पर भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी ) लोहरदगा के सचिव जगदीश महतो, दिलीप कुमार वर्मा, चारो भगत,बच्चू नारायण सिंह, धनंजय लाल शाहदेव,नागेंद्र कुमार वर्मा, गोपाल महतो, दिलमुनी कुजूर,राजकुमार टोप्पो, जगलाल उराँव आदि मौजूद थे।

# व्हाट्सएप पर भेजे गए थे एजेंसी से चोरी किए प्रश्न पत्र, प्रत्येक अभ्यर्थियों से एडवांस में लिए गए 3-3 लाख रुपए

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड उत्पाद सिपाही परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक मामले की जांच तेज कर दी गई है. मामले को लेकर रांची के तमाड़ थाने में दर्ज एफआईआर में भी कई खुलासे हुए हैं. रांची पुलिस ने तमाड़ थाना क्षेत्र के रड़गांव स्थित अर्धनिर्मित नर्सिंग कॉलेज से झारखंड उत्पाद सिपाही परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यार्थियों को प्रश्न पत्र याद करवाने एवं उन्हें परीक्षा में पास कराने के मामले में गिरफ्तार 166 लोगों को सोमवार को जेल भेज चुकी है. इसमें गिरोह के सरगना समेत अभ्यर्थी भी शामिल हैं.



### व्हाट्सएप पर आया था प्रश्न पत्र

मामले को लेकर रांची के तमाड़ थाने में दर्ज एफआईआर इस बड़े जालसाजी गिरोह के कारनामे की पोल खोल रही है. मामले में गिरफ्तार पटना निवासी विकास कुमार के पास से पुलिस ने दो मोबाइल फोन बरामद किया है. जिसमें व्हाट्सएप चेक करने पर प्रश्न पत्र मिला. पूछताछ में आरोपी विकास ने पुलिस को बताया कि उत्पाद सिपाही परीक्षा के प्रश्न पत्र संचालन एजेंसी से प्रश्न पत्र चोरी किए गए थे. चुनचुन नामक व्यक्ति ने उस प्रश्न पत्र को चोरी करने के बाद आरोपी विकास के व्हाट्सएप पर भेजा था. रड़गांव स्थित अर्धनिर्मित नर्सिंग कॉलेज में मौजूद अभ्यर्थियों को आरोपी उसी प्रश्न पत्र का उत्तर याद करवा रहा था.

### अभ्यार्थियों को लालच देकर लाए थे गिरोह के गुर्गे

रांची पुलिस की जांच में पता चला है कि आरोपी पटना निवासी चुनचुन, अभिषेक यादव, मुजफ्फरपुर के आदित्य सिंह, पटना के छोटू, फिरोज, रांची के बरियातू के विनोद कुमार, नवादा के कृष्णा कुमार अभ्यर्थियों को चिरौंदी के वृन्दावन कॉलोनी लाए थे. वहीं, रामगढ़ के मांडू निवासी आशीष कुमार, गुलाब यादव, योगेश यादव, अतुल वत्स एवं कई एजेंटों के संपर्क में रहे, जिसके माध्यम से अभ्यर्थियों को परीक्षा पास कराने का लालच देकर लाया गया था. पुलिस को आरोपियों के मोबाइल की जांच करने पर कई एडमिट कार्ड भी मिले हैं.

### प्रत्येक अभ्यर्थियों से 3-3 लाख रुपये लिया था एडवांस

पूछताछ में खुलासा हुआ था कि प्रत्येक अभ्यर्थियों से गिरोह के सरगना समेत अन्य गुर्गों ने तीन-तीन लाख रुपए एडवांस के तौर पर लिया था. जिसका जिक्र पुलिस ने अपने एफआईआर में भी किया है. सॉल्वर गैंग ने 159 अभ्यर्थियों से कुल 4.77 करोड़ रुपए एडवांस के तौर पर लिया था और प्रत्येक अभ्यर्थियों से दस लाख रुपए में सौदा तय हुआ था. अभ्यर्थियों और गिरोह के गुर्गों के बीच यह भी तय हुआ था कि प्रत्येक अभ्यर्थियों को शेष सात लाख रुपए पास होने के बाद उन्हें देना था.

### ठेकेदार और मालिक की मिलीभगत

पुलिस जांच और आरोपियों से पूछताछ में यह भी पता चला है कि इन अभ्यर्थियों को रड़गांव से सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित अर्धनिर्मित नर्सिंग कॉलेज में लाने के लिए वाहनों का भी इंतजाम किया गया था. सॉल्वर गैंग के साथ तमाड़ नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कर रहे ठेकेदार और मालिक की भी मिलीभगत है. ठेकेदार ने अर्धनिर्मित नर्सिंग कॉलेज में अभ्यर्थियों के ठहरने व खाने पीने की पूरी व्यवस्था की थी. इस एवज में गैंग में शामिल गुर्गों से मोटी रकम भी ली गई थी. पूछताछ में गिरफ्तार गैंग के गुर्गों ने यह भी बताया कि एक महीने पहले ही ठेकेदार और गैंग के बीच बातचीत हो चुकी थी. रांची पुलिस ने आरोपियों से अर्धनिर्मित नर्सिंग कॉलेज से जब्त की गई गई गाड़ियों के बारे में भी जानकारी ली.

# राज्यपाल गंगवार से मिलीं रांची विश्वविद्यालय की कुलपति, भारतीय ज्ञान परंपरा पर पुस्तकों की भेंट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा ने झारखंड के राज्यपाल सह कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से लोकभवन में सादर शिष्टाचार भेंट की. यह मुलाकात शैक्षणिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसमें उच्च शिक्षा के विविध आयामों पर सकारात्मक चर्चा हुई.

### कई अहम जानकारियों से कराया गया अवगत

इस अवसर पर प्रो. सरोज शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा एवं प्राचीन भारतीय विज्ञान विषय पर अपनी लिखित पुस्तकों की प्रतियां को विनम्रतापूर्वक भेंट कीं. उन्होंने बताया कि इन पुस्तकों में भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत, प्राचीन वैज्ञानिक उपलब्धियों और पारंपरिक ज्ञान की व्यापक व्याख्या की गई है, जो आज के आधुनिक शिक्षा तंत्र में भी प्रासंगिक है. कुलपति ने इस दौरान विश्वविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक सुधार, अनुसंधान गतिविधियों और नई शिक्षा नीति के तहत किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी. उन्होंने कहा कि रांची विश्वविद्यालय भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम में शामिल करने और छात्रों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने की दिशा में लगातार काम कर रहा है.

### भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने की जरूरत: राज्यपाल

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने प्रो. शर्मा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है. उन्होंने विश्वविद्यालयों को इस दिशा में और सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया, ताकि युवा पीढ़ी अपनी विरासत से परिचित हो सके और उसे आगे बढ़ा सके. इस मुलाकात के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, नवाचार, शोध को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों के समग्र विकास से जुड़े मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया गया. राज्यपाल ने विश्वविद्यालय प्रशासन को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया. यह शिष्टाचार भेंट न केवल औपचारिक रही, बल्कि इसमें शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य की संभावनाओं और दिशा को लेकर सार्थक संवाद भी देखने को मिला.

# अग्नि सेवा सप्ताह : महानिदेशक एमएस भाटिया ने आग से बचाव को लेकर लोगों से सावधानी बरतने की अपील की

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** अग्नि सेवा सप्ताह के अवसर पर झारखंड गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महानिदेशक एम.एस. भाटिया ने स्कूलों, अस्पतालों और आम नागरिकों से आग से बचाव को लेकर सतर्क रहने की अपील की है. उन्होंने कहा कि हर वर्ष आगजनी की घटनाओं से भारी जन-धन की हानि होती है, जिसे जागरूकता और उचित सुरक्षा उपाय अपनाकर काफी हद तक रोका जा सकता है. उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक Safe School, Safe Hospital & Fire Safety Aware Society – Together for Fire Prevention थीम के तहत पूरे राज्य में अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान का उद्देश्य सुरक्षित विद्यालय, सुरक्षित अस्पताल और जागरूक समाज के माध्यम से आग की घटनाओं को रोकना है.



### अस्पतालों के लिए विशेष दिशा-निर्देश

महानिदेशक ने अस्पतालों और स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देश दिया कि अग्निशमन वाहनों के पहुंचने के लिए भवन के सामने कम से कम 12 मीटर चौड़ी खुली जगह उपलब्ध हो. प्रत्येक फ्लोर पर अग्निशमन यंत्र लगाए जाएं और उनकी नियमित जांच की जाए. आपातकालीन निकास मार्ग बाधामुक्त रहें तथा स्मोक डिटेक्टर और अलार्म सिस्टम चालू हालत में रखा जाए. उन्होंने कहा कि अस्पताल स्टाफ के लिए नियमित मॉक ड्रिल कराई जाए, बिजली के पैनल व भारी मशीनों का इलेक्ट्रिक ऑडिट कराया जाए और ऑक्सीजन सिलेंडर व ज्वलनशील पदार्थों को सुरक्षित स्थान पर रखा जाए. गंभीर मरीजों को सुरक्षित निकालने के लिए विशेष योजना और स्ट्रेचर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए. स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में हर मंजिल पर पर्याप्त अग्निशमन यंत्र रखने, फायर अलार्म व स्मोक डिटेक्टर लगाने और आपातकालीन निकास मार्ग स्पष्ट रखने पर जोर दिया गया. साल में कम से कम दो बार फायर ड्रिल कराने, स्वचालित स्प्रिंकलर सिस्टम लगाने और विद्युत व्यवस्था की नियमित जांच कराने को भी आवश्यक बताया गया. इसके अलावा प्रयोगशालाओं में ज्वलनशील पदार्थों का सुरक्षित भंडारण, तड़ित चालक की स्थापना और अग्निशमन वाहनों के लिए चौड़ी सड़क की उपलब्धता सुनिश्चित करने की अपील की गई. महानिदेशक ने आम लोगों से आईएसआई प्रमाणित उपकरणों का उपयोग करने, एक सॉकेट में एक ही उपकरण लगाने, खराब वायरिंग को तुरंत बदलने और घर से बाहर जाते समय मेन स्विच बंद करने की सलाह दी.

# अग्निशमन सेवा सप्ताह : गृह रक्षा वाहिनी के डीजी ने राज्यपाल और सीएम को लगाया बैज





झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा के महानिदेशक एम.एस. भाटिया ने सीएम हेमंत सोरेन और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शिष्टाचार भेंट की. अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री और राज्यपाल को बैज लगाया. इस दौरान अग्निशमन सेवा के महत्व, आग से बचाव के उपायों और जागरूकता अभियान को लेकर चर्चा की गई. मुख्यमंत्री ने अग्निशमन कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि आपदा की घड़ी में उनकी तत्परता और सेवा भावना सराहनीय है. उन्होंने आम लोगों से भी आगजनी की घटनाओं से बचाव के लिए सावधानी बरतने और जागरूक रहने की अपील की. वहीं राज्यपाल ने अग्निशमन सेवाओं की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में अग्निशमन कर्मियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है. उन्होंने कहा कि ये कर्मी अपनी कर्तव्यनिष्ठा, साहस और तत्परता से जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित करने में अहम योगदान देते हैं. राज्यपाल ने अग्निशमन सेवा सप्ताह के माध्यम से आम लोगों में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की. साथ ही उन्होंने सभी नागरिकों से सुरक्षा उपायों के प्रति सजग रहने और आग से बचाव के नियमों का पालन करने का आह्वान किया.

# तमाड़ में कॉलेज को लेकर ग्रामीण एकजुट, थाना से सटे फार्म पर ही बने कॉलेज

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र में प्रस्तावित मॉडल महाविद्यालय के शीघ्र निर्माण एवं उपयुक्त स्थान चयन को लेकर तमाड़ राधारानी मंदिर प्रांगण में व्यापारी वर्गों एवं बुद्धिजीवियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ व्यवसायी भरत लाल साहू ने की। बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि महाविद्यालय का निर्माण तमाड़ थाना से सटे कृषि विभाग की भूमि (फार्म) में ही किया जाए। उपस्थित जनसमूह ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस स्थान के अतिरिक्त अन्य किसी भी स्थान पर महाविद्यालय की स्थापना तमाड़वासियों को स्वीकार नहीं होगी। थाना से सटे होने के कारण यह स्थान पूरी तरह सुरक्षित है। साथ ही यह भूमि तमाड़-खूंटी रोड पर स्थित है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग से मात्र 800 मीटर की दूरी पर है तथा रायडीह-तमाड़ पथ भी पीछे से जुड़ा हुआ है। इस प्रकार यह स्थान पूरे प्रखंड का केंद्रीय बिंदु है, जहां सभी गांवों और पंचायतों के विद्यार्थी आसानी से पहुंच सकेंगे। ग्रामीणों एवं बुद्धिजीवियों ने प्रशासन द्वारा किसी दुर्गम स्थल के चयन के प्रयास पर कड़ा असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रशासनिक दूरदर्शिता के अनुरूप नहीं है और इसे हर हाल में रोका जाएगा। इस बैठक में तमाड़ के सैकड़ों व्यापारी, बुद्धिजीवी एवं ग्रामीण उपस्थित थे। बैठक में भरत लाल साहू, दिनेश स्वर्णकार, पिंकू साहू, सुरेश गुप्ता, अमित सिन्हा, सुजीत साहू, अरविंद साहू, संजय डॉन गुप्ता, रमेश कुमार मुंडा, नंदा नायक, अनिमा मल्लिक, पंकज मल्लिक, श्रवन भगत, सौमिक हल्दार, सूरज सोनी, डॉ. दुगार्दास मोदक, अशोक गोस्वामी, पप्पू गोराई, चंदन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# इंडियन बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी बिनोद कुमार का झारखंड दौरा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** भगवान बिरसा मुंडा की पावन धरती झारखंड में श्री बिनोद कुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, इंडियन बैंक दौरे पर है। अपने झारखंड दौरे के दौरान दिनांक 15 अप्रैल 2026 को वे राज्य सरकार कर्मचारियों के वेतन खाता पैकेज एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के कर्मचारियों के लिए एचआरआईएस और वेतन खाता पैकेज हेतु इंडियन बैंक के मध्य समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) हस्ताक्षर समारोह में भाग लेंगे। इसके अलावा श्री बिनोद कुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी के कर कमलों से सिंह मोड़, राँची शाखा के नए परिसर का उद्घाटन भी किया जाएगा। 1994 में अपने बैंकिंग करियर की शुरूआत करने वाले श्री कुमार के पास 30 से अधिक वर्षों का व्यापक और वैविध्यपूर्ण बैंकिंग अनुभव है।



शाखा और प्रशासनिक कार्यालय परिचालन, जोखिम प्रबंधन और कार्पोरेट क्रेडिट आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता है। इंडियन बैंक पूरे भारतवर्ष में गुणवत्ता एमएसएमई ऋण, खुदरा ऋण एवं कृषि ऋण का वित्तपोषण कर रहा है और अपने डिजिटल उत्पादों के माध्यम से सभी ग्राहकों के लिए डिजिटल सेवाएँ प्रदान कर रहा है। झारखंड के औद्योगिक विकास हेतु इंडियन बैंक प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में श्री बिनोद कुमार, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने वित्तीय परिदृश्य विकसित करने हेतु चार प्रमुख स्तंभों पर विशेष जोर दिया है.

# पेंशन लाभ मामले में हाईकोर्ट सख्त, लोक अदालत के आदेश को बताया अंतिम और बाध्यकारी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने पेंशन लाभ से जुड़े एक महत्वपूर्ण मामले में राज्य सरकार को कड़ी फटकार लगाई है. चीफ जस्टिस एमएस सोनक और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने स्पष्ट कहा कि लोक अदालत का आदेश अंतिम और बाध्यकारी होता है, जिसे किसी भी स्थिति में टाला नहीं जा सकता. कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह चार सप्ताह के भीतर राष्ट्रीय लोक अदालत के आदेश को लागू करे.




### देरी पर जताई नाराजगी, ब्याज के साथ भुगतान का आदेश

खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि 13 जुलाई 2024 को दिए गए लोक अदालत के आदेश को लागू करने में जानबूझकर देरी की गई है. इस लापरवाही को गंभीर मानते हुए कोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिकाकताओं को देय राशि का भुगतान छह प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ किया जाए. यह ब्याज निर्णय की तिथि से लेकर भुगतान की तिथि तक लागू रहेगा.

### तकनीकी आधार पर आदेश टालना अनुचित

अदालत ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि तकनीकी आधार पर लोक अदालत के आदेश को टालना पूरी तरह अनुचित है. राज्य सरकार और संबंधित विभागों को यह समझना होगा कि न्यायिक आदेशों का सम्मान करना उनका दायित्व है. कोर्ट ने कहा कि इस तरह की लापरवाही न्याय व्यवस्था की भावना के खिलाफ है.

### गरीब और वृद्ध कर्मचारियों को झेलनी पड़ी परेशानी

खंडपीठ ने यह भी कहा कि इस मामले में याचिकाकर्ता गरीब और वृद्ध कर्मचारी हैं, जिन्हें फैसले का लाभ न मिलने के कारण गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा. अदालत ने कहा कि एक वर्ष और नौ महीने से अधिक समय तक इन कर्मचारियों को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया, जो बेहद चिंताजनक है.

### राज्य सरकार की जिम्मेदारी पर जोर

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि राज्य प्राधिकरण होने के नाते सरकार का दायित्व है कि वह निष्पक्ष और उचित तरीके से कार्य करे. विशेष रूप से जब मामला आम नागरिकों से जुड़ा हो, तो सरकार को अधिक संवेदनशील और जिम्मेदार रवैया अपनाना चाहिए. अदालत ने कहा कि तकनीकी आपत्तियों के सहारे आदेश का पालन टालना निंदनीय है. यह पूरा मामला लघु सिंचाई विभाग के कर्मियों से जुड़ा है, जिन्होंने अपनी सेवा की गणना प्रारंभिक नियुक्ति तिथि से करने की मांग की थी.

# बाबा साहेब के विचारों पर चलने का संकल्प, तमाड़ में मनाई गई डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तमाड़।** हरिजन बस्ती तमाड़ में मंगलवार को बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाया गया। सर्व प्रथम सभी उपस्थित महिला पुरुष कार्यकताओं ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित करते हुए एवं अगरबत्ती जलाकर नमन किया गया। इस दौरान विशेष रूप से उपस्थित भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुण्डा ने कहा कि बाबा साहेब संविधान निमार्ता के रूप में रहते हुए आदिवासी हरिजन के उत्थान के लिए विशेष कानून का प्रावधान किया। समाज के जो भी लोग बाबा साहेब के कहे और सुझाव दिए बातों को मानकर जीवन को आत्मसात किया वह आगे बढ़ रहा है। बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने कहा कि शिक्षित बनो आगे बढ़ो। नशा खोरी से बचो। स्वच्छता को अभियान के रूप में लेकर गंदगी को दूर भगाना है। सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हुए संगठित रहो। कार्यक्रम में बड़का मिर्धा, पिंटू मिर्धा, रोशन मिर्धा, गणेश मिर्धा, सागर मिर्धा, पुंडी देवी, आभा देवी, मीरा देवी, सहित कई महिला पुरुष शामिल थे।

# रांची विवि में 21 शिक्षकों की विदाई तय! कई विभागों पर मंडराएगा अकादमिक संकट

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सेवानिवृत्ति कैलेंडर जारी कर दिया है. कैलेंडर के अनुसार आगामी एक वर्ष के भीतर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर विभागों और विभिन्न एफिलेटेड कॉलेजों से कुल 21 शिक्षक सेवानिवृत्त होंगे. इससे कई महत्वपूर्ण विभागों में अनुभवी शिक्षकों की कमी महसूस की जा सकती है. कई पद खाली होने की संभावना है.




### मई से शुरू होगा सेवानिवृत्ति का सिलसिला

जारी सूची के मुताबिक, सेवानिवृत्ति का सिलसिला मई 2026 से शुरू होगा. मई माह में मांडर कॉलेज के वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक केशवरी प्रसाद शाही अपने कार्यकाल का समापन करेंगे. इसके बाद जून में विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर जूलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नयनी सक्सेना सेवानिवृत्त होंगी. जुलाई 2026 में तीन शिक्षकों की विदाई तय है. इनमें विश्वविद्यालय वाणिज्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अमर कुमार चौधरी, गृह विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ मंजु कुमारी और मारवाड़ी कॉलेज के संस्कृत विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ रंजु लाल शामिल हैं.

### अनुभव का खालीपन बढ़ाएगा चिंता

जूलॉजी, कॉमर्स, हिंदी, इतिहास और गृह विज्ञान जैसे प्रमुख विषयों से वरिष्ठ शिक्षकों का एक साथ रिटायर होना विश्वविद्यालय के लिए चुनौती बन सकता है. अगस्त 2026 में विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ प्रकाश कुमार झा और भूविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सीपी महतो सेवानिवृत्त होंगे. वहीं, अक्टूबर में वाणिज्य विभाग के विश्वविद्यालय प्रोफेसर डॉ सुदेश कुमार साहू भी अपने पद से विदा लेंगे.

### दिसंबर में एक साथ कई रिटायरमेंट

दिसंबर 2026 में सबसे अधिक शिक्षकों की सेवानिवृत्ति निर्धारित है. इस सूची में दर्शनशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अजय कुमार सिंह, पीपीके कॉलेज बुंडू के मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक सुबोध चंद्र शुक्ला, गृह विज्ञान विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ आशा कुमारी, कॉमर्स विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ रविकांत मेहता और जूलॉजी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ वंदना कुमारी शामिल हैं. इसके अलावा गृह विज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ प्रभा नाग भी इसी दौरान सेवा से मुक्त होंगी.

### नए साल में भी जारी रहेगा सिलसिला

जनवरी 2027 में विश्वविद्यालय के कई प्रमुख विभागों से शिक्षक रिटायर होंगे. इनमें हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ एचएन प्रसाद, भूगोल विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ जीतेंद्र शुक्ला, सहायक प्राध्यापक ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, मारवाड़ी कॉलेज की डॉ आशा ईएम टोप्पो, वाणिज्य विभाग के डॉ एमडी निजामुद्दीन जुबेरी और इतिहास विभाग की डॉ सुजाता सिंह शामिल हैं. फरवरी 2027 में केसीबी कॉलेज, बेड़ो के हिंदी विभाग के सहायक प्राध्यापक मोहम्मद अब्दुल अयूब भी सेवानिवृत्त होंगे. मारवाड़ी कॉलेज, पीपीके कॉलेज बुंडू और केसीबी कॉलेज बेड़ो जैसे एफिलेटेड कॉलेजों से भी वरिष्ठ शिक्षकों की विदाई तय है, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों और प्रशासनिक व्यवस्था पर असर पड़ सकता है.

# खबर का असर: तमाड़ रायडीह में बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट हुई चालू, लोगों में खुशी की लहर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तमाड़:** कुछ दिन पहले झारखंड उजाला अखबार में तमाड़ रायडीह स्थित एनएच-33 फ्लाईओवर किनारे बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को लेकर खबर प्रकाशित की गई थी। खबर सामने आने के बाद प्रशासन और विभागीय अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया। स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकताओं द्वारा लगातार इस समस्या को उठाया जा रहा था। वरिष्ठ कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह मुण्डा, महावीर सोनी, विवेक गुप्ता, समरेन्द्र मुखर्जी, कन्हाई पातर, तुलसी मुण्डा, उदय महतो सहित सामाजिक कार्यकर्ता नीतीश कुमार पांडेय, जगदीश गुप्ता आदि ने नाराजगी जताते हुए संबंधित विभाग और केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी तक अपनी बात पहुंचाई थी। लोगों की मांग और मीडिया में खबर को प्रमुखता मिलने के बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट को चालू करा दिया। अब ठल्ठ-33 फ्लाईओवर के किनारे फिर से रोशनी फैलने लगी है, जिससे राहगीरों और स्थानीय लोगों को काफी राहत मिली है। स्ट्रीट लाइट चालू होने पर स्थानीय लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और एनएचआई के पदाधिकारियों के प्रति आभार प्रकट किया है। लोगों का कहना है कि समय पर कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा और सुविधा दोनों में सुधार हुआ है।



# वाराणसी महाधिवेशन से लौटे प्रदेश अध्यक्ष प्रेम लाल मंडल का साहिबगंज में भव्य स्वागत, एकजुटता व शिक्षा पर दिया जोर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**साहिबगंज।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रेम लाल मंडल उर्फ मंटा मंडल के वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय महाधिवेशन से लौटने पर मंगलवार को साहिबगंज के उत्सव बैंक्वेट हॉल (जिला परिषद) में समाज के लोगों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सभा का आयोजन कर उन्हें फूल-मालाओं से सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष श्री मंडल ने वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय महाधिवेशन के प्रमुख निष्कर्षों और सामाजिक निर्णयों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, राजनीतिक जागरूकता और आपसी एकता बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि वाराणसी सम्मेलन में देशभर से आए कुर्मी समाज के प्रतिनिधियों ने समाज के गौरवशाली इतिहास के साथ-साथ भविष्य की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे सामाजिक कुरीतियों को त्यागकर युवाओं के बेहतर भविष्य निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में महासभा संगठन को पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर तक मजबूत बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि समाज को संगठित कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। कार्यक्रम में महासभा के स्थानीय पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधुओं ने हिस्सा लिया और प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश मीडिया प्रभारी का गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर सत्यनारायण सिन्हा, अजय कुमार चौधरी, जयप्रकाश सिन्हा, संजय पटेल, रमन कुमार, संजय सिंह पटेल, किशोर कुमार सिन्हा, बबलू सिन्हा, मिथिलेश कुमार, शिव चरण प्रसाद सिन्हा, प्रवीर कुमार सिन्हा, कुणाल राय, मनिंद्र नाथ राय, शशि शेखर सिन्हा, चमकलाल मंडल, शत्रुघ्न कुमार, मुकेश कुमार, कुंदन कुमार, अधिवक्ता मुनिलाल मंडल, अशोक कुमार सिन्हा, शैलेश कुमार, अरविंद सिन्हा, अनिल सिंह सहित दर्जनों समाज के लोग उपस्थित थे।

## बरहरवा में विकास कार्यों की शुरूआत, तीन वार्डों में नाली व सड़क निर्माण का शिलान्यास



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरहरवा/साहिबगंज।** बरहरवा नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 11, 12 एवं 14 में आरसीसी नाली एवं पीसीसी सड़क निर्माण योजना का मंगलवार को विधिवत शिलान्यास किया गया। इस योजना के लिए कुल 29,06,964 रुपये की प्राक्कलित राशि निर्धारित की गई है। कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष अर्पिता दास एवं उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार भगत ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर संबंधित वार्डों के पार्षद सहित अन्य जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार भगत ने कहा कि यह कार्य नगर क्षेत्र में विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरूआत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पूरे नगर पंचायत क्षेत्र में आवश्यकतानुसार विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि जनता से किए गए वादों को निभाने के लिए नगर पंचायत पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगा। शिलान्यास कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एवं वार्डवासी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस पहल का स्वागत करते हुए खुशी जताई।

## ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत,जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंबाडीहा गांव में रेलवे पोल संख्या 234/28- 29 के पास मंगलवार को किसी ट्रेन से गिरकर एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। जिरवाबाड़ी थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र 35 वर्ष बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार युवक की मौत किसी ट्रेन से गिरकर हुई है। मृतक के सिर, हाथ समेत पूरे शरीर में गंभीर चोट लगी है। वहीं खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हुई है। शव का पोस्टमार्टम कर शव की शिनाख्त के लिए 72 घंटे के लिए मर्चुरी में सुरक्षित रखा गया है। इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## मनाई गई भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहब भीम राव आंबेडकर कि जयंती



**साहिबगंज।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिला कांग्रेस कार्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान श्रद्धांजलि सभा और विचार संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने की। कांग्रेसजनों ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से देश को समानता और अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार दिया। उन्होंने संविधान की रक्षा को आवश्यक बताते हुए कहा कि इसकी मजबूती ही नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा का आधार है। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सोनी किड्स एकेडमी स्कूल में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**तीनपहाड़,साहिबगंज** ।तीनपहाड़ नीचे टोला सोनी किड्स एकेडमी स्कूल में डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। वहीं कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित की गई। इसके पश्चात छात्रों द्वारा भाषण, कविता, गीत एवं क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिनमें बाबा साहेब के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके विचारों और सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान पर प्रश्न पूछे गए। वहीं कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार के द्वारा छात्रों के बीच टॉफी वितरण किया गया तथा सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक एवं यादगार साबित हुआ। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिका , गुरु प्रसाद ,शिवशंकर पांडे, तनीषा,श्रुति,तराना प्रवीण ,सना प्रवीन, रौशनी,फिरदोष, नाजरीन प्रवीण एवं दर्जनों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# जूनियर टी-20 लीग में माही स्पोर्ट्स येलो व बोरियो सुपरकिंग की जीत, रौनक और अभिनव बने मैन ऑफ द मैच

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**साहिबगंज।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में सिदो कान्हू स्टेडियम में आयोजित डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट लीग जूनियर टी-20 टूनार्मेंट के तहत सोमवार को दो रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में माही स्पोर्ट्स येलो ने सीएबी एचएफएस जूनियर को 23 रनों से हराकर शानदार जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए माही स्पोर्ट्स येलो ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 181 रन बनाए। टीम की ओर से अब्राहम शेख ने नाबाद 43, विराट कुमार ने 35 और शंकर साह ने 33 रनों की अहम पारी खेली। गेंदबाजी में सीएबी एचएफएस जूनियर के शुभम घोष और कुमार तेजस ने 2-2 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएबी एचएफएस जूनियर की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 158 रन ही बना सकी। पीयूष ने शानदार 88 रन और नयन शर्मा ने 24 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। माही स्पोर्ट्स के रौनक दुबे ने घातक गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मुख्य अतिथि सुरेश साह ने उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया। दूसरे मुकाबले में बोरियो सुपरकिंग ने रेलवे स्कूल को 30 रनों से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बोरियो सुपरकिंग की टीम 13.2 ओवर में 100 रन बनाकर ऑल आउट हो गई, जिसमें सावन कुमार ने 31 रन बनाए। रेलवे स्कूल के गेंदबाज मो. जीशान, सुशांत पासवान और अरमान ने 3-3 विकेट हासिल किए। जवाब में रेलवे स्कूल की टीम 13.2 ओवर में 70 रन पर सिमट गई। सहजेब ने 16 और सुशांत ने 15 रन बनाए। बोरियो सुपरकिंग के अभिनव ने 3 और सावन कुमार ने 2 विकेट लेकर टीम को जीत दिलाई। अभिनव कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि कमल महावर और गंगा महावर ने उन्हें पुरस्कृत किया। मैच में अंपायरिंग मो. अशफाक आलम, मो. हयात और तारिक अनवर ने की, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी श्याम रंजन तिवारी ने निभाई। टूनार्मेंट इंचार्ज मोहम्मद अशफाक आलम ने जानकारी दी कि बुधवार को पहला मैच माही स्पोर्ट्स येलो बनाम संत जेवियर ए तथा दूसरा मैच सीएबी बरहरवा बनाम बोरियो सुपर किंग के बीच खेला जाएगा।

## डिजनीलैंड मेला में सोमवार से शुरू हुआ जलपरी का विशेष शो,रसियन गर्ल दिखाएगी अपना प्रदर्शन



**साहिबगंज** ।शहर के पोखरिया स्थित टाउन हॉल के पीछे लगे डिजनीलैंड मेले में इन दिनों जलपरी का शो आकर्षण का केंद्र बनी हुई है ।जहां मनोरंजन और उत्साह का माहौल बनाने वाला डिजनीलैंड मेले में रसियन लड़की के द्वारा विशेष जलपरी का शो दिखाया जा रहा है। उधर जलपरी का शो देखने के लिए दूर दूर से लोग पहुंच रहे हैं ।उधर डिजनीलैंड मेला प्रबंधक रंजीत साह ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि इस वर्ष का डिजनीलैंड मेले में पहले की अपेक्षा अधिक आकर्षक और मनोरंजक होगा जिसमें बच्चों से लेकर बड़ों तक के लिए कई विशेष इंतजाम किए गए हैं ।वही मेला प्रबंधक ने बताया कि इस बार मेले का मुख्य आकर्षण जलपरी का शो होगा, जिसमें जलपरी की तरह सजे कलाकार विशेष अंदाज में प्रस्तुति देंगे ।उधर यह जलपरी शो बच्चों और दर्शकों के लिए काफी रोमांचक और आकर्षक साबित होगा ।इसके अलावा मेले में विभिन्न प्रकार के रोमांचक झूले,हाइड्रोलिक झूला, ड्रैगन ट्रेन,ब्रेक डांस झूला सहित कई आधुनिक झूलों की व्यवस्था की गई है,जो मेले में आने वाले लोगों के लिए खास आकर्षण का केंद्र बनेंगे। वही मेले में देश के अलग अलग राज्यों से आए दुकानदार हस्तशिल्प, खिलौने,घरेलू सामान और सजावटी वस्तुओं की दुकानें लगाएंगे ।साथ ही साथ विभिन्न राज्यों के पारंपरिक खानपान के स्टॉल भी मेले में लगाए गए है,जहां लोग अलग अलग प्रदेशों के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद ले सकेंगे ।वही बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष रूप से खेल खिलौनों की दुकानें,छोटे झूले और मनोरंजन के साधन उपलब्ध हैं।

# राजमहल विधायक ने अनुमंडलीय अस्पताल के चारदिवारी का किए शिलान्यास , फेरीघाट में यात्री शेड का उद्घाटन.

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**राजमहल/साहिबगंज** ।राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने राजमहल अनुमंडलीय अस्पताल के चारदिवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास मंगलवार को किए. 61.56 लाख की लागत से बनने वाले चारदिवारी निर्माण कार्य किया जाना है. उपरांत अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किए. निरीक्षण के दौरान मरीज को मिलने वाली सुविधा से अवगत हुए. महिला मरीज के लिए उपलब्ध होने वाली स्वास्थ्य सुविधा से संतुष्ट हुए उन्होंने कहा कि पूर्व के अनुपात बेहतर सुविधा हो रही है और महिला एवं प्रसूता को इसका लाभ मिल रहा है निश्चित ही आगे और भी इसका लाभ मिलेगा. वही रक्त जांच में भी वृद्धि हुई है कई नए-नए जांच भी शुरू हुए हैं जिससे क्षेत्र के लोग लाभान्वित हो रहे हैं. उन्होंने प्रभारी उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू को मरीजों के लिए और भी बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए. मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ उदय टुडू, नपं अध्यक्ष केताबुददीन शेख, विधायक प्रतिनिधि सह नपं उपाध्यक्ष मो मारूफ उर्फ गुड्डू, सहायक अभियंता प्रेम कुमार, झामुमो नगर अध्यक्ष मो आजाद, प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, काजू मल्लिक, घीसु शेख, अब्दुल कादिर, एकलाकुर रहमान, मो अयुब, राजीव बर्मन, पवन साहा, मो शहनवाज, रोहित कुमार सहित अन्य मौजूद थे.

**विधायक निधि के योजनाओं का उद्घाटन.**

राजमहल विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विधायक निधि से निर्मित तीन योजनाओं का उद्घाटन मंगलवार को किए. राजमहल फेरीघाट स्थित यात्री शेड, हाटपाडा गैस गोदाम के समीप व राजवाड़ा में कब्रिस्तान के समीप निर्मित पीसीसी सड़क का उद्घाटन किए. विधायक ने कहा कि जनहित से जुड़े योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा है ताकि क्षेत्र की जनता इससे लाभान्वित हो सके.

गोद लिए 10 टीबी मरीजों को 6 माह पोषण आहार दिए माननीय विधायक. टीबी उन्मूलन अभियान के तहत निक्ष्य मित्र में विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने राजमहल एवं उधवा प्रखंड के 10 मरीजों को इलाज के दौरान पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए गोद लिए थे. मंगलवार को अंतिम महीना का पौष्टिक आहार मरीज के बीच विधायक के हाथों वितरण किया गया. सभी मरीजों को सफलतापूर्वक 6 माह तक लगातार पौष्टिक आहार मिला. मैरिज एवं अस्पताल प्रबंधन ने माननीय विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया है.

## सदर अस्पताल में तीन डॉक्टर विलंब से पहुंचे ड्यूटी, सीएस ने जताई नाराजगी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**डॉ आशुतोष कुमार,डॉ. दिवेश कुमार,डॉ. फरोग हसन**



**साहिबगंज।** सदर अस्पताल में डॉक्टरों की मनमानी बढ़ती ही जा रही है, जहां कुछ डॉक्टर अपने से बड़े अधिकारी समझकर अपने टाइम पर अस्पताल नहीं पहुंच रहे हैं, जिससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, और सरकार की छवि धूमिल हो रही है. जहाँ मंगलवार की सुबह नौ बजे सीएस डॉ. रामदेव पासवान पहुंचे थे। इस बीच डॉक्टरों का भी पहुंचना शुरू हो गया था। इस दौरान सीएस ने ड्यूटी पर पहुंचने वाले डॉक्टर व स्वास्थ कर्मी के टाइम टेबल पर नजर रख रहे थे। हालांकि इस दौरान तीन डॉक्टर विलंब से अस्पताल पहुंचे। इसमें इमरजेंसी में 09:40 बजे तक डॉ. आशुतोष कुमार नहीं पहुंचे थे। जबकि इमरजेंसी में मरीजों की भीड़ लगी थी। इसके अलावा ओपीडी में डॉ. दिवेश कुमार 09:36 बजे तक अस्पताल नहीं पहुंचे थे। जबकि शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. फरोग हसन 09:25 बजे पहुंचे थे। इसे देख सीएस ने नाराजगी जताई है। इस दौरान सीएस ने पत्रकारों से कहा कि आने वाले दिनों में सदर अस्पताल में और भी बेहतर सुविधा मिलेगी। वे इसके लिए दिन रात जुटे है। नया रोस्टर ड्यूटी जारी किया गया है। इसके अनुसार सभी डॉक्टरों को समय पर ड्यूटी करना है। ड्यूटी से किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## राधानगर में झारखंड राज्य चाय विकास समिति की बैठक हुई आयोजित



**उधवा/साहिबगंज।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राधानगर पंचायत सचिवालय में मंगलवार को झारखंड राज्य चाय विकास समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के संस्थापक नरेश मंडल ने की। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड राज्य चाय विकास समिति की स्थापना दिवस के अवसर पर 31 मई को मंगलहाट में आयोजित किया जाएगा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बैठक के पूर्व सभी उपस्थित सदस्य अपने अपने क्षेत्र में अपने स्तर से काफी संख्या में बैठक में उपस्थित हो इसको लेकर प्रचार प्रसार करे। निर्णय लिया गया कि 31 मई को बैठक में संगठन का पुनर्गठन किया जाएगा। निर्णय लिया गया कि चाय जाति को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाने हेतु विधायक या सांसद आदि से मिलने हेतु तत्काल एक शिष्टमंडल का गठन किया जाए जिस पर सर्वसम्मति से निम्नलिखित शिष्टमंडल के सदस्यों के नाम पर सहमति बनी। मौके पर दीपनारायण मंडल, रमेश मंडल, अशोक कुमार मंडल, राजेश मंडल, विश्वजीत मंडल, वरुण मंडल, अनिल सरकार, नरेश चंद्र मंडल, हरिदास मंडल। वही बैठक के समापन के बाद संविधान निमार्ता भीमराव अमेडकर की जयंती मनाई गई। उनके तस्वीर पर माल्यार्पण किय गया। मौके पर सुखदेव मंडल, राजकिशोर मंडल, देवेन मंडल, सुनील कुमार मंडल, निहार रंजन मंडल, दिवाकर मंडल, श्रवण मंडल, अमित कुमार, हरिदास मंडल आदि उपस्थित थे।

## दहेज प्रताड़ना मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**उधवा/साहिबगंज** ।राधानगर थाना क्षेत्र में दहेज प्रताड़ना के एक मामले में पुलिस ने फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मंगलवार को गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार बीते 15 सितंबर 2024 को थाना क्षेत्र की एक पीड़िता ने अपने ससुराल पक्ष के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था। पीड़िता ने आरोप लगाया था कि उसकी शादी पश्चिम बंगाल के कालियाचक थाना अंतर्गत महेशपुर गांव में हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग की जा रही थी और मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ना की जाती थी। इस संबंध में राधानगर थाना में कांड संख्या 148/24 दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 115(2), 352, 3(5) तथा दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में रबीउल मोमिन समेत कई लोगों को आरोपी बनाया गया था। घटना के बाद से मुख्य आरोपी रबीउल मोमिन लगातार फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर राधानगर थाना पुलिस ने आरोपी के संभावित ठिकाने पर दबिश दी और उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

# बरहरवा में धूमधाम से मनी डॉ. अंबेडकर जयंती, सामाजिक समानता व शिक्षा पर जोर

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** मंगलवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती बरहरवा प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। प्रखंड कांग्रेस कमेटी, सातगाछी पंचायत के अढ़ाईटिकर गांव तथा प्रखंड परिसर व नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रमों में लोगों ने बाबा साहेब को नमन कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। प्रखंड कांग्रेस कमेटी के कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजीत टुडू ने की, जबकि प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने बाबा साहेब के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अश्वनी कुमार आनंद, मिथुन मंडल, संतोष झा, नीताई सरकार, मनोज घोष, राकेश कुशवाहा, संतोष राम, थॉमस रॉबर्ट, छोटे लाल रमनी, राजू, विष्णु मॉल व मो. अहमद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे ।सातगाछी पंचायत के अढ़ाईटिकर गांव में शांतिलाल रविदास की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां देवनारायण रविदास, हीरालाल साहा, दिनेश रविदास और शशि भूषण पासवान ने संबोधित किया। इस दौरान बच्चों में अजय कुमार दास, प्रीतम रविदास, शिवानी कुमारी, प्रिया कुमारी, राजन, नीलम व शिवम् के बीच कॉपी - कलम का वितरण किया गया। वहीं प्रखंड परिसर व नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में अंचलाधिकारी अनोज कुमार, अध्यक्ष अर्पिता दास, उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार भगत तथा दीपक कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने सामाजिक भेदभाव मिटाने, शिक्षा को बढ़ावा देने और समानता व न्याय आधारित समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

## पलामू में डेढ़ दशक बाद पूरा होगा अमानत बराज, जमीन अधिग्रहण की समस्या खत्म

**पलामू।** जिले में लगभग डेढ़ दशक बाद पांकी अमानत बराज का निर्माण पूरा होने की उम्मीद जगी है। राज?य सरकार ने इसकी तकनीकी स्वीकृति दे दी है। 947 करोड़ रूपए में इसे पूरा किया जाएगा। अब तक इस योजना पर 341 करोड रुपए खर्च हो गए हैं, जबकि 608 करोड रुपए और खर्च करके पूरा किया जाएगा और सिंचाई सुविधा खेतों तक पहुंचाई जाएगी ।इस योजना में सबसे अहम बात यह है कि मुख्य कैनाल से बिना जमीन अधिग्रहण किये किसानों के खेतों तक भूमिगत पाइपलाइन के माध्यम से पानी पहुंचाया जाएगा। इसके लिए 41.5 किलोमीटर लंबे कैनाल में 400 किलोमीटर पाइप लाइन के माध्यम से 800 आउटलेट बनेंगे, जिसके माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाया जाएगा। 23 हजार हेक्टेयर में सिंचाई होगी ।सरकार के स्तर से बजट में शामिल कर तकनीकी स्वीकृति दिलाने के बाद राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर मंगलवार को पांकी अमानत बराज सहित इससे निकले कैनाल रूट का जायजा लिया। उनके साथ जल संसाधन विभाग के चीफ इंजीनियर विजय कुमार भगत और कार्यपालक अभियंता जालेश्वर रजवार भी थे ।उल्लेखनीय है कि वर्ष 1973 में इस योजना की शुरूआत की गई थी। वर्ष 2010 तक इस योजना पर कार्य हुआ, लेकिन कैनाल के लिए जमीन अधिग्रहण नहीं होने से निर्माण कार्य रुक गया था ।वहीं वित्त मंत्री बनते ही राधाकृष्ण किशोर ने इस योजना को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई और इसी का परिणाम है कि सरकार ने इसकी तकनीकी स्वीकृति दी। मुख्य कैनाल का निर्माण 29 किलोमीटर तक हो गया है। 12.5 किलोमीटर का निर्माण कार्य बचा हुआ है।

# छत्तरपुर जय भीम गगनभेदी नारों से गूंजा शहर,बाबा साहब की 135वीं जयंती पर उमड़ा जनसैलाब




**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**
**छत्तरपुर:** अप्रैल 2026 का दिन अपने आप में बेहद खास है। जिसको लेकर भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर छत्तरपुर प्रखंड के बारा स्थित फुलवारी मैदान में भव्य और ऐतिहासिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संविधान सुरक्षा मंच के तत्वावधान में किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में बाबा साहब के अनुयायी शामिल हुए। पूरा छत्तरपुर जय भीम के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो उठा। प्रखंड के सभी 20 पंचायतों से निकली विशाल शोभायात्राएं शहर की सड़कों से होती हुई फुलवारी मैदान पहुंचीं, जहां नीले झंडों की लहर, डीजे की धुन और उत्साह से भरे युवाओं की टोली ने माहौल को पूरी तरह भीममय बना दिया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भी देखने को मिला। मिशन गीतों के प्रसिद्ध गायक मंटू राजा ने अपने जोशीले गीतों से ऐसा समां बांधा कि लोग झूम उठे और बाबा साहब के विचारों में डूब गए। फुलवारी मैदान पहुंचे सभी पंचायतों के शोभायात्रा दलों को सम्मानित किया गया, जिससे प्रतिभागियों का उत्साह और भी बढ़ गया। मंच संचालन रविंद्र राम एवं रामजन्म राम ने कुशलतापूर्वक किया। मंच पर उपस्थित अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने बाबा साहब के संघर्षपूर्ण जीवन, उनके विचारों और सामाजिक न्याय के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहब का जीवन आज भी समाज को समानता, शिक्षा और अधिकारों के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता चुनमुन,पूर्व नगर अध्यक्ष मोहन जायसवाल, जिला परिषद सदस्य अमित जायसवाल, फंटुस जायसवाल, नगर उपाध्यक्ष मंजीत यादव, रविंद्र राम, राजद प्रखंड अध्यक्ष केलाश यादव, झामुमो जिला प्रवक्ता चंदन प्रकाश सिन्हा, झारखंड क्रांति मंच के अध्यक्ष शत्रुधन कुमार शत्रु, छत्तरपुर विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी संदीप सरकार, उपप्रमुख संतोष यादव, उपमुखिया विकास यादव, पूर्व मुखिया राजेंद्र यादव, जगदीश नगवंशी, रामजन्म राम, राजेश्वर राम, शनि कुमार, श्रवण राम, डॉ. कर्मचंद, डॉ. राहुल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस भव्य आयोजन ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बाबा साहब के विचार आज भी जन-जन के दिलों में जीवित हैं और समाज को नई दिशा देने की ताकत रखते हैं।

## नवनिर्माण शक्ति संघ ने महापौर अरुणा शंकर को दी बधाई, सौंपा ज्ञापन



**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**
**मेदिनीनगर:** नवनिर्माण शक्ति संघ के प्रतिनिधिमंडल ने मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुणा शंकर को उनकी जीत पर बधाई दी। इस दौरान संघ के सदस्यों ने शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर महापौर को ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में पुलिस लाइन रोड स्थित मेजर मोड़ से लेकर डॉ. मीरा झा की ओर पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। साथ ही संघ के सदस्यों ने अपने-अपने वार्ड से जुड़ी समस्याओं को भी महापौर के समक्ष रखा। बैठक के दौरान शहर में बढ़ते मादक पदार्थों की बिक्री एवं सेवन से बिगड़ते माहौल को लेकर भी चिंता जताई गई। इस पर महापौर ने गंभीरता दिखाते हुए आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं पर अविलंब कार्रवाई की जाएगी। महापौर अरुणा शंकर ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने पर जोर देते हुए कहा कि सशक्त भारत के निर्माण के लिए महिलाओं का आर्थिक रूप से मजबूत होना आवश्यक है। उन्होंने महिलाओं को छोटे-छोटे व्यवसाय शुरू करने के कई उपाय भी सुझाए। इस अवसर पर नवनिर्माण शक्ति संघ की अध्यक्ष स्नेहा ओझा, चंद्रप्रकाश ओझा, सोनी पाठक, वागीशा विश्वकर्मा, रानी उपाध्याय, प्रिया सिंह, सोनी गुप्ता, पूनम गोस्वामी, इंदु मेहता, अंजली गुप्ता, बेबी मिश्रा, शोभा देवी सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

## अंबेडकर व्यक्ति नहीं विचार थें, उनके बताएं मार्ग पर चलने की है आवश्यकता : विधायक



**हुसैनाबाद पलामू :** बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के शुभ अवसर पर बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित करते हुए हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा के लोकप्रिय विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने कहा की बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार थें। हमें उनके बताएं मार्गों पर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अम्बेडकर के योगदान व उनके विचारों आज भी प्रासंगिक है। अम्बेडकर ने अपने जीवन में सामाजिक न्याय, समानता व मानव अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनकी विचारधारा आज भी लोगों को प्रेरणा देती है। बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर ने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। दलितों, महिलाओं व वंचित वर्ग के लोगों के अधिकारों के लिए आवाज उठाई थी। मौके पर हुसैनाबाद नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व व न्याय के सिद्धांतों पर आधारित थी.बाबा साहेब के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके विचार लोगों को सामाजिक न्याय के लिए प्रेरित करते हैं। बाबा साहेब एक आदर्श हैं जो लोगों को अन्याय के खिलाफ लड़ने व सामाजिक रूप से बेहतर समाज बनाने के लिए प्रेरित करते हैं। बाबा साहेब के जयंती के शुभ अवसर पर हुसैनाबाद प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, हुसैनाबाद विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शेर अली, राजद के प्रदेश महासचिव रवि यादव,पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार, राजद के प्रखंड अध्यक्ष सुदेश्वर राम, मदन पासवान,कुशवाहा विजय मेहता,राजेश सिंह,कृष्णा बैठा,राजेश्वर यादव,विजय यादव, मुन्ना कुमार देव,प्रणव सुमन,आशीष सक्सेना,राज अली,कलामुद्दीन खान,पूर्व वार्ड पार्षद सुहैल आलम प्रवेज आलम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## लगभग 5 वर्षों बाद झारखंड लौटे पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**
**सिंदरी/ धनबाद।** सिंदरी के पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो लगभग 5 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मंगलवार को झारखंड लौटे। वे सुबह करीब 11:00 बजे एयर एंबुलेंस के माध्यम से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर उनके स्वागत के लिए बड़ी संख्या में भाजपा नेता और समर्थक मौजूद थे। यहां से उन्हें पुनः एंबुलेंस के जरिए इलाज के लिए बोकारो स्थित मेडिका अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर ले जाया गया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ,केंद्रीय रक्षा मंत्री संजय सेट, झारखंड बीजेपी के प्रदेश मंत्री आदित्य साहू ,वर्तमान महापौर रोशनी खालको सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।
वहीं पूर्व विधायक इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी तारा देवी भी मौजूद थी। उनकी पुत्री डॉक्टर निशि महतो अपने पिता को हैदराबाद से लेकर रांची पहुंची। पूर्व विधायक के झारखंड लौटने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर देखी गई और उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की जा रही है। रांची हवाई अड्डे पर सिंदरी भाजपा के अरविंद पाठक,अरविंद सिंह, धर्मेंद्र महतो, राघव तिवारी,जेठू महतो, टिंकू महतो, मिथिलेश सिंह ,मुकेश सिंह, जयदेव ,महतो ,प्रीतम महतो, समीर प्रमाणिक चंदन रवानी के अलावा बड़ी संख्या में समर्थक उपस्थित थें।

## अम्बेडकर पार्क, बस स्टैंड, टाउन हॉल, ट्रॉमा सेंटर व फायर ब्रिगेड कार्यालय सहित कई योजनाओं का प्रस्ताव, प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति का आश्वासन

**छतरपुर के समेकित विकास हेतु नगर पंचायत अध्यक्ष ने की वित्तमंत्री से योजनाओं हेतु फंड की मांग**

**अरविंद अग्रवाल @ झारखंड उजाला ब्यूरो पलामू**



**छतरपुर (पलामू):** नगर पंचायत छतरपुर के समेकित एवं सुनियोजित विकास को लेकर नगर पंचायत सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में उपाध्यक्ष एवं सभी वार्ड पार्षदों ने झारखंड के वित्तमंत्री सह स्थानीय विधायक को एक समार पत्र (मेमोरेंडम) सौंपा, जिसमें नगर के विकास हेतु विभिन्न योजनाओं के संचालन के लिए फंड की मांग की गई। समार पत्र में अम्बेडकर पार्क का निर्माण, होल्डिंग टैक्स में राहत हेतु दरों में कमी, बस स्टैंड का निर्माण, नगर पंचायत कार्यालय भवन का निर्माण तथा टाउन हॉल की स्थापना जैसी महत्वपूर्ण योजनाएँ शामिल हैं। इसके अतिरिक्त अनुमंडलीय अस्पताल में ट्रॉमा सेंटर के निर्माण की भी मांग की गई। नगर के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से थाना परिसर, अनुमंडलीय अस्पताल, मध्य विद्यालय एवं वन विभाग कार्यालय के फ्रंट बाउंड्री के किनारे व्यवसायिक दुकानों के निर्माण तथा बाजार परिसर में मार्केट कॉम्पलेक्स बनाने का प्रस्ताव भी रखा गया। आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के लिए दुर्गा मंदिर रामगढ़ से बारा केवाल होते हुए बारा गाँव तक लगभग 3 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण की मांग की गई। इसके साथ ही छतरपुर में निबंधन कार्यालय एवं फायर ब्रिगेड कार्यालय की स्थापना की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई। वित्तमंत्री ने सभी प्रस्तावों को गंभीरता से लेते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दिलाने का आश्वासन दिया, जिससे नगरवासियों में विकास की नई उम्मीद जगी है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष मंजीत यादव, सभी 16 वार्ड पार्षद, कार्यपालक पदाधिकारी फैजुर रहमान, सिटी मैनेजर मुर्तजा अंसारी सहित नगर पंचायत के कई कर्मी उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद में 18 अप्रैल से स्व. धर्मदेव राम नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट, एसडीओ करेंगे उद्घाटन

**हुसैनाबाद ,पलामू:** आदर्श युवा जागृति मंच के तत्वावधान में हुसैनाबाद विधानसभा स्तरीय स्व. धर्मदेव राम जी नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है। टूनार्मेंट का उद्घाटन 18 अप्रैल 2026 को शाम 6 बजे कपूरी मैदान, हुसैनाबाद में होगा।टूनार्मेंट के उद्घाटनकर्ता हुसैनाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी श्री गौरांग महतो होंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस.मोहम्मद याकूब मौजूद रहेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पलामू लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी जितेन्द्र पासवान को आमंत्रित किया गया है। आयोजन समिति ने बताया कि स्व. धर्मदेव राम जी की स्मृति में आयोजित इस नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करना और आपसी भाईचारा बढ़ाना है। हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र की कई टीमें इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। सभी मैच नॉक आउट आधार पर खेले जाएंगे और दर्शकों के लिए फ्लड लाइट की व्यवस्था की गई है।आदर्श युवा जागृति मंच ने क्षेत्र के सभी खेलप्रेमियों, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से उद्घाटन समारोह व मैचों में शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने की अपील की है।

# सिंदरी गुरुद्वारा साहिब में खालसा साजना दिवस (बैसाखी पर्व) भक्ति और श्रद्धा के साथ मनाया गया

**कुलबीर सिंह/ झारखंड उजाला संवाददाता**




**सिंदरी /धनबाद।** सिंदरी गुरुद्वारा साहिब में मंगलवार को 327 वां खालसा साजना दिवस (वैशाखी पर्व) श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाया गया।( यह पर्व 14 अप्रैल 1699 ई० को गुरु गोविंद सिंह द्वारा आनंदपुर साहिब में खालसा पंथ की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है।) इस पावन अवसर पर सिंदरी गुरुद्वारा साहिब को भव्य रूप से सजाया गया था। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष नतमस्तक होने गुरुद्वारा साहिब में एकत्रित हो रहे थें। विशेष धार्मिक कार्यक्रमों में सुबह 8:00 बजे 48 घंटे से चल रहे अखंड पाठ का समापन किया गया, उपरांत सरदार बलबीर सिंह परिवार द्वारा खालसा पंथ और सिख धर्म के प्रतीक निशान साहिब के चोला विधिपूर्वक बदलने की सेवा की गई। इसके बाद 10:00 बजे से स्थानीय जत्थों द्वारा कीर्तन प्रस्तुत किया गया। दोपहर 12:00 से 1:30 बजे तक आद्रा (बंगाल) से विशेष रूप से आमंत्रित सरदार जगदीश सिंह कीर्तनीय जत्थे द्वारा गुरबाणी दरबार सजाया गया। उन्होंने बैसाखी पर्व की महत्ता पर हिंदी में प्रकाश डाला और बताया कि वे मूल रूप से तेलुगू पृष्ठभूमि से हैं, लेकिन उन्होंने सिख धर्म को अपनाया है। कीर्तन के पश्चात सिंदरी गुरुद्वारा साहिब के ग्रंथी सरदार बलवीर सिंह ने गुरु ग्रंथ साहिब के समक्ष ईश्वर का मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए अरदास( प्रार्थना ) कर गुरुग्रंथ साहिब में रचित उपदेश सुनाया। समागम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के बीच पारंपरिक गुरु का लंगर परोसा गया। मौके पर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान जसप्रीत सिंह रैनो, ओंकार सिंह, जगदीश्वर सिंह, लखजीत सिंह, हरदीप सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह, मोहन सिंह, कुलबीर सिंह, हरविंदर सिंह, हरपाल सिंह ,नरेंद्र सिंह, प्रेम सिंह, मनजीत सिंह उप्पल, योगेंद्र सिंह , बलवीर सिंह नागी, मोहन ग्रोवर, सिंदरी थाना प्रभारी राजेश कुमार, हवलदार शंभू शरण,सुखविंदर सिंह, गुरचरण सिंह, शैलेंद्र द्विवेदी, स्त्री स त्संग प्रधान जसपाल कौर, डॉक्टर स्मृति नागी , मनजीत कौर, दविंदर कौर,हरभजन कौर,कमलजीत कौर, रीता कौर, सुरेंद्र कौर, रूपा कौर, हरदेव कौर सर्वजीत कौर ,बेबी कौर,प्रीति कौर,मनप्रीत कौर, रानी उप्पल,जसप्रीत कौर,सुरेंद्र कौर, ज्योति कौर, प्रभजोत कौर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थें।

## बलियापुर में चड़क पूजा की धूम

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**
**बलियापुर /धनबाद।**आस्था का महापर्व चड़क पूजा में मंगलवार को बलियापुर क्षेत्र के कई गांवों के मड़प थान में भोगता मेला का आयोजन किया गया। ₹दया करो दयामयी हे₹, के नारों के बीच मेले में बुढ़ाबाबा के भक्तों ने अपने शरीर के जीभ, पीठ, बांह, छाती आदि अंगों में नुकीले तार या लोहे की कील चूभो कर नाचते गाते अपने आराध्य को प्रसन्न करने में लगे रहे। भोगता लोग लकड़ी के एक ऊंचे खंभे में झूलते हुए घूमते है। मेले में भक्तों द्वारा प्रदर्शित जीभावान कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बना रहा है?। प्रखंड उप प्रमुख आशा देवी बलियापुर क्षेत्र के विभिन्न भोगता मेला का भ्रमण करते हुए बाबा के दरबार में माठा टेक कर क्षेत्र की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने मेला की सुरक्षा और व्यवस्था का जायजा भी लिया तथा मेला के सुंदर आयोजन को लेकर कमेटी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर उप प्रमुख आशा देवी ने कहा कि भोगता परब झारखंड का एक महान सांस्कृतिक और धार्मिक पर्व है ।जो पुरखो से मनाया जाता रहा है। ये परब झारखंड, बंगाल, उड़ीसा और आसाम क्षेत्र में विशेष रूप से मनाया जाता है। यह आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है, जो पांच दिनों तक चलता है। मंगलवार को बलियापुर प्रखंड के सिंदूरपुर, बाघमारा, शिवपुर, घड़बड़, सावलापुर, छाताबाद, रघुनाथपुर, कुसमाटांड़, अलकडीहा, धोखरा, ढांगी आदि गांव में भोगता मेला आयोजित किया गया। सभी जगह मेला में लोगों की काफी भीड़ देखी गई। मेला कार्यक्रम को संपन्न कराने में संबंधित गांव के मेला कमेटी के सदस्यों एवं नव युवकों का विशेष योगदान रहा।



## ऊपरी कररबार व हरही डैम को योजना में शामिल नहीं किया गया तो होगा आंदोलन : मिथलेश सिंह



**हुसैनाबाद,पलामू:** सोन पाइपलाइन सिंचाई योजना के डीपीआर में हुसैनाबाद मध्य क्षेत्र की महत्वपूर्ण ऊपरी कररबार डैम और हरही सिंचाई डैम को शामिल नहीं किए जाने पर किसानों और जनप्रतिनिधियों में आक्रोश गहराता जा रहा है। पूर्व जिला परिषद प्रत्याशी मिथलेश सिंह ने इसे किसान विरोधी निर्णय बताते हुए कहा है कि इन दोनों जलस्त्रोतों को बाहर रखना क्षेत्र के किसानों के साथ अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रारंभिक स्तर पर इन योजनाओं को शामिल करने का भरोसा दिया गया था, लेकिन अंतिम डीपीआर में इन्हें स्थान नहीं देकर किसानों को भ्रमित किया गया है।उन्होंने कहा कि ऊपरी कररबार और हरही सिंचाई योजना के माध्यम से वर्षा ऋतु में लगभग 90 गांवों की करीब पांच हजार एकड़ भूमि की सिंचाई होती है, लेकिन वर्षभर जल उपलब्ध नहीं रहने के कारण रबी फसल की पटवन संभव नहीं हो पाती है। ऐसे में सोन पाइपलाइन योजना से किसानों को बड़ी उम्मीद थी कि इन डैमों में लिफ्ट के माध्यम से जल संचय कर स्थायी सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, परंतु वर्तमान स्वरूप में यह उम्मीद अधूरी रह गई है।मिथलेश सिंह ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से ऊपरी कररबार और हरही डैम को योजना में शामिल करते हुए जल संचय की व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि इस ज्वलंत समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे किसानों के साथ मिलकर आंदोलन का रास्ता अपनाने को विवश होंगे।उल्लेखनीय है कि सूखा प्रभावित पलामू क्षेत्र में स्थायी सिंचाई व्यवस्था विकसित करने के उद्देश्य से 456.63 करोड़ रुपये की लागत से सोन पाइपलाइन सिंचाई योजना संचालित की जा रही है, जिसका शिलान्यास 10 फरवरी 2024 को तत्कालीन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन द्वारा किया गया था। योजना के तहत कोयल, सोन और ओरंगा नदियों से लिफ्ट के माध्यम से पानी उठाकर विभिन्न जलाशयों, आहरों और तालाबों में संग्रहित कर वर्षभर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की परिकल्पना की गई है। इसके अंतर्गत रानीताल, तेमरैन, बुटनडूबा, मलय, पोस्तिया, पनघटवा, कचरावटांड, कुंडलवा, हदहदवा, बतरे, धनकई, ताली, सुखनदिया और करमा कलां सहित कई जलाशयों को जोड़ा जा रहा है।इस योजना से मेदिनीनगर, चैनपुर, सतबरवा, विश्रामपुर, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज प्रखंड के कुल 96 गांवों की कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद है। योजना के पूर्ण होने पर कृषि उत्पादन में वृद्धि और किसानों की आय में सुधार की संभावना जताई जा रही है।

## संत मरियम स्कूल में धूमधाम से मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती, समतामूलक समाज के उनके विचारों को किया गया याद

**समतामूलक समाज के निमार्ता थे बाबा साहेब : अविनाश देव**

**मेदिनीनगर।** भारत के संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर संत मरियम स्कूल में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब की तस्वीर पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इस दौरान, विद्यालय के शिक्षकों, छात्र-छात्राओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों का स्मरण किया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी न केवल भारत, बल्कि विश्व के अत्यंत मेधावी और उच्च शिक्षित व्यक्तित्वों में से एक थे। उन्होंने आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद संयुक्त राज्य अमेरिका और इंग्लैंड में उच्च शिक्षा प्राप्त की और अनेक डिग्रियाँ हासिल कीं। उन्होंने बताया कि बाबा साहेब को अध्ययन से विशेष लगाव था और उन्होंने अपने जीवन में हजारों किताबों का गहन अध्ययन किया। अविनाश देव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी ने सामाजिक कुरीतियों, विशेषकर छुआछूत और जातिगत भेदभाव के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने महाड़ आंदोलन का उदाहरण देते हुए बताया कि बाबा साहेब ने समानता और अधिकारों के लिए समाज को जागरूक किया। उनका मानना था कि देश के अंदर व्याप्त सामाजिक विषमता को समाप्त करना ही वास्तविक स्वतंत्रता की दिशा में सबसे बड़ा कदम है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहेब द्वारा निर्मित भारतीय संविधान ने देश के सभी वर्गों...महिलाओं, मजदूरों, किसानों और युवाओं को समान अधिकार प्रदान किए। शिक्षा, स्वास्थ्य और संपत्ति में समान अवसर सुनिश्चित करने की उनकी सोच आज भी प्रासंगिक है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया और उनके संघर्षों को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# अमड़ापाड़ा में धूमधाम से मनाया गया भारत के संविधान निमार्ता बाबा डॉ भीमराव आंबेडकर की 136वीं जयंती

**अमर भगत @झारखंड उजाला संवाददाता**



**पाकुड़:** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अप्रैल को भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की 136 वांजयंती के उपलक्ष में ₹आंबेडकर क्लब अमड़ापाड़ा₹ के द्वारा 14 अप्रैल दिन मंगलवार को सुबह 9 बजे स्थान मुख्य बाजार (आंबेडकर मोड़) पर डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रखंड के स्कूली बच्चों कोचिंग सेंटर के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता, सीओ औसाफ अहमद खां, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अनूप रौशन भेंगरा, मुखिया गयालाल देहरी, संघ अध्यक्ष संजय रजक, सचिव संजय कुमार दास सहित, सामाजिक कार्यकर्ता नारायण भगत, समाज सेवी संजय भगत, मनोज भगत, सेवानिवृत्त शिक्षक इंदु रविदास, मंगल मुर्मू, शिक्षक किशोर दास, संतोष रजक, संजय रजक, विनोद दास, बाबूचंद मिर्धा, दिलीप रजक, आलोक दास, जयराज कुमार बलराम दास, अमित भगत, कुंदन भगत, चन्द्रमा रजक, विशाल भगत, निखिल भगत, सहित सामाजिक सेवी के द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर माला पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस क्विज प्रतियोगिता सीनियर और जूनियर बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता किया गया। इस प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान सिद्दी एकादमी अमड़ापाड़ा, द्वितीय स्थान सनराइज एकाडमी एवं तृतीय स्थान प्रिपेट्री सेंटर बासमती प्राप्त किया। वही जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान गुरूकुल कोचिंग सेंटर, द्वितीय स्थान सन राइसेज अकादमी एवं तृतीय स्थान प्रजापति ट्यूशन सेंटर ने प्राप्त किया। बीडीओ, सीओ और थाना के द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी पुरुस्कृत किया गया। ततपश्चात प्रखंड मुख्यालय स्थित हेरिटेज मेमोरियल में स्थित बाबा साहेब डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि इस महान व्यक्ति को ने देश के दलित समाज के लोगों का उत्थान करने का काम किया गया। उनके बताएं हुये रास्ते पर चलने की अपील किया गया।

**सम्मानित किया गया**

बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रखंड के सेवानिवृत शिक्षक एवं सामाजिक कार्यकताओं को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

**अंबेडकर संघ ने किया मरीज के बीच फल वितरण**

भारत के संविधान निमार्ता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में डॉ भीमराव अंबेडकर संघ के द्वारा डॉ शिवम् कुमार की उपस्थिति में दर्जनों मरीज के बीच फल वितरण किया गया. डॉ शिवम् कुमार ने बताया कि संघ के के द्वारा अस्पताल में एडमिट मैरिज के बीच फल वितरण किया गया है या संघ का बहुत ही अच्छा पहल है

## सिंदरी नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती मनाई गई

**सिंदरी/ धनबाद ।**मंगलवार दिनांक 14 अप्रैल 2026 को सिंदरी नगर कांग्रेस कमिटी द्वारा संविधान निमार्ता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर जी जयंती बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सर्वप्रथम स्थानीय इंटक कार्यालय में नगर अध्यक्ष राज बिहारी यादव जी के अध्यक्षता में माल्यार्पण सह गोष्ठी का आयोजन कर बाबा साहेब द्वारा प्रदत्त किए गए अधिकारों पर चर्चा एवं वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा निरन्तर उनके द्वारा बनाए संविधान पर हमले की चर्चा की गई , साथ ही यह संकल्प लिया गया हर हाल में कांग्रेस पार्टी संविधान की रक्षा कर आमलोगों को उनका हक दिलाने का कार्य करेगी, जिससे सही मायने में हम बाबा साहेब जी को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकेंगे। कार्यालय के उपरांत सभी उपस्थित कार्यकर्ता एकजुट होकर रोड़ाबांध एवं आर एम 4 पहुंच कर बाबा साहेब के आदम कद प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया एवं आयोजकों द्वारा आयोजित किए कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए । कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेस विदेशी सिंह, जिला महासचिव अजय सिंह, जिला सचिव सुखदेव हांसदा, पूर्व नगर अध्यक्ष राहुल राज, सुबोध पांडे,हरिश्चंद्र ओमप्रकाश, पूर्णेंदु सिंह, सत्येंद्र सिंह, मनोज घोष, सिद्धार्थ भट्टाचार्य, मुन्ना यादव, संतोष सिंह, शिव कुमार यादव,अश्वनी मंडल, शैलेश पंडित, मुस्ताक हुसैन, रंजन ठाकुर, नारद यादव, जगदीश, संतोष कुमार समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थें।

# अम्बेडकर जी की जयंती पर विचार गोष्ठी का हुआ आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा:** राजेन्द्र भवन में लोहरदगा जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में हमारे देश के महान संविधान निमार्ता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती के पावन अवसर पर एक विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उनके आदर्शों, विचारों एवं संविधान के प्रति उनकी अमूल्य देन को स्मरण करने तथा उनसे प्रेरणा लेने का एक महत्वपूर्ण अवसर रहा।जिला परिषद सदस्य एवं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के संयोजक संदीप गुप्ता ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर जी का जीवन संघर्ष और सामाजिक न्याय का प्रतीक है। उन्होंने संविधान के माध्यम से देश के प्रत्येक नागरिक को समान अधिकार प्रदान किया। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर समाज में समानता और भाईचारे को मजबूत करना चाहिए।प्रदेश सेवादल सचिव प्रदीप विश्वकर्मा ने कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा को समाज परिवर्तन का सबसे बड़ा हथियार बताया। उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। हमें उनके सिद्धांतों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। जिला महासचिव सदरुल अंसारी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने हमेशा वंचित और शोषित वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उनका जीवन हमें न्याय और अधिकारों के लिए आवाज उठाने की सीख देता है। समाज में समान अवसर सुनिश्चित करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। जिला सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश उराँव ने कहा कि आज के डिजिटल युग में बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। सोशल मीडिया के माध्यम से उनके संदेशों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा सकता है। युवाओं को उनके विचारों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मोज्जमील अंसारी ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने सभी वर्गों को एक समान अधिकार देने की बात कही। उनका संविधान सभी धर्मों और समुदायों को समान सम्मान देता है। हमें उनके विचारों को अपनाकर सामाजिक सौहार्द को बढ़ाना चाहिए। OBC स्टेट कोर्डिनेटर संतोष महतो ने कहा कि बाबा साहेब ने पिछड़े वर्गों को अधिकार दिलाने के लिए ऐतिहासिक कार्य किए। उनका संघर्ष सामाजिक न्याय की नींव है। हमें उनके सपनों का भारत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। युवा जिलाध्यक्ष दानिश अली ने कहा कि युवाओं को डॉ. अम्बेडकर के विचारों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उनका जीवन हमें कठिन परिस्थितियों में भी संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। देश के विकास में युवाओं की भूमिका को समझना और निभाना जरूरी है।

**कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे झ**

प्रदेश सेवादल सचिव प्रदीप विश्वकर्मा, जिला परिषद सदस्य एवं संयोजक संदीप गुप्ता, जिला महासचिव सदरुल अंसारी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी प्रकाश उराँव, जिला प्रवक्ता मुस्ताक अहमद, प्रखण्ड अध्यक्ष तनवीर गौहर, नगर अध्यक्ष आरिफ हुसैन, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव हाजी सिकन्दर, अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष मोज्जमील अंसारी, स्टेट कोर्डिनेटर संतोष महतो, युवा प्रदेश महासचिव विशाल डुंगडुंग, युवा जिलाध्यक्ष दानिश अली, युवा विधानसभा अध्यक्ष आशिफ इमाम, ठरवक जिलाध्यक्ष मनौवर आलम, महिला जिला अध्यक्ष सीमा परवीन, अनीमा कुजूर, पेशरार प्रखण्ड महिला अध्यक्ष सरिता खलखो, असलम अंसारी, विक्की खान, सेराज खान, मदन गुप्ता, बबिता देवी, आफताब अंसारी, जगदीप प्रजापति, मोदसीर अंसारी, हुसैन खान, सफाउल्ला अंसारी, मलेकूज जफर, रशीद अंसारी, मो. इकबाल, फारुख हुसैन, समसुल अंसारी एवं अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार के आयोजन न केवल बाबा साहेब के विचारों को जीवंत रखते हैं, बल्कि उन्हें जन-जन तक पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## जीटीपीएस में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**लोहरदगा:** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्य एस के झा एवं अन्य शिक्षकों के द्वारा डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। प्राचार्य ने उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि भीमराव अंबेडकर भारतीय संविधान के निमार्ता थे और भारत देश के नवनिर्माण में उनका बहुत बड़ा योगदान था जिसे हम भूल नहीं सकते।अनेकता में एकता कैसे कायम हो इस दिशा में संविधान में विशेष जोर दिया गया और पहले देश तब हम इस भाव की परिकल्पना की गई। हमें उनके आदर्शों पर चलते हुए देश को सुरक्षित एवं अखंड बनाए रखना होगा तभी ऐसे महापुरुष के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित थे।

## पाकुड़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 9 अपराधियों पर निगरानी प्रक्रिया शुरू

पाकुड़:जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पाकुड़ पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए विभिन्न थाना क्षेत्रों के कुख्यात अपराधियों पर निगरानी (Surveillance Proceeding) शुरू की है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पाकुड़ द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 1 फरवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 के बीच जिले के अलग-अलग थानों में गंभीर प्रवृत्ति के मामलों में संलिप्त कुल 9 अपराधियों के खिलाफ निगरानी प्रक्रिया आरंभ की गई है। बताया गया है कि झारखंड पुलिस हस्तक नियमावली-37 के तहत ऐसे अपराधी, जो एक से अधिक गंभीर मामलों में आरोपित रहते हैं, उनके गतिविधियों पर नजर रखने और भविष्य में अपराध की पुनरावृत्ति रोकने के उद्देश्य से निगरानी प्रक्रिया शुरू की जाती है। इस प्रक्रिया के तहत चिन्हित अपराधियों की नियमित भौतिक जांच की जाती है, जिसमें मासिक, त्रैमासिक, अर्धवार्षिक एवं वार्षिक आधार पर उनकी गतिविधियों का आकलन शामिल है।जारी आंकड़ों के अनुसार पाकुड़ (मुफस्सिल) थाना क्षेत्र में 1, लिट्टीपाड़ा थाना में 2, अमड़ापाड़ा थाना में 2 तथा पाकुड़िया थाना में 4 निगरानी प्रस्ताव खोले गए हैं। इस प्रकार कुल 9 अपराधियों को निगरानी सूची में शामिल किया गया है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने स्पष्ट किया है कि जिले में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण और अंकुश लगाने के लिए यह कार्रवाई की गई है। पाकुड़ पुलिस ने कहा है कि आगे भी इस तरह की कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि आम जनता को सुरक्षित माहौल प्रदान किया जा सके।

## मदर टेरेसा उच्च विद्यालय सिंदरी में डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई



**सिंदरी /धनबाद**।मिदर टेरेसा उच्च विद्यालय सिंदरी के वरिष्ठ प्रांगण में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय में एक निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें कक्षा पंचम से कक्षा दशम तक 168 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। कक्षा पंचम से सप्तम तक को ग्रुप ए में तथा कक्षा अष्टम से दशम तक को ग्रुप बी में रखा गया। ग्रुप ए से प्रथम स्थान सोनाक्षी कुमारी द्वितीय स्थान श्रेया कुमारी मिश्रा तथा तृतीय स्थान उचितारानी 6 ए को दिया गया। ग्रुप बी में पहला स्थान अर्पिता प्रसाद 10 ए द्वितीय स्थान सैयद रेहान अहमद तथा तृतीय स्थान आरोही केरकेट्टा को दिया गया। इसके अलावा प्रत्येक ग्रुप से 7-7 बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉक्टर भास्कर झा ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किए। तथा बच्चों के बीच अंबेडकर जी की जीवनी प्रस्तुत की विद्यालय प्राचार्य राधेश्याम प्रसाद ने भी बच्चों के बीच उनकी जीवनी प्रस्तुत की तथा उनके द्वारा बताए गए मार्गों पर चलने के लिए प्रोत्साहित किया। इसमें विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं भी मौजूद थीं। इनमें उमेश प्रसाद, रूपक कुमार ठाकुर, हरेंद्र प्रसाद, कुंदन कुमार, अरुण प्रसाद, राजेश कुमार, उत्तम गोराई, कविता कुमारी आदि मौजूद थी।

## बाबा साहब की जयंती पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए अपर समाहर्ता ने माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पाकुड़ :** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आज अंबेडकर चौक, पाकुड़ में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी, जिला योजना पदाधिकारी त्रिभुवन कुमार सिंह, एसडीपीओ पाकुड़ डीएन आजाद, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।इसके अलावा समाहरणालय में भी सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया।बाबा साहब के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणा के स्त्रोत हैंपरियोजना निदेशक आईटीडीए अरूण कुमार एक्का ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का जीवन समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन सामाजिक समानता, न्याय एवं मानवाधिकारों की स्थापना के लिए समर्पित किया। उनके विचार आज भी एक समतामूलक, सशक्त एवं विकसित समाज के निर्माण हेतु मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

# केरेडारी के विभिन्न गांवों में अम्बेडकर जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि: नमो बुद्धाय, विधायक रोशन लाल चौधरी

**जागेशवर कुमार @ झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो।**

केरेडारी के विभिन्न गांव सलगा, पांडू, तरहेसा, गोपदा,हेवई, मनातू, बेलतु, पांडेयपुरा कलां,गांवों में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बड़कागांव विधायक माननीय श्री रोशन लाल चौधरी ने अम्बेडकर जयंती समारोह समिति के आमंत्रण पर समारोह में शामिल होकर बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की और भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



विधायक श्री चौधरी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संघर्ष, शिक्षा, सामाजिक न्याय और समानता का अनुपम उदाहरण है। उनके विचार आज भी समाज के हर वर्ग को अन्याय के खिलाफ लड़ने और एक समतामूलक समाज बनाने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से अपील की कि हम सभी मिलकर बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाएं, शिक्षा और जागरूकता फैलाएं तथा एक सशक्त, शिक्षित और समानता पर आधारित समाज का निर्माण करें। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, समाजसेवी और अंबेडकरवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, कर्मचारी साव, केरेडारी मंडल अध्यक्ष बाल गोविंद सोनी, बेलतु मंडल अध्यक्ष शेर सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष बद्री नारायण सिंह, अजासू प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहा,कंचन यादव, आजसू केंद्रीय सदस्य भोला महतो, लीलाधन साव, जागेशवर कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। यह समारोह बाबा साहेब के सपनों को साकार करने और सामाजिक न्याय की दिशा में एकजुटता का प्रतीक बना।

## मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन



**लोहरदगा:** विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित कल्याण अस्पताल हेसल बसारडीह में मंगलवार को डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया विकास भारती बिशनपुर द्वारा संचालित इस अस्पताल में आयोजित मेगा हेल्थ कैंप में रांची के सुप्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा स्वास्थ्य परामर्श उपलब्ध कराया गया इस मेगा हेल्थ शिविर में हड्डी जोड़ एवं नस रोग के विशेषज्ञ सह सर्जन डॉक्टर विजय कुमार, नाक कान, गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर एस कुमार, दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर राजेश कुमार कुमार, जनरल सर्जन डा सन्नी,जनरल फिजिशियन डॉक्टर डी खेस, डॉक्टर सुनील प्रसाद,डॉक्टर प्रेम प्रकाश सिंहा, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अजीत कुमार अग्रवाल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुरेंद्र प्रसाद आदि चिकित्सको के द्वारा चिकित्सा जांच कराया गया जिसमें कुल 206 रोगियों का निशुल्क इलाज किया गया जिसमें हड्डी रोग के 78,दंत रोग के 15, कान गला नाक रोग के 23, शिशु रोग के 14, नेत्र रोग 53 ,सामान्य रोग के 21 मरीजो का इलाज किया गया जिसमें एक्स-रे 08, ई.सी.जी.6,लैब पेशेंट 29 टेस्ट 77 इत्यादि मरीजों का जांच किया गया ' शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से अस्पताल के प्रबंधक प्रणव कुमार पाठक, मनोज त्रिवेदी, उमेश शर्मा,राजीव रंजन, मुकेश साहू अरुण राम वरुण सिंह फारूक अंसारी दीलेश लोहरा ,जमुना देवी उर्मिला कुजूर एएनएम अंशु कुमारी प्रीति कुमारी सीमा उरांव यशिका तिग्गा निर्मला कुजूर सावित्री तिर्की भजन भगत सूरजमानी भगत संचरिया देवी अनीता देवी ललिता देवी सीता देवी अनीता देवी एतवा उरांव इत्यादि लोगों का सहयोग रहा।

# भाग समिति की बैठक आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**लोहरदगा:** एकल अभियान भाग अध्यक्ष नवल किशोर अग्रवाल की अध्यक्षता में भाग समिति की महत्वपूर्ण बैठक महावीर चौक स्थित अग्रसेन भवन में संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ भारत माता एवं सरस्वती माता की तस्वीर के समक्ष मुख्य अतिथि लोहरदगा नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव, रांची एकल चैप्टर अध्यक्ष अंचल किंगर और केंद्रीय साहित्य प्रकाशन प्रमुख अमरेंद्र विष्णुपुरी द्वारा दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर मंचासीन सभी अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प देकर सम्मानित किया गया। एकल भाग अध्यक्ष नवल अग्रवाल ने उपस्थित सभी का परिचय देते हुए लोहरदगा भाग के अंतर्गत चल रहे एकल विद्यालयों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर रांची एकल चैप्टर अध्यक्ष अंचल किंगर एवं केंद्रीय साहित्य प्रकाशन प्रमुख अमरेंद्र विष्णुपुरी ने मार्गदर्शन देते हुए कहा कि एकल अभियान के गठन को 37 वर्ष पूरे हो गए हैं और इसका आरंभ इसी लोहरदगा भाग से हुआ था। आज भारतवर्ष के हर कोने में इसके लाखों स्कूल चल रहे हैं, जहाँ से शिक्षा पाकर विद्यार्थी आज डॉक्टर, इंजीनियर, फौजी, वैज्ञानिक, बड़े व्यवसायी एवं सरकार के उच्च पदों पर आसीन होकर देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील की कि सप्ताह में एक दिन तन और मन से देश एवं समाज की सेवा में योगदान दें। नगर परिषद अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि मैं खुद देखा हूं की सुदूर और दुर्गम इलाकों में, जहाँ जाने में लोग डरते थे, वहाँ भी एकल विद्यालय का सफल संचालन हो रहा है और ग्रामीण बच्चों को घर-घर जाकर शिक्षा दी जा रही है, जो कि विकास के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा का स्त्रोत है। सचिव दीपक अग्रवाल ने बैठक का संचालन करते हुए पंचमुखी शिक्षा, समिति की सक्रियता और संगठन की मजबूती व विस्तार पर जोर दिया। बैठक में मुख्य रूप से लोहरदगा एकल अभियान भाग के संरक्षक दीपक सर्राफ, अध्यक्ष नवल अग्रवाल, सचिव दीपक अग्रवाल, धनंजय अग्रवाल, डॉक्टर कुमुद अग्रवाल, किशोर बंका, जयप्रकाश शर्मा, जय गोविंद प्रसाद, मनीष राजगढ़िया, कुमार अभिषेक, दिनेश साहू, बालवीर देव, प्रमोद अग्रवाल, अजय सोनी, संजय अग्रवाल, अशोक धनेश्वर, अशोक पोद्दार, सत्येंद्र मिश्रा, प्रकाश महतो, अखिलेश सिंह, जितवाहन बढ़ाइक, रंजीत यादव, भीम साहू, कमल अग्रवाल, सुषमा सिंह, लक्ष्मी अग्रवाल, रीता अग्रवाल, कनक लता, संगीता मित्तल के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पाकुड़ में झामुमो कार्यकताओं ने मनाई अंबेडकर जयंती, बाबा साहब को किया नमन, सामाजिक न्याय और समानता का दिया संदेश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**पाकुड़:**-संविधान निमार्ता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के 135वीं जयंती के सुअवसर पर जिले के अम्बेडकर चौक स्थित स्थापित बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के आदमकद प्रतिमा पर झामुमो कार्यकताओं द्वारा झामुमो जिला उपाध्यक्ष पीटर मरांडी के नेतृत्व में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया।इस दौरान झामुमो जिला उपाध्यक्ष पीटर मरांडी ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय की स्थापना का प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों को समान अधिकार दिलाने के लिए जो योगदान दिया, वह सदैव स्मरणीय रहेगा।वहीं, झामुमो नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह व झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मुस्लेउद्दीन शेख ने अपने संयुक्त संबोधन में कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहे हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर ही एक समतामूलक समाज का निर्माण संभव है।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।मौके पर केंद्रीय समिति सदस्य उमर फारूक, नगर सचिव नूर आलम, बुद्धिजीवी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रकाश सिंह, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रेजाउल हक, आलमगीर आलम, पाकुड़ प्रखंड उपाध्यक्ष अजफारुल शेख, साफु, लालचंद, फुरकान शेख, नाजिर, हैदर अली सहित दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक मौजूद थे।

## जय श्री राम समिति के निर्वाचित चुने हुए पदाधिकारी निरंतर अपने सामाजिक एवं सेवा कार्यों में सक्रिय रहते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं



इसी क्रम में मानव सेवा के कार्य को आगे बढ़ाते हुए चीरी निवासी मरीज धनराज उरांव, जो कि द्वितीका नर्सिंग होम, लोहरदगा में भर्ती हैं, उन्हें डॉक्टरों द्वारा खून की कमी बताई गई। इस पर उन्होंने जय श्रीराम समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं रक्त संग्रह प्रमुख जीवन राज मेहता से संपर्क किया।समिति के निर्वाचित पदाधिकारीयो ने की पहल और कुंदन कुमार, पिता लक्ष्मण महतो, निवासी हटिया गार्डन के निवासी से संपर्क किया उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए रक्तदान के लिए आगे आए और लोहरदगा सदर अस्पताल में अपना रक्तदान कर मरीज धनराज उरांव को उपलब्ध कराया साथ धनंजय उरांव के परिजनों ने इस कार्य के लिए समिति को धन्यवाद कहते हुए इस कार्य की प्रशंसा की और कहा कि परिवार में तो बहुत सारे लोग हैं किंतु वक्त में जो काम आए वह अपनों से भी बढ़कर हैइस अवसर पर सुनील अग्रवाल, प्रदीप साहू,जीवन राज मेहता, कुंदन कुमार ,एवं रमेश राय उपस्थित रहे।जय श्रीराम समिति के निर्वाचित पदाधिकारी का सदैव समाज सेवा, मानवता और जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी इसी प्रकार सेवा कार्यों में निरंतर सक्रिय रहेगी।

# अजमत-ए-वालिदैन कॉन्फ्रेंस सह जलसा अकीदत व एहतराम के साथ संपन्न, उलेमा-ए-किराम ने दिया इस्लाही पैगाम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**लोहरदगा** जिले के नवाडीह ग्राम में 13 अप्रैल की रात अजमत-ए-वालिदैन कॉन्फ्रेंस सह जलसा बड़े ही अकीदत, एहतराम और पुरनूर माहौल में कामयाबी के साथ मुकम्मल हुआ। अंजुमने इस्लामियां नवाडीह और मोजद्दीद अल्फशानी तालीमी मिशन के जेरे एहतिमाम आयोजित इस अजीमोशान जलसे में दूर-दराज से आए लोगों की खासी तादाद उमड़ी। जलसे में शरीक उलेमा-ए-किराम ने अपने बयानात के जरिए लोगों को दीन, अखलाक और समाजी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया। जलसे के खास मेहमान नबीरा-ए-आला हजरत, शहजादा व जानशीन-ए-हुजूर अमीने शरीअत, खलीफा व दामाद-ए-हुजूर ताजुश्शरिया, आबरू-ए-अहले सुन्नत पीर-ए-तरीकत रहबर-ए-राह-ए-शरीअत हजरत अल्लामा मौलाना मुफ्ती मोहम्मद सलमान रजा खान साहब किबला बरेली शरीफ ने अपने खिताब में फरमाया कि वालिदैन की खिदमत इंसान के लिए सबसे बड़ी नेमत है। जो अपने मां-बाप का अदब और खिदमत करता है, अल्लाह तआला उसे दुनिया और आखिरत दोनों में कामयाबी अता फरमाता है। उन्होंने नौजवानों से अपील की कि वे अपनी जिंदगी को दीन-ए-इस्लाम की तालीमात के मुताबिक ढालें और समाज में मोहब्बत, भाईचारा और अखलाक को फरोग दें। वहीं आले नबी औलाद-ए-अली, पीर-ए-तरीकत, खलीफा-ए-हुजूर गुलजारे मिल्लत हजरत अल्लामा मौलाना सैयद कामरान हबीब साहब किबला (नवादा, बिहार) ने भी अपने बयान में कहा कि इंसानियत, सब्र और आपसी




इत्तेहाद ही एक बेहतर समाज की बुनियाद है। इसके अलावा मुकरीर-ए-अहले सुन्नत कारी जियाउद्दीन शम्सी, नकीब-ए-सुन्नत हसन रजा फैजी, ताजदार-ए-सुखन शायर-ए-फिक्र-ओ-फन हजरत अख्तर काशिफ साहब, नातख्वां मुस्तफा अफरोज अंबर और शायर-ए-अहले सुन्नत हजरत कारी अब्दुल सलाम कौसर ने अपने असरदार बयानात और नात-ओ-मनकबत पेश कर महफिल को रूहानी बना दिया। जलसे में वालिदैन के हुकूक, इस्लामी तालीमात, समाजी हमआहंगी, अखलाक और भाईचारे जैसे अहम मौजुआत पर रोशनी डाली गई। अकीदतमंदों ने पूरी तवज्जो के साथ उलेमाओं की बातें सुनीं और उनसे इस्तेफादा हासिल किया। इस अजीम कार्यक्रम को कामयाब बनाने में अंजुमन के जिम्मेदारान और इलाके के लोगों का खास किरदार रहा। जिनमें अतहर अंसारी, मोहिबुल्लाह अंसारी, रौनक इकबाल, रउफ अंसारी, हनान अंसारी, कामिल अंसारी, हमीद अंसारी, अमाल अंसारी, अनीस अंसारी, सनीफ अंसारी, मोजेबुल रहमान सहित कई लोग शामिल रहे।

# तीन राज्यों में बंपर वोटिंग ने क्या संदेश दिया? क्या जनादेश अभी से साफ नजर आ रहा है?



सचिन कुमार सिंह, प्रधान संपादक

सबसे पहले बात असम की करें तो यहां का मतदान प्रतिशत न केवल पिछले चुनावों से अधिक रहा बल्कि कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। कुल 126 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पहले के चुनावों के मुकाबले अधिक है। असम, केरल और पुडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में इस बार जबरदस्त मतदान ने लोकतंत्र की मजबूती का एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया है। लगभग 80 प्रतिशत के औसत मतदान ने यह संकेत दिया है कि जनता न केवल राजनीतिक रूप से जागरूक है, बल्कि अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इतना ही नहीं, इस भारी मतदान ने राजनीतिक दलों की धड़कनें भी तेज कर दी हैं, क्योंकि हर दल इसे अपने पक्ष में जनसमर्थन के रूप में देख रहा है। हालांकि इस बंपर मतदान के वास्तविक मायने क्या हैं, यह समझने के लिए तीनों राज्यों का अलग अलग विश्लेषण जरूरी है।

**असम चुनाव**

सबसे पहले बात असम की करें तो यहां का मतदान प्रतिशत न केवल पिछले चुनावों से अधिक रहा बल्कि कई क्षेत्रों में रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच गया। कुल 126 विधानसभा क्षेत्रों में लगभग 85 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पहले के चुनावों के मुकाबले अधिक है। खास बात यह रही कि सोलह निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान नब्बे प्रतिशत से भी ऊपर पहुंच गया। दलगांव में तो मतदान लगभग 95 प्रतिशत के करीब रहा, जो राज्य में सबसे अधिक है। असम में चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से दो ध्रुवों के बीच रहा। एक ओर भाजपा के नेतृत्व वाला सत्तारुढ़ गठबंधन है जो लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष गठबंधन सत्ता में वापसी के लिए संघर्षरत है। इसके अलावा कुछ क्षेत्रीय दल भी कुछ सीटों पर प्रभाव डालने की स्थिति में हैं। यहां मतदान का एक महत्वपूर्ण पहलू क्षेत्रीय असमानता के रूप में सामने आया। निचले असम के क्षेत्रों में, जहां अल्पसंख्यक मतदाताओं की संख्या अधिक है, वहां मतदान प्रतिशत अत्यधिक रहा। बरपेटा, बोंगाईगांव और धुबरी जैसे जिलों में मतदान नब्बे प्रतिशत से ऊपर दर्ज किया गया। इसके विपरीत ऊपरी असम के क्षेत्रों में मतदान अपेक्षाकृत कम रहा। इससे यह संकेत मिलता है कि चुनावी उत्साह उन क्षेत्रों में अधिक था जहां मुकाबला अधिक तीखा है।बॉलीवुड और दक्षिण एशियाई फिल्म हालांकि मतदान के दौरान कुछ स्थानों पर हिंसा की घटनाएं भी सामने आईं, लेकिन कुल मिलाकर मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही। भारी मतदान को लेकर सत्तारुढ़ नेतृत्व ने इसे ऐतिहासिक बताया और इसे जनता के विश्वास का प्रतीक माना।



**केरल चुनाव**

अब केरल की बात करें तो यहां का चुनाव परंपरागत रूप से दो प्रमुख गठबंधनों के बीच होता रहा है। इस बार भी मुख्य मुकाबला सत्तारुढ़ वाम मोर्चा और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ मोर्चे के बीच रहा, जबकि तीसरा विकल्प बनने की कोशिश कर रहा भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराने में लगा है। केरल में लगभग 77 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो पिछले चुनाव से अधिक है। आंकड़ों के मुताबिक कोझिकोड जिले में सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया, जबकि कुछ क्षेत्रों में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ। केरल में इस बार चुनाव का मुख्य सवाल यह रहा कि क्या सत्तारुढ़ गठबंधन लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटेगा या फिर विपक्ष वापसी करेगा? उच्च मतदान को लेकर अलग अलग राजनीतिक दलों ने अलग अलग दावे किए हैं। सत्तारुढ़ पक्ष इसे अपनी नीतियों के समर्थन के रूप में देख रहा है, जबकि विपक्ष इसे बदलाव की इच्छा का संकेत बता रहा है। हम आपको बता दें कि उत्तर केरल यानी मलाबार क्षेत्र इस बार भी चुनावी परिणामों की कुंजी माना जा रहा है। यहां की साठ सीटों पर तीनों प्रमुख राजनीतिक धाराओं की नजर है। पिछले चुनाव में इस क्षेत्र में सत्तारुढ़ दल को बड़ी सफलता मिली थी, लेकिन इस बार विपक्ष यहां बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है। कई सीटों पर कड़ा मुकाबला और अस्सी प्रतिशत से अधिक मतदान इस क्षेत्र को और भी महत्वपूर्ण बना देता है।

**पुडुचेरी चुनाव**

अब पुडुचेरी की बात करें तो यहां सबसे अधिक मतदान दर्ज किया गया, जो लगभग नब्बे प्रतिशत के करीब रहा। यह पिछले सभी रिकॉर्ड को पार करता हुआ दिखाई देता है। यहां मुकाबला मुख्य रूप से दो गठबंधनों के बीच है। एक ओर सत्तारुढ़ एनडीए गठबंधन है तो दूसरी ओर कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष। पुडुचेरी में चुनावी मुद्दों में राज्य का दर्जा, बेरोजगारी और जल प्रदूषण जैसे विषय प्रमुख रहे। इसके अलावा एक नए राजनीतिक दल की एंट्री ने भी चुनाव को दिलचस्प बना दिया है। उच्च मतदान से यह संकेत मिलता है कि जनता इन मुद्दों को लेकर गंभीर है और बदलाव या स्थिरता में से किसी एक को स्पष्ट रूप से चुनना चाहती है। तीनों राज्यों के आंकड़ों को मिलाकर देखें तो कुल मिलाकर पांच करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया और कुल एक हजार नौ सौ से अधिक उम्मीदवार मैदान में रहे। यह संख्या इस बात को दशार्ती है कि लोकतंत्र में भागीदारी कितनी व्यापक है।

**भारी मतदान से क्या संदेश मिला?**

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या भारी मतदान सत्ता परिवर्तन का संकेत है या फिर यह सत्तारुढ़ दलों के प्रति विश्वास को दशार्ता है? चुनावी विशेषज्ञों की राय इस पर बंटी हुई है। कुछ का मानना है कि जब लोग बड़ी संख्या में मतदान करते हैं तो यह बदलाव की इच्छा का संकेत होता है, जबकि अन्य इसे सरकार के प्रति संतोष के रूप में देखते हैं। वैसे कई विश्लेषकों का यह भी कहना है कि तीनों ही राज्यों में चुनाव प्रचार के दौरान जो बात सबसे प्रमुख तौर पर नजर आई वह यह थी कि सरकार के खिलाफ नाराजगी जरूर दिखी लेकिन सरकार बदलने का भाव जनता के बीच नहीं दिखा। बहरहाल, यह कहा जा सकता है कि असम में क्षेत्रीय ध्रुवीकरण, केरल में परंपरागत मुकाबला और पुडुचेरी में सीधी टक्कर ने इन चुनावों को बेहद रोमांचक और निर्णायक बना दिया है। भारी मतदान ने लोकतंत्र की जड़ों को और मजबूत करने का काम किया है और यह साफ संकेत दिया है कि जनता अपने अधिकार को लेकर पहले से अधिक सजग है। अब सबकी नजर मतगणना पर टिकी है, क्योंकि असली तस्वीर वही सामने लाएगी जो इस जनभागीदारी के पीछे छिपे जनमत को स्पष्ट करेगी।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली ।

**मेष राशि :-** शारीरिक बीमारी के सही होनी की काफी संभावनाएँ हैं और इसके चलते आप शीघ्र ही खेल-कूद में हिस्सा ले सकते हैं. आज घर से बाहर बड़ों का आशीर्वाद लेकर निकलें इससे आपको धन लाभ हो सकता है. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. आप साथ में कहीं घूमने-फिरने जाकर अपने प्रेम-जीवन में नयी ऊर्जा का संचार कर सकते हैं.

**वृषभ राशि :-** आपमें आज चुस्ती-फुर्ती देखी जा सकती है. आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा. विदेशों में पड़ी आपकी जमीन आज अच्छे दामों में बिक सकती है जिससे आपको मुनाफा होगा. आपके जीवन-साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की जरूरत है. रोमांस के लिहाज से रोमांचक दिन है. शाम के लिए कोई खास योजना बनाएँ और जितना हो सके, इसे उतना रुमानी बनाने की कोशिश करें.

**मिथुन राशि :-** आप जल्द ही लम्बे समय से चली आ रही बीमारी से उबरकर पूरी तरह सेहतमंद हो सकते हैं. लेकिन ऐसे खुदगर्ज और गुस्सैल इंसान से बचें, जो आपको तनाव दे सकता है और आपकी परेशानियों में इजाफा कर सकता है. जो लोग शेयर बाजार में पैसा लगाते हैं आज उनका पैसा डूब सकता है. वक्त रहते सचेत हो जाएं तो आपके लिए बेहतर रहेगा. जिन्हें भावनात्मक संबल की जरूरत है, वे पाएंगे कि बड़े मदद के लिए आगे आ रहे हैं.

**कर्क राशि :-** स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफी मुश्किल में पड़ सकते हैं. खास तौर पर अपने गुस्से पर काबू रखें, क्योंकि यह और कुछ नहीं बल्कि थोड़ी देर पागलपन है. धन की आवाजाही आज दिन भर होती रहेगी और दिन ढलने के बाद आप बचत करने में भी सक्षम हो पाएंगे.

**सिंह राशि :-** आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा. कई लोग आपकी खासी तारीफ कर सकते हैं. धन की आवश्यकता कभी भी पड़ सकती है इसलिए आज जितना हो अपने पैसे की बचत करने का विचार बनाएं. परिवार के सदस्यों की जरूरतों को तरजीह दें. उनके सुख-दुःख के भागीदार बनें, ताकि उन्हें महसूस हो कि आप वाकई उनका खयाल रखते हैं. आज आप अपने दोस्त की महक उसकी अनुपस्थिति में महसूस करेंगे.

**कन्या राशि :-** अपनी शारीरिक चुस्ती-फुर्ती को बनाए रखने के लिए आप आज का दिन खेलने में व्यतीत कर सकते हैं. जिन लोगों ने कहीं निवेश किया था आज के दिन आपको आर्थिक हानि होने की संभावना है. अपनी महत्वाकांक्षाओं को ऐसे बड़ों के साथ बांटें, जो आपकी सहायता कर सकते हैं. रोमांस के नजरिए से आज जिन्दगी बहुत जटिल रहेगी. आज किए गए निवेश काफी फायदेमन्द साबित होंगे, लेकिन आपको भागीदारों से विरोध का सामना करना पड़ सकता है.

**तुला राशि :-** दूसरों की इच्छाएँ आपकी अपना खयाल रखने की इच्छा से टकराएंगी- अपने जज्बात को बांधे नहीं और वे काम करें जिससे आपको सुकून मिले. जमीन या किसी प्रॉपर्टी में निवेश करना आज आपके लिए घातक हो सकता है जितना हो सके इन चीजों में निवेश करने से बचें. आपमें से कुछ गहने या घरेलू सामान खरीद सकते हैं. सावधान रहें, क्योंकि कोई आपकी छवि धूमिल करने की कोशिश कर सकता है.

**वृश्चिक राशि :-** मित्रों या परिवार के सदस्यों के साथ मौज-मस्ती भरी यात्रा आपको सुकून देगी. आपने बीते समय में बहुत पैसा खर्च किया है जिसका खामियाजा आज आपको भुगतना पड़ सकता है. आज आपको पैसों की जरुरत होगी लेकिन वो आपको मिल नहीं पाएगा. दोस्तों का साथ राहत देगा. अपने प्रिय की गैर-जरूरी भावनात्मक मांगों के सामने घुटने न टेकें. नयी साझीदारी आज के दिन फलदायी रहेगी.

**धनु राशि :-** खयाली पुलाव पकाने में वक़्त जाया न करें. सार्थक कामों में लगाने के लिए अपनी ऊर्जा बचाकर रखें. आज किया गया निवेश आपकी समृद्धि और आर्थिक सुरक्षा में इजाफा करेगा. किसी नजदीकी रिश्तेदार या मित्र की तरफ से मिली अच्छी खबर के साथ दिन की शुरूआत होगी. प्यार का भरपूर लुत्फ मिल सकता है. आपके पास आज अपनी क्षमताओं को दिखाने के मौके होंगे. अगर आप शादीशुदा हैं और आपके बच्चे भी हैं तो वो आज आपसे शिकायत कर सकते हैं।

**मकर राशि :-** स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा दिन है. आपकी ख़ुशमिजाजी ही आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी करेगी. कोई पुराना मित्र आज आपसे आर्थिक मदद मांग सकता है और यदि आप उसकी आर्थिक मदद करते हैं तो आपके आर्थिक हालात थोड़े तंग हो सकते हैं. अपना क़ीमती वक़्त अपने बच्चों के साथ गुजारें. यह सबसे बेहतर मरहम है. वे कभी न खत्म होने वाली खुशियों का स्रोत साबित होंगे.

**कुम्भ राशि :-** नियमित व्यायाम के माध्यम से वजन को नियन्त्रित रखें. खर्चों में हुई अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी आपके मन की शांति को भंग करेगी. कुछ लोगों के लिए- परिवार में किसी नए का आना जश्न और उल्लास के पल लेकर आएगा. अनपेक्षित रोमांटिक आकर्षण की संभावना है. मशहूर लोगों से मेलजोल आपको नई योजनाएँ और आइडिया सुझाएगा. दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा.

**मीन राशि :-** आपका सकारात्मक रुख आपके आसपास के लोगों को प्रभावित करेगा. अतिरिक्त धन को रिअल एस्टेट में निवेश किया जा सकता है. शाम को रसोई के लिए जरूरी चीजों की खरीदारी आपको व्यस्त रखेगी. कई लोगों के लिए आज की रोमांटिक शाम खूबसूरत तोहफों और फूलों से भरपूर रहेगी. कार्यक्षेत्र के नजरिए से आज का दिन आपका है. इसका भरपूर फायदा उठाएँ. आज आप खुद को लोगों के ध्यान के केंद्र में पाएंगे, जब कोई आपके सहयोग की वजह से पुरस्कृत होगा।

# लैंगिक समानता की बातें तो बड़ी बड़ी होती हैं मगर हकीकत कुछ और ही है

मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही हैं। धरती हो या आकाश, आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल, समाजसेवा हो या राजनीति, महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं। ईश्वर की बनाई इस सृष्टि में मानव के रूप में जन्म लेना एक दुर्लभ सौभाग्य की बात होती है। और जब वो जन्म एक स्त्री के रूप में मिलता है तो वो परम सौभाग्य का विषय होता है। क्योंकि स्त्री ईश्वर की सबसे खूबसूरत वो कलाकृति है जिसे उसने सृजन करने की पात्रता दी है। सनातन संस्कृति के अनुसार संसार के हर जीव की भांति स्त्री और पुरुष दोनों में ही ईश्वर का अंश होता है लेकिन स्त्री को उसने कुछ विशेष गुणों से नवाजा है। यह गुण उसमें नैसर्गिक रूप से पाए जाते हैं जैसे सहनशीलता, कोमलता, प्रेम, त्याग, बलिदान ममता। यह स्त्री में पाए जाने वाले गुणों की ही महिमा होती है कि अगर किसी पुरुष में स्त्री के गुण प्रवेश करते हैं तो वो देवत्व को प्राप्त होता है लेकिन अगर किसी स्त्री में पुरुषों के गुण प्रवेश करते हैं तो वो दुर्गा का अवतार चंडी का रूप धर लेती है जो विध्वंसकारी होता है। किंतु वही स्त्री अपने स्त्रियोचित नैसर्गिक गुणों के साथ एक गृहलक्ष्मी के रूप में अन्नपूर्णा और एक माँ के रूप में ईश्वर स्वरूपा बन जाती है।

देखा जाए तो इस सृष्टि के क्रम को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में जो जिम्मेदारियां ईश्वर ने एक स्त्री को सौंपी हैं उनके लिए एक नारी में इन गुणों का होना आवश्यक भी है। लेकिन इसके साथ ही हमारी सनातन संस्कृति में शिव का अर्धनारीश्वर रूप हमें यह भी बताता है कि स्त्री और पुरुष एक दूसरे के पूरक हैं प्रतिद्वंद्वी नहीं और स्त्री के ये गुण उसकी शक्ति हैं कमजोरी नहीं। भारत तो वो भूमि रही है जहां प्रभु श्री राम ने भी सीता माता की अनुपस्थिति में अश्वमेध यज्ञ उनकी सोने की मूर्ति के साथ किया था। भारत की संस्कृति तो वो है जहाँ कृष्ण भगवान को नन्दलाल कहा जाता था तो वो देवकीनंदन और यशोदानन्दन भी थे। श्री राम दशरथ नन्दन थे तो कौशल्या नन्दन होने के साथ-साथ सियावर भी थे। भारत तो वो राष्ट्र रहा है जहाँ मैत्रैयी गार्गी इंद्राणी लोपमुद्रा जैसी वेद मंत्र द्दष्टा विदुषी महिलाएं थीं तो कैकई जैसी रानियां भी थीं जो युद्ध में राजा दशरथ की सारथी ही नहीं थीं बल्कि युद्ध में राजा दशरथ के घायल होने की अवस्था में उनकी प्राण रक्षक भी बनीं। लेकिन इसे क्या कहा जाए कि स्त्री शक्ति के ऐसे गौरवशाली सांस्कृतिक अतीत के बावजूद वर्तमान भारत में महिलाओं को सामाजिक रूप सशक्त करने की दिशा में सरकारों को महिला दिवस मनाने जैसे विभिन्न प्रयास करने पड़ रहे हैं। समझने वाली बात यह है कि आज जब हम महिलाओं के अधिकारों की बात करते हैं और लैंगिग समानता की बात करते हैं तो हम मुद्दा तो सही उठाते हैं लेकिन विषय से भटक जाते हैं। मुद्दे की अगर बात करें, तो आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपने कदम रख रही



हैं। धरती हो या आकाश, आईटी सेक्टर हो या मेकैनिकल, समाजसेवा हो या राजनीति, महिलाएं आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही हैं। और अपनी कार्यकुशलता के दम पर अपनी प्रतिभा का लोहा भी मनवा रही हैं। आज विश्व के अनेक देशों के शीर्ष पदों पर महिलाएं विराजमान हैं। इसके अलावा आज के आत्मनिर्भर भारत के इस दौर में अनेक महिला उद्यमी देश की तरक्की में अपना योगदान दे रही हैं। लेकिन यह तस्वीर का एक रुख है।

तस्वीर का दूसरा रुख है 2021 की एक सर्वे रिपोर्ट जिसमें यह बात सामने आती है कि 37 प्रतिशत महिलाओं को उसी काम के लिए पुरुषों के मुकाबले कम वेतन दिया जाता है। 85 फीसद महिलाओं का कहना है कि उन्हें पदोन्नति और वेतन के मामले में नौकरी में पुरुषों के समान अवसर नहीं मिलते। लिंक्डइन की इस सर्वे रिपोर्ट के अनुसार आज भी कार्य स्थल पर कामकाजी महिलाओं के साथ भेदभाव किया जाता है। महिलाओं को काम करने के समान अवसर उपलब्ध कराने के मामले में 55 देशों की सूची में भारत 52वें नम्बर पर है। इसे क्या कहा जाए कि हम वैश्विक स्तर पर महिला दिवस जैसे आयोजन करते हैं जिसमें महिलाओं को पुरुषों के समान अधिकार देने की बातें करते हैं लेकिन जब तनख्वाह, पदोन्नति, समान अवसर प्रदान करने जैसे विषय आते हैं तो हम 55 देशों की सूची में अंतिम पायदानों पर होते हैं। जाहिर है कि जब इस मुद्दे पर चर्चा होती है तो अनेक तर्क वितर्कों के माध्यमों से महिला सशक्तिकरण से लेकर नारी मुक्ति और स्त्री उदारवाद से लेकर लैंगिक समानता जैसे भारी भरकम शब्द भी सामने आते हैं और यहीं हम विषय से भटक जाते हैं क्योंकि उपरोक्त विमर्शों के साथ शुरू होता है पितृसत्तात्मक समाज का विरोध। यह विरोध शुरू होता है पुरुषों से बराबरी के आचरण के साथ। पुरुषों जैसे कपड़ों से लेकर पुरुषों जैसा आहार विहार जिसमें मदिरा पान सिगरेट सेवन तक शामिल होता है। जाहिर है कि तथाकथित उदारवादियों का स्त्री विमर्श का यह आंदोलन उदारवाद के नाम पर फूहड़ता के साथ शुरू होता है और समानता के नाम पर मानसिक दिवालियेपन पर खत्म हो जाता है।

**– योगेन्द्र योगी**

# कीव पर हमला

यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध का तेज होना पूरी दुनिया के लिए चिंताजनक और दुखद है। सूचना है कि रूस ने करीब 75 मिसाइल दागकर यूक्रेन को पछाड़ने की कोशिश की है। रूस ने सीधे राजधानी कीव को ही निशाना बनाया है। गत दिनों क्रीमिया को रूस से जोड़ने वाले पुल पर हुए विस्फोट के लिए रूस ने कीव को जिम्मेदार माना है और जिसका बदला उसने दनादन मिसाइल दागकर लिया है। कीव से आ रही तस्वीरें लोमहर्षक हैं। जगह-जगह ध्वस्त इमारतों और आगजनी से पूरा कीव शहर अस्त-व्यस्त हो गया है। कीव के अलावा भी यूक्रेन के अन्य शहरों पर मिसाइल बरसे हैं। लोगों से कह दिया गया है कि वे घर से बाहर न निकलें। आने वाले दिनों में रूसी हमला और खतरनाक होने की आशंका है। रूसी हमलों ने अगर यूक्रेन के बुनियादी ऊर्जा ढांचे को निशाना बनाया है, तो मकसद आसानी से समझा जा सकता है। यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कीव पर रूस ने इससे पहले 26 जून को हमला किया था। क्रीमिया और रूस को जोड़ने वाले पुल पर अगर विस्फोट न हुआ होता, तो शायद रूसी मिसाइलें कीव तक न पहुंचतीं।

इस हमले के बाद बहस भी तेज हो जाएगी कि आखिर यूक्रेन की ओर से युद्धक हमले क्यों किए जा रहे हैं? अगर मंशा युद्ध रोकने की है, तो यूक्रेन को ज्यादा संयम बरतना चाहिए, तभी दुनिया रूस को युद्ध रोकने की नसीहत दे पाएगी। रूस को युद्ध रोकने की नसीहत अनेक देश दे चुके हैं और भारतीय प्रधानमंत्री ने भी रूसी राष्ट्रपति को युद्ध रोकने की सलाह देते हुए कहा था कि यह समय युद्ध का नहीं है। गौर करने की बात है कि यूक्रेन की सेना या राष्ट्रपति ने रूसी पुल पर हुए विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है, इससे यह संकेत गया है कि यूक्रेन और रूस के बीच कोई तीसरा पक्ष भी है, जो युद्ध भड़काना चाहता है। ऐसे विश्व-विरोधी तत्वों से सावधान रहना चाहिए। रूस ने तो पुल पर हुए विस्फोट को आतंकवादी कृत्य करार दिया है और हमें अच्छी तरह पता है कि रूस आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता रखता है। पुल पर हुए विस्फोट का अगर यूक्रेन में जश्न मनाया गया था, तो यह गंभीर व मॉस्को को चिढ़ाने वाली बात है।

हमें यह भी ध्यान रखना चाहिए कि युद्ध के खिलाफ रूस के लोगों ने प्रदर्शन किए हैं और वहां बड़ी संख्या में लोग जेलों में बंद हैं। क्या यूक्रेन में भी लोगों ने युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किए हैं? परस्पर मिलकर चलने की नसीहत जितनी रूस के लिए जायज है, उतनी ही यूक्रेन के लिए भी। पश्चिमी शक्तियों के बहकावे में आकर ही यूक्रेन आज लहूलुहान है, यह बात खुद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की बोल चुके हैं। जेलेंस्की अगर रूस में घुसकर हमला करने के पक्ष में नहीं हैं, तो उन्हें यह साफ करना चाहिए। यूक्रेन के लोगों की सुरक्षा की चिंता करना जेलेंस्की का पहला काम है। पश्चिम के देश या अमेरिका में बैठे रणनीतिकार केवल अपना हित देखते हुए सलाह दे सकते हैं। युद्ध समाप्त करने की अपील के बजाय अगर पश्चिमी देश लगातार रूस को आलोचना का निशाना बनाने के उपक्रम में जुटे रहेंगे, तो आशंका है, युद्ध किसी भी समय विकराल रूप ले लेगा। यूक्रेन को अपना बचाव करने के लिए हथियार व धन देना और रूस पर हमले के लिए हथियार व धन देने में बहुत अंतर है। रूस किस हद तक जा सकता है, इसका एहसास पहले यूक्रेन को होना चाहिए, क्योंकि प्रत्यक्ष रूप से हमले तो केवल वही झेल रहा है।

# सिलीगुड़ी कॉरिडोर में जमीन के नीचे रेल दौड़ाने की तैयारी, चिकन नेक को मिलने वाली धमकियां होंगी बेअसर

मोदी सरकार ने अब सिलीगुड़ी गलियारे की सुरक्षा और मजबूती के लिए बड़ा कदम उठाया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि करीब चालीस कोस लंबे हिस्से में भूमिगत रेल पटरियां बिछाने की योजना बनाई गई है। पूर्वोत्तर को देश के बाकी हिस्से से जोड़ने वाला सिलीगुड़ी गलियारा एक बार फिर राष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में है। यह धरती की वही पतली पट्टी है जिसे आम बोलचाल में चिकन नेक कहा जाता है। सबसे संकरे हिस्से में इसकी चौड़ाई करीब पच्चीस कोस से भी कम मानी जाती है। इसके एक ओर नेपाल, दूसरी ओर भूटान और पास ही बांग्लादेश की सीमा है। यही रास्ता पूर्वोत्तर के आठों राज्यों के लिए जीवन रेखा है। सेना की आवाजाही हो, अनाज और ईंधन की आपूर्ति हो या व्यापार, सब कुछ काफी हद तक इसी राह से गुजरता है। केंद्र सरकार ने अब इस गलियारे की सुरक्षा और मजबूती के लिए बड़ा कदम उठाया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की है कि करीब चालीस कोस लंबे हिस्से में भूमिगत रेल पटरियां बिछाने की योजना बनाई गई है। तीन मील हाट से रंगापानी के बीच यह भूमिगत मार्ग बनेगा। साथ ही पूरे मार्ग को चार पटरियों वाला बनाने का प्रस्ताव भी वार्षिक लेखा योजना में रखा गया है ताकि यातायात की क्षमता कई गुना बढ़ सके। हम आपको बता दें कि हाल के समय में इस गलियारे को लेकर कई तरह की गीदड़ भभकियां सामने आईं थीं। बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कुछ समूहों ने चिकन नेक को दबाने जैसी बातें कही थीं। कुछ बयान ऐसे भी आये जिनमें इस इलाके को ग्रेटर बांग्लादेश की कल्पना से जोड़ा गया। ढाका की चीन से बढ़ती नजदीकी ने भी चिंता बढ़ाई। वर्ष 2017 में डोकलाम टकराव के समय भी सैन्य योजनाकारों ने सिलीगुडी हिस्से की कमजोरी पर ध्यान दिलाया था। साफ था कि यदि यहां बाधा आई तो पूर्वोत्तर लगभग कट सकता है। इसी पृष्ठभूमि में भूमिगत रेल को संकट के समय भी संपर्क बनाए रखने की योजना के रूप में देखा जा रहा है। भूमिगत मार्ग पर सीधा प्रहार करना कठिन होगा। इससे सैनिक साजो सामान और आम जन जीवन की आपूर्ति निरंतर बनी रह सकती है।

यदि चिकन नेक जैसे संवेदनशील इलाके में भूमिगत रेल मार्ग बनता है तो यह कौशल, साहस और दूरदर्शिता का भी प्रदर्शन होगा। भारत पहले ही जम्मू-कश्मीर में दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल का निर्माण कर अपनी प्रतिभा दिखा चुका है। पहाड़ चीरकर और पहाड़ों के ऊपर पुल खड़ा करने वाले यही हाथ जमीन के भीतर भी सुरक्षित मार्ग बना सकते हैं। वैसे भी कठिन भौगोलिक हालात को मात देना भारतीय इंजीनियरों की पहचान बन चुकी है, इसलिए चिकन नेक में भूमिगत रेल केवल सुरक्षा कदम नहीं, बल्कि देश की तकनीकी ताकत और आत्मविश्वास का प्रतीक भी होगी।

देखा जाये तो यह गलियारा केवल भौगोलिक पट्टी नहीं बल्कि राष्ट्रीय एकता की धुरी है। इसलिए इसकी सुरक्षा पर किसी तरह की ढिलाई नहीं हो सकती। भूमिगत रेल, चार पटरी विस्तार और कड़ी निगरानी को उसी दिशा में उठे कदम के रूप में देखा जा रहा है। सामरिक द्दष्टि से देखें तो यह इलाका चार देशों के बीच घिरा है। सीमा पार से होने वाली हर हलचल यहां असर डालती है। चीन की क्षेत्रीय महत्वाकांक्षा, बांग्लादेश की अंदरूनी राजनीति, और खुले सीमा प्रबंध वाले इलाकों की जटिलता, सब मिलकर इस पट्टी को संवेदनशील बनाते हैं। ऐसे में भूमिगत रेल केवल ईंट पत्थर का काम नहीं, बल्कि संकट काल में जीवन रेखा को जिंदा रखने का उपाय है। युद्ध या बड़े तनाव की स्थिति में खुली पटरियां आसान निशाना बन सकती हैं, पर जमीन के भीतर चलने वाली रेल को रोकना कठिन होगा।



# पहले सम्राट चौधरी फिर विजय चौधरी ने की नीतीश से मुलाकात, चंद घंटे में हो सकती है तस्वीर साफ

एजेंसी



**पटनाः** बिहार में नई सरकार को लेकर पटना से दिल्ली तक हलचल तेज है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा की सदस्यता लेने और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा देने के बाद यह तय हो गया है कि बिहार में जल्द ही नई सरकार का गठन होगा. सीएम का सामान सात सर्कुलर रोड में शिफ्ट भी होने लगा है. बीजेपी और जेडीयू के नेता लगातार उनसे मुलाकात कर रहे हैं और आगे की रणनीति तैयार हो रही है.

**सम्राट के बाद विजय चौधरी ने की मुलाकातः** आज भी डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की है. वहीं, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने बैठक के बाद सीएम आवास से बाहर निकलने पर मीडिया से बातचीत करते हुए कहा बिहार में बीजेपी की अनुशंसा के बाद एनडीए विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री के नाम पर मुहर लगेगी.

**जल्द ही तस्वीर हो जाएगी साफः** सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री आवास पहुंचने पर विजय चौधरी ने कहा कि सम्राट चौधरी तो कल भी आए थे. वहीं मुख्यमंत्री के इस्तीफे और नई सरकार को लेकर विजय चौधरी ने कहा कि सब कुछ तय राणनीति के तहत ही होगा और आप लोगों को सब कुछ समय पर जानकारी मिल जाएगी.

**आखिरी कैबिनेट बैठक पर क्या बोले?:** मंत्रिमंडल को लेकर विजय चौधरी ने कहा कि अभी मंत्रिमंडल पर कोई चर्चा नहीं हुई है. बिहार में कौन मुख्यमंत्री बनेगा, अभी तक कई नाम पर कयास लगाए जा रहे हैं. 13 अप्रैल को होने वाली कैबिनेट बैठक को लेकर विजय चौधरी ने कहा कि प्रस्तावित तो बैठक है लेकिन अभी फैसला नहीं हुआ है. जेडीयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय चौधरी का साफ करना है कि जल्द ही सब कुछ आप लोगों को पता चल जाएगा. थोड़ा इंतजार करिये.

**बीजेपी की तरफ से हलचल तेजः** असल में 10 अप्रैल को जब मुख्यमंत्री दिल्ली में राज्यसभा की सदस्यता ली, उसके बाद से ही बिहार में नई सरकार के गठन की लेकर हलचल तेज हो गई है. बीजेपी कोर कमेटी की बैठक 10 अप्रैल को ही दिल्ली में होनी थी लेकिन आखिरी मौके पर रद्द ही गई और उसके कारण कई तरह की चर्चा भी शुरू है.

**15 को नई सरकार का गठन संभवः** बिहार में जो चर्चा है, उसके मुताबिक 14 अप्रैल को नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं, वहीं 15 अप्रैल को बिहार में नई सरकार का गठन हो सकता है. सीएम कौन होगा, ये तो तय नहीं है लेकिन ये साफ है कि बीजेपी का ही कोई नेता मुख्यमंत्री होगा. वहीं, जेडीयू कोटे से डिप्टी सीएम होगा. निशांत कुमार के नाम की भी चर्चा है.

# रक्सौल-तिरुपति एक्सप्रेस को मिला नया स्टॉपेज, रेलवे ने दी मंजूरी

एजेंसी

**बिहारः** लंबे समय के बाद जनकपुर रोड स्टेशन के यात्रियों के लिए आखिरकार राहत भरी खबर है. रेलवे की ओर से (गाड़ी नंबर-07051/52) रक्सौल-तिरुपति एक्सप्रेस के ठहराव को मंजूरी दी गई है. यह फैसला न केवल क्षेत्र के यात्रियों के लिए सुविधाजनक साबित होगा, बल्कि धार्मिक यात्रा को भी नई गति देगा.

### हफ्ते में दो दिन चलेगी ये ट्रेन

रेलवे के इस निर्णय के अनुसार, 13 अप्रैल से यह ट्रेन हर सोमवार को तिरुपति से चलेगी और बुधवार को रक्सौल पहुंचेगी. इसके बाद गुरुवार को रक्सौल से रवाना होकर शनिवार



को तिरुपति पहुंचेगी. जनकपुर रोड स्टेशन पर ठहराव मिलने से अब श्रद्धालुओं को श्री बालाजी तिरुपति धाम जाने के लिए लंबी दूरी तय करने की मजबूरी से छुटकारा मिल जाएगा.

### ट्रेन में यात्रियों को मिलेगी ये सुविधा

रेलवे के अधिकारी की माने तो, यह ट्रेन दोनों दिशाओं में यात्रा के दौरान 7-7 ट्रिप लगाएगी. इस ट्रेन में जनरल, सेकंड क्लास, स्लीपर कोच और एसी की सुविधा उपलब्ध होगी. तिरुपति जाने वाले तीर्थयात्रियों के लिए ट्रेन में एक विशेष आरक्षण कोटा भी रखा जाएगा, जिससे टिकट कंफर्म होने की संभावना बढ़ जाएगी.

**तिरुपति जाना होगा बेहद आसान**

जानकारी के मुताबिक, इस ट्रेन को नियमित कराने के पीछे स्थानीय सांसद देवेश चंद्र ठाकुर, डॉ. संजय जायसवाल और क्षेत्रीय विधायकों की बड़ी भूमिका रही है. सालों से इस रूट पर दक्षिण भारत के लिए एक सीधी ट्रेन की मांग की जा रही थी. नेपाल सीमा पर रहने वाले लोग न केवल व्यापार बल्कि धार्मिक आस्था के कारण भी दक्षिण भारत की यात्रा करते हैं. ऐसे में अब रामेश्वरम और तिरुपति जैसे पवित्र जगहों तक पहुंचना महज एक सपना नहीं रह जाएगा.

# बिहार में दर्दनाक हादसा, दादी के श्राद्ध में जा रही बच्ची समेत 3 की मौत

एजेंसी



**रोहतासः** बिहार के सासाराम में आज एक भीषण सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को झकझोर रख दिया. अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाइक सवार तीन लोगों को कुचल दिया, जिसमें 23 वर्षीय युवक, उसकी 28 वर्षीय भाभी और 4 वर्षीय भतीजी की मौके पर ही मौत हो गई. घटना नगर थाना क्षेत्र के बढ़ियाबाग इलाके में हुई.

**परिवार के तीन सदस्यों की मौत से सन्नाटाः** मृतकों की पहचान 23 वर्षीय परमानंद कुमार, उनकी भाभी 28 वर्षीय खुशबू देवी और खुशबू देवी की बेटी 2 वर्षीय काव्या के रूप में हुई है. तीनों कोचस थाना क्षेत्र के मैनपुरा गांव के रहने वाले थे. वे सासाराम के तकिया मोहल्ले से अपने गांव जा रहे थे, क्योंकि परमानंद कुमार की दादी का निधन हो गया था और वे श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए निकले थे.

**अनियंत्रित ट्रैक्टर ने मचाई तबाहीः** सुबह-सुबह घर से निकलते ही कुछ ही दूरी पर यह हादसा हो गया. ट्रैक्टर पर ईंटें लदी हुई थी और चालक अनियंत्रित गति से वाहन चला रहा था. नो एंट्री के बावजूद सुबह के समय भारी वाहनों के नगर में प्रवेश की वजह से सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है. ट्रैक्टर चालक घटना के बाद फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है.

**पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** घटना की सूचना मिलते ही सासाराम पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर सासाराम सदर अस्पताल भेज दिया है, जहां उनका पोस्टमार्टम कराया जा रहा है. पुलिस ने ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया है और आगे की जांच में जुट गई है.

**स्थानीय लोगों ने मुआवजे की मांग कीः** हादसे के बाद पूरे इलाके में कोहराम मच गया. स्थानीय लोगों ने सड़क दुर्घटना में मारे गए परिवार के सदस्यों के लिए उचित मुआवजा देने की मांग की है. एक साथ देवर, भाभी और भतीजी की मौत से पूरा इलाका सदमे में है.

**क्या कहता है महिला का पति?:** मृतक खुशबू देवी के पति विकास कुमार ने बताया कि पूरा परिवार श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए निकला था. तभी यह दर्दनाक हादसा हो गया. उन्होंने बताया कि उनकी पत्नी, छोटे भाई और दो साल की बेटी इस हादसे में शामिल थी. परिवार के सदस्य अभी भी सदमे में हैं. घर से सभी लोग श्राद्ध कर्म में शामिल होने के लिए निकले थे तभी सूचना मिली कि अनियंत्रित ट्रैक्टर ने रौंद डाला है. मेरी पत्नी, मेरे भाई और मेरी 2 साल की बेटी की मौत हो गई है.

**ट्रैफिक पुलिस ने दी जानकारीः** सासाराम ट्रैफिक पुलिस चंदन कुमार ने बताया कि तीनों मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे. ट्रैक्टर ने उन्हें रौंद दिया. शवों का पोस्टमार्टम चल रहा है और ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया है. पुलिस आरोपी ट्रैक्टर चालक की गिरफ्तारी के लिए छानबीन कर रही है.

## सर्विस रिवॉल्वर से मेरी बेटी की हत्या की गई..' एसआई दामाद पर लगा अवैध संबंध में मर्डर का आरोप

एजेंसी

**मुंगेर :** बिहार के मुंगेर में सफियाबाद थाना में तैनात सब इंस्पेक्टर की पत्नी की गोली लगने से मौत हो गई. मामले में तब नया मोड़ आया जब मृतक के परिजनों ने आरोपी पति पर अवैध संबंध का जिक्र किया और उसी के चलते हत्या किए जाने का आरोप लगाया.

**दारोगा की पत्नी ने आत्महत्या :** शुरूआत में इसे आत्महत्या बताया जा रहा था, लेकिन मृतका के परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं. घटना के बाद समस्तीपुर से पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. परिजन पुलिस से न्याय की गुहार लगा रहे हैं.

**हत्या है या आत्महत्या? :** जानकारी के अनुसार 11 अप्रैल की शाम पति-पत्नी के बीच हल्का विवाद हुआ था. हालांकि बाद में शांत हो गया. पति के मुताबिक, दोनों बाजार जाने की तैयारी में थे और इसी दौरान जब वह बाथरूम में थे, तभी उनकी पत्नी ने मेरे सर्विस पिस्टल से खुद को गोली मार ली. घायल अवस्था में उसे मुंगेर के इमरजेंसी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

**FSL की टीम ने जब्त की सर्विस पिस्टल :** घटना की सूचना मिलते ही मुंगेर एसपी समेत वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी. एफएसएल टीम ने मौके से सर्विस पिस्टल को जब्त कर लिया है और पूरे मामले की वैज्ञानिक जांच की जा रही है.

**'मेरी बेटी की हत्या की गई है' :** इधर, मृतका के पिता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बेटी की हत्या की गई है. उन्होंने बताया कि मेरी बेटी अपने भाई-बहनों में सबसे छोटी थी और उसकी शादी 7 फरवरी 2025 को बड़े धूमधाम से सब इंस्पेक्टर के साथ हुई थी.

# स्वास्थ्य के बाद अब शिक्षा विभाग की तेजस्वी ने खोली पोल, म्यूजिक टीचर की कमी पर भड़के

एजेंसी

**बिहारः** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने स्वास्थ्य विभाग के बाद अब शिक्षा विभाग की पोल खोल दी है. तेजस्वी यादव सरकारी स्कूलों में म्यूजिक टीचर की कमी पर भड़के. एक्स पर पोस्ट शेयर कर तेजस्वी यादव ने बिहार सरकार को निशाने पर लेते हुए जमकर तंज कसा.

### एक्स पर तेजस्वी यादव ने और क्या लिखा?

आगे उन्होंने यह भी लिखा, हैरानी की बात यह है कि ना ही विद्यालयों के शिक्षकों ने इन उपकरणों की मांग की थी और ना ही उन्हें इसके उपयोग का कोई प्रशिक्षण दिया गया है. स्पष्ट है कि विद्यालयों में म्यूजिक टीचर उपलब्ध न होने के कारण ये वाद्य-यंत्र बजाने के लिए नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार रूपी म्यूजियम में सजाने के लिए खरीदे गए



हैं.तेजस्वी यादव ने यह भी लिखा, बिना मांगे मोती मिले, मांगे मिले न भीख को इतनी सहजता से एनडीए सरकार चरित्रार्थ कर रही है जबकि शिक्षक अभ्यर्थी बेसब्री से वैकेंसी का इंतजार कर रहे हैं. हैरानी की बात है कि बिहार के विद्यालयों में म्यूजिक शिक्षक की कितनी रिक्तियां हैं, भाजपा-जदयू की सरकार के पास वर्तमान में कोई आंकड़ा नहीं है. बिना शिक्षक के स्कूलों में वाद्य-यंत्रों का क्या उपयोग है? क्या इन्हें केवल धूल फांकने और खराब होने के लिए खरीदा गया है?

### बिहार के दोनों डिप्टी सीएम से मांगा जवाब

एक्स पोस्ट के जरिए तेजस्वी यादव ने डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने जवाब मांगा. तेजस्वी ने लिखा, ईमानदारी और सुशासन का चोला पहने मुख्यमंत्री और दो-दो उपमुख्यमंत्री जवाब दें कि बिना शिक्षक बहाली किए, कि क्या एनडीए के मंत्रियों और अधिकारियों ने अपने-अपने हिस्से के कमीशन को सेट करने के लिए इन वाद्य-यंत्रों की खरीदी की है?

### स्वास्थ्य विभाग को लेकर क्या कहा था?

इससे पहले बिहार के स्वास्थ्य विभाग की पोल भी नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने खोली थी. सोशल मीडिया अकाउंट एक्स के जरिए ही उन्होंने पोस्ट शेयर कर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय पर तंज भी कसा था. तेजस्वी यादव ने लिखा था, अमंगल दोष से ग्रसित बिहार का स्वास्थ्य विभाग.

# पप्पू यादव ने निशांत कुमार को दिया समर्थन, बोले-बिहार को अब चाहिए ऐसा ही सरल चेहरा

एजेंसी

**पटनाः** पप्पू यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की जमकर तारीफ की है और उन्हें बिहार के लिए एक आदर्श मुख्यमंत्री का चेहरा बताया है. विपक्ष पर हमलावर रहने वाले पप्पू यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की जमकर तारीफ की है और उन्हें बिहार के लिए एक आदर्श मुख्यमंत्री का चेहरा बताया है.

### निशांत की सादगी पर फिदा हुए पूर्णिया सांसद

बिहार में अगले मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर चल रही खींचतान के बीच पप्पू यादव ने एक नई बहस छेड़ दी है. दरभंगा पहुंचे सांसद ने कहा कि बिहार को आज एक ऐसे नेतृत्व की जरूरत है जो सरल, विनम्र और विवादों से दूर हो.पप्पू यादव के अनुसार, निशांत कुमार राजनीति की उस पारंपरिक जात-



पात और हिंदू-मुस्लिम वाली कड़वाहट से दूर हैं, जो आज के समय की सबसे बड़ी मांग है. अगर जेडीयू की ओर से कोई नया चेहरा सामने आना है, तो निशांत के नाम पर विचार करने में कोई हर्ज नहीं होना चाहिए.

### दिल्ली से तय होती है बिहार की किस्मत

पप्पू यादव ने तंज कसा कि बिहार का मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला पटना की सड़कों पर नहीं बल्कि दिल्ली के बंद कमरों में होता है. उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अक्सर बीजेपी ऐसे चेहरों को सामने लाती है जिन्हें कोई नहीं जानता.

### नीतीश के जनादेश और जेडीयू के दावे पर रुख साफ

पप्पू यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पद छोड़ने की चचाओं पर भी अपनी राय रखी. उन्होंने स्पष्ट कहा कि नीतीश कुमार को फिलहाल मुख्यमंत्री का पद नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि जनता ने उन्हें एक निश्चित कार्यकाल के लिए जनादेश दिया है.

### जूनियर नीतीश की एंट्री के संकेत?

पप्पू यादव का यह बयान दरअसल नीतीश कुमार के प्रति उनकी बढ़ती सॉफ्ट कॉर्नर और बीजेपी के खिलाफ एक रणनीतिक घेराबंदी का हिस्सा हो सकता है.पप्पू यादव का यह बयान बिहार की सियासत में नई हलचल पैदा कर रहा है. निशांत कुमार का नाम सामने आने से अब यह देखना दिलचस्प होगा कि आने वाले दिनों में राजनीति किस दिशा में जाती है.

# डाटा और कॉल सेंटर का हब बनेगा बिहटा, 450 लोगों को मिलेगा रोजगार

एजेंसी

**बिहारः** बिहार के बिहटा में सिकंदरपुर में डाटा और कॉल सेंटर का हब विकसित किया जाएगा. करीब 50.75 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस यूनिट को मंजूरी मिल चुकी है. इसके शुरू होने से 450 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय युवाओं के लिए नए अवसर खुलेंगे.

### बिहटा के सिकंदरपुर में लगेगी हाई-टेक यूनिट

बिहार सरकार के उद्योग विभाग ने राज्य में डिजिटल क्रांति की ओर एक और बड़ा कदम बढ़ाया है. संजीवनी मीडिया एंड टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बिहटा के सिकंदरपुर में एक आधुनिक डाटा सेंटर और कॉल सेंटर यूनिट स्थापित की जा रही है. प्रोजेक्ट स्वीकृति समिति ने इस 50.75 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव को हरी झंडी दे दी है. बियाडा (BIADA) ने भी इस प्रोजेक्ट के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया



शुरू कर दी है. यह यूनिट न केवल डाटा स्टोरेज का काम करेगी, बल्कि यहां से बड़े स्तर पर कॉल सेंटर का संचालन भी होगा.

### फिल्म एडिटिंग के लिए अब नहीं जाना होगा मुंबई

यहां डाटा सेंटर के साथ-साथ फिल्म एडिटिंग और डिजिटल प्रोसेसिंग की वर्ल्ड क्लास सुविधाएं उपलब्ध होंगी. वर्तमान में बिहार के फिल्म निमार्ताओं को अपनी फिल्मों की पोस्ट-प्रोडक्शन और एडिटिंग के लिए दिल्ली या मुंबई जैसे महानगरों का रुख करना पड़ता है, जिससे निर्माण लागत काफी बढ़ जाती है. बिहटा में यह यूनिट शुरू होने से फिल्म उद्योग को संजीवनी मिलेगी. अब स्थानीय स्तर पर ही फिल्मों की एडिटिंग और प्रोसेसिंग संभव होगी, जिससे न केवल फिल्म मेकर्स का पैसा बचेगा बल्कि क्षेत्रीय सिनेमा को भी ग्लोबल पहचान मिलने में आसानी होगी.

### बिहार के इंजीनियरों को घर में ही मिलेगी नौकरी

राज्य के उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल और विभाग के सचिव कुंदन कुमार के मुताबिक, इस यूनिट के शुरू होने से प्रत्यक्ष तौर पर 450 लोगों को सीधा रोजगार मिलेगा. यह उन छात्रों के लिए एक बड़ा अवसर है जो बिहार के इंजीनियरिंग कॉलेजों से आईटी, कंप्यूटर साइंस और एनिमेशन की पढ़ाई कर रहे हैं. अब उन्हें करियर की शुरूआत के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा.बिहटा का यह सेंटर राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ ब्रेन ड्रेन को रोकने में भी अहम भूमिका निभाएगा. सरकार का लक्ष्य है कि बिहार को केवल लेदर और टेक्सटाइल ही नहीं, बल्कि आईटी और टेक्नोलॉजी सेक्टर में भी अग्रणी बनाया जाए.

## बिहार में सरकार गठन के लिए बीजेपी ने शुरू की प्रक्रिया, शिवराज सिंह चौहान पर्यवेक्षक नियुक्त



**पटनाः** आने वाले 2-3 दिनों में बिहार को नया मुख्यमंत्री मिल जाएगा. नई सरकार के गठन के लिए भारतीय जनता पार्टी की तरफ से प्रक्रिया शुरू हो गई है. नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद बीजेपी अपने सीएम के नाम का ऐलान कर देगी. इसके लिए शिवराज सिंह चौहान को पर्यवेक्षक बनाया गया है. आज भारतीय जनता पार्टी के पार्लियामेंट्री बोर्ड ने भारत सरकार के केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को बिहार में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए सेंट्रल ऑब्जर्वर नियुक्त किया है.

## नीतीश कुमार के खून-पसीने से बनी है जेडीयू, संजय झा बोले- आगे भी पार्टी को करेंगे मजबूत



एजेंसी

**बिहारः** बिहार की राजनीति में बदलाव की तस्वीर अब लगभग साफ होती दिख रही है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने के बाद जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने कहा कि नीतीश कुमार संसद के अनुभवी नेता हैं और पहले भी करीब 15 साल तक वहां अपनी मजबूत भूमिका निभा चुके हैं. उन्होंने युवाओं से कहा कि राजनीति सीखने के लिए नीतीश कुमार के पुराने संसदीय भाषण जरूर सुनने चाहिए.

### नीतीश ने पार्टी को कैसा खड़ा किया?

संजय झा ने यह भी कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले कई लोग जदयू के भविष्य पर सवाल उठा रहे थे, लेकिन यह पार्टी नीतीश कुमार की मेहनत और ईमानदारी से खड़ी हुई है. उन्होंने कहा कि पार्टी मजबूत है और आगे भी मजबूती से काम करती रहेगी. बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार की भूमिका आगे भी अहम बनी रहेगी.

### मंत्री ने बताया कब बनेगी नई सरकार

बिहार सरकार के मंत्री रामकृपाल यादव ने कहा कि 15 अप्रैल को बिहार में नई सरकार बन सकती है. उन्होंने बताया कि खुद नीतीश कुमार ने कहा है कि वह 14 अप्रैल को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देंगे और उसके बाद सांसद के रूप में नई जिम्मेदारी निभाएंगे. इसके बाद राज्य में नए नेतृत्व के साथ सरकार का गठन होगा.रामकृपाल यादव ने यह भी कहा कि नई सरकार नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में काम करेगी और बिहार के विकास की रफ्तार जारी रहेगी. यानी चेहरा बदल सकता है, लेकिन नीतीश कुमार का प्रभाव सत्ता में बना रहेगा.

# संक्षिप्त खबर

## एमएलसी उपचुनाव के लिए जेडीयू ने किया कैंडिडेट का ऐलान, जानें कौन हैं कन्हैया प्रसाद?

**पटना :** बिहार भोजपुर-बक्सर स्थानीय निकायों के विधान परिषद सीट पर होने वाले उपचुनाव में जेडीयू ने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है. राधाचरण साह के बेटे कन्हैया प्रसाद को जेडीयू ने उम्मीदवार बनाया है. यह सीट राधाचरण शाह के विधायक बनने के बाद विधान परिषद की सीट खाली हुई है. कन्हैया प्रसाद आरजेडी के सोनू कुमार राय को टक्कर देंगे. कन्हैया प्रसाद, प्रभावशाली नेता राधाचरण साह के पुत्र हैं. उनके पिता पहले आरजेडी में थे बाद में जेडीयू को ज्वाइन किया. कन्हैया प्रसाद के पिता जेडीयू के टिकट पर विधायक बन गए तो यह सीट खाली हो गई थी. जिसपर उनके बेटे कन्हैया प्रसाद को जेडीयू ने अपना आधिकारिक उम्मीदवार बनाया है. राजनीति में आने से पहले वह मुख्य रूप से अपने पारिवारिक व्यवसाय से जुड़े रहे हैं. ब्रॉडसन कमोडिटीज प्रा. लि. जैसी कंपनियों में निदेशक के रूप में काम करते रहे हैं. ये कंपनी खनन और व्यापार के क्षेत्र में सक्रिय है. कन्हैया प्रसाद का राजनीतिक कैरियर विवादों में रहा है. अवैध बालू खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के केस में ईडी ने उन्हें सितंबर 2023 में गिरफ्तार किया था. करीब 9 महीने जेल में रहने के बाद मई 2024 में उन्हें जमानत मिली थी. एक बार फिर जेडीयू ने राधाचरण साह के बेटे कन्हैया प्रसाद पर भरोसा दिखाया है. भोजपुर-सह-बक्सर स्थानीय निकाय उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार घोषित किया है. देखा जाए तो इस बार कन्हैया प्रसाद की औपचारिक राजनीतिक सफर की पहली चुनावी परीक्षा है. चुनाव का कार्यक्रम घोषित होते ही आचार संहिता भी लागू हो गई है. 16 अप्रैल को अधिसूचना जारी होने की तिथि है. नामांकन 23 अप्रैल को होगा तो वहीं नामांकन पत्रों की जांच 24 अप्रैल को होगी. नाम वापसी की तिथि 27 अप्रैल को होगी तो वहीं मतदान 12 मई को सुबह 8 से शाम 4 बजे तक होगा. 14 मई को रिजल्ट आ जाएगा.

## उत्पाद विभाग की टीम पर जानलेवा हमला, भागने के दौरान दूसरे गांव का युवक घायल

**गयाः** बिहार के गया जिले के इमामगंज प्रखंड अंतर्गत भीड़ गांव में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची उत्पाद विभाग की टीम पर स्थानीय लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया. टीम ने गांव में छापा मारकर तीन लोगों को हिरासत में लिया था, लेकिन गिरफ्तारी का विरोध करते हुए गांव वालों ने टीम पर पत्थरों की बौछार कर दी. हमले से टीम के अधिकारी और कर्मी किसी तरह जान बचाकर मौके से भागने में सफल रहे.छापेमारी के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया. जैसे ही टीम उन्हें लेकर आगे बढ़ी, गांव के लोग जमा हो गए और गिरफ्तारी का विरोध करने लगे. विरोध बढ़ता देख लोगों ने पत्थर फेंकना शुरू कर दिया. पथराव तब तक जारी रहा, जब तक हिरासत में लिए गए तीनों लोगों को छोड़ नहीं दिया गया. इस दौरान टीम की गाड़ी तेज रफ्तार से भागने लगी. टीम के भागने के क्रम में कुचेसर निवासी युवक दिलशाद कुरैशी गाड़ी के चपेट में आ गया. स्थानीय लोगों के अनुसार, गाड़ी की लाइट बंद थी और तेज रफ्तार के कारण युवक को बचाने का मौका नहीं मिला. घायल युवक को स्थानीय लोगों ने इमामगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से उसे अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया. लोगों का आरोप है कि उत्पाद विभाग की टीम के लोग खुद नशे की हालत में थे. घायल दिलशाद कुरैशी के चाचा रोशन कुरैशी ने बताया कि वे सड़क के एक ओर खड़े थे, जबकि उनका भतीजा दूसरी ओर था. अचानक उत्पाद विभाग की तेज रफ्तार गाड़ी ने दिलशाद को धक्का मार दिया. पहले उन्हें लगा कि गाड़ी पलट गई है, लेकिन बाद में जख्मी हालत में युवक को गिरा देखा. रोशन कुरैशी ने आरोप लगाया कि गाड़ी की लाइट ऑफ थी और धक्का मारने के बाद भी वह नहीं रुकी. घटना के बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग इमामगंज थाने पहुंचे और उत्पाद विभाग की टीम के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे. लोगों का आरोप था कि छापेमारी करने पहुंची टीम के सदस्य खुद नशे की हालत में थे. आक्रोशित भीड़ ने थाने का घेराव कर दिया, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई. पुलिस ने समझा-बुझाकर लोगों को शांत कराने का प्रयास किया. इमामगंज थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी मिलते ही कार्रवाई शुरू कर दी गई है. पुलिस पूरे मामले की छानबीन में लगी हुई है. घटनास्थल पर क्या-क्या हुआ, इसकी विस्तार से जानकारी ली जा रही है. थाने में पहुंचे लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से समझाया गया. थानाध्यक्ष अमित कुमार ने कहा कि जांच के बाद दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

## मुजफ्फरपुर दुष्कर्म मामलाः पुलिस की दबिश से पहले ही मुख्य आरोपी की मौत..शव तक नहीं मिला



**मुजफ्फरपुरः** बिहार के मुजफ्फरपुर से एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है. 10 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के मुख्य आरोपी की मौत हो गई. मिठनपुरा थाना क्षेत्र की इस घटना ने पूरे इलाके को पूरी तरह से झकझोर कर रख दिया है. पुलिस इस पूरे मामले की हर संभावित पहलू से जांच कर रही है. 11 अप्रैल को एक 10 वर्षीय नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात सामने आई थी. घटना की सूचना प्राप्त होते ही पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए पीड़िता को तत्काल मेडिकल के लिए भेजा. साक्ष्य जुटाने हेतु एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया. पीड़िता की माता के बयान के आधार पर मिठनपुरा थाने में कांड संख्या 1126 दर्ज किया गया. मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व एसडीपीओ टाउन-1 द्वारा किया गया. जांच प्रक्रिया के दौरान पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे उउळश कैमरों के फुटेज खंगाले, जिससे पूरे घटनाक्रम का सिलसिलेवार खुलासा संभव हो सका. इस प्रकरण में पुलिस ने तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया.तीनों महिला से पूछताछ में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि इन महिलाओं ने महज पैसों के लालच में आकर मासूम बच्ची को बहलाया-फुसलाया और फिर मुख्य आरोपी के पास तक पहुंचाया था. हैरानी की बात यह रही कि पुलिस जब मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए उसके संभावित ठिकाने पर पहुंची, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी. परिजनों द्वारा उसका अंतिम संस्कार भी किया जा चुका था.

**हार्ट अटैक या आत्महत्याः** मृतक की पहचान पुरुषोत्तमपुर निवासी नवीन कुमार के रूप में की गई है, जो पेशे से एक बिजली मिस्त्री के रूप में कार्य करता था. फिलहाल आरोपी की मौत हार्ट अटैक की वजह से हुई है अथवा उसने आत्महत्या की है, इसे लेकर स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं हो पाई है. पुलिस इन दोनों ही पहलुओं को केंद्र में रखते हुए अपनी जांच को आगे बढ़ा रही है.

## खबर संक्षेप

### एनएसई को मिली कोयला एक्सचेंज के लिए मंजूरी



**नई दिल्ली।** एनएसई को प्रस्तावित कोयला एक्सचेंज के लिए 'नेशनल कोल एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड' नाम आरक्षित करने की कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) से मंजूरी मिल गई है। यह कदम फरवरी में एनएसई के निदेशक मंडल द्वारा इस पहल के लिए पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी स्थापित करने की मंजूरी के बाद उठाया गया है।

### भारत-ब्रिटेन में एफटीए मई के दूसरे सप्ताह में होगा लागू



**नई दिल्ली।** भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) मई के दूसरे सप्ताह से लागू होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत और ब्रिटेन ने 24 जुलाई, 2025 को वृहद आर्थिक और व्यापार करार (सीईटीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत 99 प्रतिशत भारतीय निर्यात शून्य शुल्क पर ब्रिटेन के बाजार में जाएगा।

### सिटियस ट्रांसनेट ट्रस्ट का आईपीओ 17 को खुलेगा

CITIUS TransNet Predict. Deliver. Sustain.

**नई दिल्ली।** सिटियस ट्रांसनेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट ने अपने 1,105 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 99 से 100 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। ट्रस्ट ने सोमवार को बयान में कहा कि यह निर्गम 17 अप्रैल को खुलेगा और 21 अप्रैल को बंद होगा।

### स्विच मोबिलिटी ने 100 ई-बसें मॉरीशस को दी

Switch — Switch Mobility Private Limited

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की इलेक्ट्रिक वाणिज्यिक वाहन बनाने वाली कंपनी स्विच मोबिलिटी ने मॉरीशस सरकार को 100 इलेक्ट्रिक बस की डिलिवरी पूरी कर ली है। कपंनी ने सोमवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि यह आपूर्ति दोनों देशों की सरकारों के बीच हुए समझौते के तहत की गई है।

### शेल ने भारत को एलएनजी की आपूर्ति पहले से बढ़ाई




**नई दिल्ली।** वैश्विक ऊर्जा दिग्गज शेल पीएलसी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण उत्पन्न आपूर्ति बाधाओं के बीच भारत को प्राकृतिक गैस की आपूर्ति तेज कर दी है। कंपनी ने अपने वैश्विक पोर्टफोलियो का लाभ उठाते हुए उर्वरक क्षेत्र के प्रमुख ठेकों सहित हाजिर और वायदा मांग में बड़ी हिस्सेदारी हासिल की है।

### शेरोन मिंत्रा की प्रमुख नियुक्त नंदिता सिन्हा ने पद छोड़ा

**नई दिल्ली।** फ्लिपकार्ट ग्रुप ने सोमवार को शेरोन पेस को तुरंत प्रभाव से मिंत्रा का प्रमुख नियुक्त करने की घोषणा की। वह नंदिता सिन्हा की जगह लेंगी, जिन्होंने कंपनी छोड़ने का फैसला किया है। एक बयान में कहा गया है कि पेस ने पिछले कई साल में मिंत्रा और फ्लिपकार्ट की फैशन टीमों के साथ मिलकर काम किया है और उन्हें व्यवसाय की अच्छी समझ है। साथ ही, वह फ्लिपकार्ट ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) कल्याण कृष्णमूर्ति को रिपोर्ट करेंगी। बयान में कहा गया, फ्लिपकार्ट ग्रुप ने आज मिंत्रा में नेतृत्व में बदलाव की घोषणा की। शेरोन पेस मिंत्रा की प्रमुख होंगी और कल्याण कृष्णमूर्ति को रिपोर्ट करेंगी, यह तुरंत प्रभाव से लागू होगा।

# कैफै-तीन मानदंड अप्रैल 2027 से होगा लागू, नहीं बढ़ेगी तिथि

नई दिल्ली

भारी उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने सोमवार को कहा कि अगले वर्ष एक अप्रैल से वाहन विनिर्माताओं को ईंधन दक्षता के कड़े मानदंडों का पालन करना होगा। इसका कारण कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता (कैफे तीन) मानकों के कार्यान्वयन की समय सीमा बढ़ाये जाने की संभावना नहीं है। कुरैशी ने कहा कि एक अप्रैल, 2027 के बाद कार्यान्वयन की समय सीमा बढ़ाने की आवश्यकता संभवतः नहीं होगी।

- वाहन विनिर्माताओं को कड़े मानदंड का पालन करना होगा

**उद्योग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव कुरैशी ने कहा**

### आम सहमति बनाने का होगा प्रयास

इस बैठक में बिजली, भारी उद्योग और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सहित विभिन्न मंत्रालयों के सचिवों के शामिल होने की संभावना है। इस बैठक का मकसद कॉरपारेट औसत ईंधन दक्षता नियमों को लागू करने से पहले आम सहमति प्राप्त करना है। उन्होंने बताया कि अन्य नियमों के अलावा, कैफै-तीन के मसौदा मानदंडों में अधिक लचीली अनुपालन रूपरेखा का प्रस्ताव किया गया है।




### टाटा, महिंद्रा, हुंडई व किआ ने किया विरोध

मारुति सुजुकी और टोयोटा किर्लोस्कर जैसी कंपनियां छोटी कारों को छूट देने की वकालत कर रही हैं, वहीं टाटा मोटर्स, महिंद्रा, हुंडई और किआ जैसी कंपनियां इसका विरोध कर रही हैं। सरकार ने कैफे तीन के मसौदा मानदंडों पर विचार-विमर्श करने के लिए 16 अप्रैल को एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई है।

### क्रेडिट खरीदकर कमी की भरपाई कर सकते हैं

सूत्रों ने बताया कि मसौदा मानदंडों में यह भी प्रस्ताव है कि मूल उपकरण निर्माता ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) से 'क्रेडिट' खरीदकर किसी भी प्रकार की कमी की भरपाई कर सकते हैं।

### वाहन विनिर्माताओं के बीच मतभेद बने हुए

सरकार कैफे तीन मानदंडों पर वाहन उद्योग से जुड़े पक्षों के संपर्क में है और नियमित रूप से उनकी प्रतिक्रिया प्राप्त कर उन्हें पूरी जानकारी दे रही है। कैफे तीन मानदंड एक अप्रैल, 2027 से 31 मार्च, 2032 तक लागू किये जाने का प्रस्ताव है। नियमों को लेकर वाहन विनिर्माताओं के बीच मतभेद बने हुए हैं।

### छोटे कार विनिर्माता कर रहे समर्थन

छोटे कार विनिर्माता वजन और किफायत के आधार पर कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता मानदंडों में छूट की मांग कर रहे हैं, जबकि बड़े मूल उपकरण विनिर्माता अलग-अलग व्यवहार का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इससे सुरक्षा सुविधाओं से समझौता होगा।

### भूचाल से सेंसेक्स खुलते ही 1600 अंक तक लुढ़का

# अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने से सेंसेक्स 703 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में बंद

मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 703 अंक लुढ़क गया जबकि एनएसई निफ्टी 208 अंक के नुकसान में रहा। अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के लिए बातचीत विफल होने के साथ संघर्ष लंबे समय तक जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 702.68 अंक यानी 0.91 प्रतिशत टूटकर 76,847.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,681.93 अंक लुढ़क कर 75,868.32 अंक पर आ गया था। एनएसई निफ्टी भी 207.95 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,842.65 अंक पर बंद हुआ।

### गिरावट पर खरीदारी देखने मिल रही

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, बाजारों को पिछले सप्ताह के युद्धविराम समझौते से सीमित समर्थन मिल रहा है। चुनिंदा लिवाली के साथ-साथ गिरावट पर खरीदारी देखने को मिल रही है। अमेरिका-ईरान वार्ता के विफल होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य में अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी की घोषणा पर शुरुआती नकारात्मक प्रतिक्रिया के बावजूद यह देखने को मिल रहा है।

**संघर्ष जारी रहने की चिंता में कच्चे तेल के दाम बढ़े**

**पिछले सप्ताह बाजार को युद्धविराम से सीमित समर्थन मिल**

**कच्चा तेल बढ़कर 102.6 डॉलर प्रति बैरल हो गया**

### वार्ता विफल होने से कच्चे तेल में उछाल

हालांकि, वार्ता विफल होने से कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच गयी है।" नायर ने कहा कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतें मुद्रास्फीति, मुद्रा स्थिरता और वृहद आर्थिक संतुलन को लेकर चिंताएं बढ़ा रही हैं, जिससे कुल मिलाकर बाजार धारणा पर दबाव पड़ रहा है।




### वैश्विक तनाव बढ़ने से बाजार लुढ़के

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, "अमेरिका-ईरान वार्ता विफल होने के बाद बढ़ते वैश्विक तनाव के कारण शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। इससे कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल आया और वैश्विक बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।"

#### एनटीपीसी व एक्सिस बैंक रहे लाभ में

सेंसेक्स की कंपनियों में मारुति, इंटरग्लोब एविएशन, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाली शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी और एक्सिस बैंक शामिल हैं।

#### युद्धविराम का भविष्य हुआ अनिश्चित

अमेरिका और ईरान के बीच पाकिस्तान में हुई ऐतिहासिक 21 घंटे की वार्ता का कोई नतीजा नहीं निकला। इससे दो सप्ताह के युद्धविराम का भविष्य अनिश्चित हो गया है। इसके साथ वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 7.73 प्रतिशत बढ़कर 102.6 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।


### एशिया के बाजार में रही गिरावट

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की 225 और हांगकांग का हैंग सेंग गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट मामूली बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुए थे।

### सूचीबद्ध 2573 शेयर रहे नुकसान में

बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 2,573 में गिरावट आई जबकि 1,790 लाभ में रहे। वहीं 201 के भाव अपरिवर्तित रहे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 672.09 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स शुक्रवार को 918.60 अंक बढ़कर 77,550.25 अंक पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 275.50 अंक चढ़कर 24,050.60 अंक पर रहा था।

# वाहन कलपुर्जा उद्योग में नहीं एलपीजी की कोई कमी



नई दिल्ली

वाहन कलपुर्जा उद्योग में एलपीजी की कोई गंभीर कमी सामने नहीं आई है और पर्याप्त आपूर्ति बनाए रखने के लिए उद्योग संगठनों के साथ लगातार संपर्क किया जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

भारी उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हनीफ कुरैशी ने पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर आयोजित अंतर-मंत्रालयी बैठक में कहा कि आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े मुद्दों को लेकर मंत्रालय वाहन उद्योग के संपर्क में है और हालात से निपटने के लिए जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

### सरकार लगातार उद्योग संगठनों के साथ संपर्क में

कुरैशी ने कहा कि सरकार भारतीय वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एसीएमए) और अन्य उद्योग संगठनों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित कर रही है कि गैस की पर्याप्त आपूर्ति बनी रहे और किसी तरह की बाधा न आए। कुरैशी ने कहा, ''वाहन कलपुर्जा निर्माण में एलपीजी का उपयोग होता है और इसको लेकर हम उद्योग संगठनों के संपर्क में हैं। अभी तक किसी गंभीर कमी की सूचना नहीं है।'

### मार्च में 15 से 16 फीसदी की हुई वृद्धि

अतिरिक्त सचिव ने बताया कि मार्च महीने में वाहन उत्पादन में करीब 15 से 16 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सरकार ने उद्योग को जहां संभव हो, वहां स्वच्छ ईंधन जैसे पाइप से मुहैया कराई जाने वाली प्राकृतिक गैस (पीएनजी) और इलेक्ट्रिक भट्टियों के उपयोग की सलाह भी दी है।

# खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से मार्च में बढ़ी खुदरा महंगाई

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में मामूली बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई। फरवरी में यह 3.21 प्रतिशत के स्तर पर थी। पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच कुछ खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही। सरकार की ओर से सोमवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि की दर मार्च में 3.87 प्रतिशत रही जो पिछले महीने के 3.47 प्रतिशत से अधिक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े नई श्रृंखला यानी 2024 को आधार वर्ष मानकर जारी किए हैं। खुदरा महंगाई हालांकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे बनी हुई है।



- खुदरा मुद्रास्फीति मामूली बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई
- पश्चिम एशिया में जारी संकट से बढ़े खाद्य पदार्थों की कीमतें

एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार, सोने-चांदी के आभूषण, नारियल, टमाटर और फूलगोभी की कीमतों में मार्च महीने में भारी बढ़ोतरी हुई। वहीं प्याज, आलू, लहसुन, अरहर दाल और चने की कीमतों की महंगाई दर घटी। ''बिजली, गैस और अन्य ईंधन'' श्रेणी में खुदरा मुद्रास्फीति मार्च में 1.65 प्रतिशत रही जबकि पिछले फरवरी में यह 1.52 प्रतिशत थी।

### केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को स्थिर रखा

मिंडा ने कहा कि केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को स्थिर बनाए रखकर आर्थिक गतिविधियों को भी समर्थन दिया है। रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि मार्च में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति फरवरी की तुलना में थोड़ी बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई जो पश्चिम एशियाई संकट के शुरुआती हल्के प्रभाव का संकेत देती है।

### ओला की नई स्कूटर पेश, कीमत 1,30,000 रुपए...



**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक दोपहिया विनिर्माता ओला इलेक्ट्रिक ने सोमवार को 5.2 किलोवाट-घंटा बैटरी वाले नए मॉडल 'एस1 एक्स प्लस' को 1,29,999 रुपये की शुरुआती कीमत पर पेश किया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नए मॉडल में कंपनी की स्वदेशी रूप से विकसित '4680 भारत सेल' का इस्तेमाल किया गया है। स्कूटर में 11 किलोवाट की मिड-ड्राइव मोटर और इंटिग्रेटेड मोटर कंट्रोल यूनिट भी दी गई है। बयान, यह स्कूटर एक बार रिचार्ज होने पर 320 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकता है। इसकी अधिकतम रफ्तार 125 किलोमीटर प्रति घंटे रखी गई है। यह मॉडल ओला इलेक्ट्रिक के जेन-3 एस1 पोर्टफोलियो का हिस्सा है। कंपनी पहले से रोडस्टर श्रृंखला की इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिलें भी पेश कर रही है।

# चांदी 1,800 रुपए टूटी और सोना 300 रुपए कमजोर

- चांदी घटकर 2.45 लाख रुपए प्रति किलो रह गई
- सोना भी टूटकर 1.55

नई दिल्ली



कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में चांदी की कीमतें 1,800 रुपये घटकर 2.45 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि सोना घटकर 1.55 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी शुक्रवार के 2,47,000 रुपये प्रति किलोग्राम के बंद स्तर से 1,800 रुपये या लगभग एक प्रतिशत घटकर 2,45,200 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 300 रुपये घटकर 1,55,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। पिछले बाजार सत्र में सोने की कीमत 1,55,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''सप्ताहांत में अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम पर बातचीत बेनतीजा रहने के बाद सोमवार को बहुमूल्य धातु के दाम नीचे खुले।

- ग्रुप ने नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की

# पिरोजशा होंगे गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप के चेयरपर्सन, अगस्त में संभालेंगे पद

मुंबई



गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप ने सोमवार को नेतृत्व परिवर्तन की घोषणा की। इसके तहत पिरोजशा गोदरेज इस वर्ष अगस्त में नादिर गोदरेज से समूह के चेयरमैन का पदभार ग्रहण करेंगे। कंपनी ने एक बयान में कहा कि नादिर गोदरेज नियोजित पीढ़ीगत उत्तराधिकार के तहत मानद अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करेंगे। समूह में नेतृत्व स्तर पर अन्य बदलाव भी किये गये हैं। पिरोजशा ने कहा, ''यह क्षण जिम्मेदारी और सौभाग्य दोनों का है। हमें पीढ़ियों से चली आ रही एक उल्लेखनीय विरासत मिली है और अब हमारा कार्य उन मूल्यों के प्रति निष्ठावान रहते हुए महत्वाकांक्षा के साथ इसे आगे बढ़ाना है जो हमें परिभाषित करते हैं। बयान में कहा गया है कि नादिर अगस्त, 2026 में 75 वर्ष के होने के बाद सेवानिवृत्त होंगे।

### *गोदरेज एग्रोवेट के निर्माण पर होगा ध्यान : बुर्जिस*

*बुर्जिस ने एस्टेक लाइफसाइंसेज के प्रबंध निदेशक पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है और वह इसके निदेशक मंडल में गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में अपनी सेवाएं देते रहेंगे। बुर्जिस ने कहा, "हमारा ध्यान एक मजबूत गोदरेज एग्रोवेट के निर्माण पर होगा, जो सतत विकास को गति प्रदान करते हुए हमारे सभी व्यवसायों में क्रियान्वयन को और बेहतर बनाएगा।"*

# मार्च में खाद्य तेल आयात 12 प्रतिशत बढ़ा : एसईए

नई दिल्ली



- सालाना आधार पर 11.73 टन हो गया
- कच्चे पामतेल के आयात में आई वृद्धि

कच्चे पाम तेल के ज़्यादा खेप की वजह से मार्च में भारत का खाद्य तेल का आयात सालाना आधार पर 12 प्रतिशत बढ़कर 11.73 लाख टन हो गया। उद्योग निकाय एसईए ने यह जानकारी दी है।

एसईए के अनुसार, आने वाले महीनों में वैश्विक कीमतों में तेज़ी और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच ज़्यादा माल ढुलाई की लागत की वजह से आयात कम हो सकता है। सोमवार को जारी एक बयान में, सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया (एसईए) ने कहा कि खाद्य तेलों का आयात मार्च में बढ़कर 11,73,168 टन हो गया, जो एक साल पहले इसी समय में 10,45,281 टन था। एसईए आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने कच्चे पामतेल का आयात बढ़कर 6,73,965 टन हो गया, जो मार्च, 2025 में 3,43,949 टन था।

अखाद्य तेल का आयात 27,742 टन से घटकर 13,401 टन रह गया। वनस्पति तेल (खाद्य और अखाद्य दोनों मिलाकर) का आयात पिछले महीने 11 प्रतिशत बढ़कर 11,86,569 टन हो गया, जो मार्च, 2025 में 10,73,023 टन था। भारत पामतेल इंडोनेशिया और मलेशिया से आयात करता है, जबकि सोयाबीन तेल अर्जेंटीना और ब्राज़ील से आता है। देश अपनी आधी से ज़्यादा घरेलू मांग आयात से पूरी करता है। विपणन वर्ष 2025-26 के पहले पांच महीनों के दौरान, कुल वनस्पति तेल का आयात आठ प्रतिशत बढ़कर 65,72,131 टन हो गया, जो पिछले साल इसी समय में 60,96,923 टन था। खाद्य तेल का विपणन साल नवंबर से अक्टूबर तक चलता है। आगे चलकर, जब तक वैश्विक कीमतें कम नहीं होतीं या मुद्रा की हालत में सुधार नहीं होता, तब तक अल्पावधि में आयात कम रहने की संभावना है।

### जोखिम को कम करने विविधीकरण पर ध्यान

एसोसिएशन ने कहा कि लंबे समय में, भारत भू-राजनीतिक जोखिम को कम करने के लिए घरेलू तिलहन उत्पादन और स्रोतों के विवधीकरण पर ज़्यादा ध्यान केन्द्रित करने के साथ आयात को संतुलित करना जारी रख सकता है। एसईए ने बताया कि मार्च, 2026 में खाद्य तेल का आयात पिछले महीने के 12.92 लाख टन से 10 प्रतिशत घटकर 11.73 लाख टन रह गया।

### डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन ने व्याख्यानमाला में कहा

# बिना सुरक्षा उपाय एआई कमजोरियों को बढ़ाएगा

मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने कहा है कि सुरक्षा उपायों के बिना कृत्रिम मेधा (एआई) को अपनाने से वित्तीय क्षेत्र में मौजूदा कमजोरियां बढ़ सकती हैं और नई समस्याएं पैदा हो सकती हैं। तंजावुर स्थित एसएसएसटीआरए विश्वविद्यालय में वी नारायणन स्मृति व्याख्यानमाला में उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा वित्तीय संस्थानों के ग्राहकों को सेवा देने, दस्तावेजों को प्रसंस्कृत करने, कर्ज का आकलन करने, जोखिमों की निगरानी करने और निरीक्षण को मजबूत करने के तरीकों को नया रूप दे रही है।

- वित्तीय क्षेत्र की मौजूदा कमजोरियां बढ़ सकती है

### पांच प्रमुख चिंताओं को किया उजागर

स्वामीनाथन ने कहा, "इसलिए, वित्त में एआई के बारे में बातचीत संतुलित होनी चाहिए। हमें न तो प्रौद्योगिकी प्रचार के बहकावे में आना चाहिए और न ही रक्षात्मक रुख अपनाना चाहिए। डिप्टी गवर्नर ने इस संबंध में पांच प्रमुख चिंताओं को उजागर किया, जिनमें 'पूर्वाग्रह और अनुचित परिणाम', 'अस्पष्टता', 'डेटा गोपनीयता और दुरुपयोग', 'मॉडल जोखिम' और 'साइबर जोखिम' शामिल हैं।



**उधारकर्ताओं की पहचान करने में मिलेगी मदद :** स्वामीनाथन ने कहा, ''इससे उन संभावित उधारकर्ताओं की पहचान करने में मदद मिल सकती है जो ऐसा नहीं होने पर वंचित रह सकते हैं।

### एआई से ग्राहक संपर्क सरल होगा

पूर्व डिप्टी गवर्नर ने कहा कि एआई-सक्षम प्रणालियां ग्राहक संपर्क को सरल, अधिक सहज और प्रतिक्रियाशील बना सकती हैं। यह ऋण वितरण में सुधार करने में भी मदद कर सकती है। स्वामीनाथन ने कहा, ''जिम्मेदारी से उपयोग किए जाने पर एआई लेनदेन व्यवहार, भुगतान प्रवाह और व्यावसायिक गतिविधियों में व्यापक प्रतिरूप से अंतर्दृष्टि प्राप्त करके पारंपरिक तरीकों का पूरक हो सकता है।''

### हर शक्तिशाली प्रौद्योगिकी दोधारी तलवार होती है

पूर्व गवर्नर ने कहा, ''इसलिए, इसकी क्षमता वास्तविक है। लेकिन, जैसा कि इतिहास ने सिद्ध किया है, हर शक्तिशाली प्रौद्योगिकी दोधारी तलवार होती है।' स्वामीनाथन ने कहा कि यदि एआई को पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बिना अपनाया जाता है, तो यह मौजूदा कमजोरियों को बढ़ा सकता है और पूरी तरह से नई प्रकार की समस्यांए पैदा कर सकता है।

*एआई से वित्त अधिक बुद्धिमान हो जाएगा*

*स्वामीनाथन ने शनिवार को दिए अपने व्याख्यान में कहा, ''इस बदलाव की गति उल्लेखनीय है। हमारे सामने असली सवाल यह नहीं है कि एआई के उपयोग से वित्त अधिक बुद्धिमान हो जाएगा, बल्कि यह है कि क्या यह निष्पक्ष, जवाबदेह, समावेशी और मानवीय बना रहेगा।''*


## खबर संक्षेप



### 2027 में होगी फार्मूला वन रेस की वापसी : खेलमंत्री

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि उन्हें यकीन है कि 2027 में भारत में फॉर्मूला वन रेस की वापसी होगी और इसके लिए कर संबंधी बाधाओं को दूर किया जाएगा, जिसकी वजह से 2013 के बाद भारत में रेस नहीं हुई है। मांडविया ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में इस रेस के आयोजन के लिए कम से कम तीन कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई है। उन्होंने कहा, 'भारत में 2027 में फॉर्मूला वन रेस होगी। पहली रेस बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित की जाएगी।' भारत इससे पहले फॉर्मूला वन रेस इंडियन ग्रां प्री आयोजित कर चुका है, लेकिन कर और नौकरशाही संबंधी समस्याओं के कारण 2013 में तीसरे संस्करण के बाद इसे फॉर्मूला वन रेस के कैलेंडर से हटा दिया गया था। वहीं लिबर्टी मीडिया के स्वामित्व वाले फार्मूला वन के सूत्रों ने कहा कि भारत में 2027 में रेस संभव नहीं है हालांकि भारत को उभरते बाजार के रूप में देखा जा रहा है।

### यूएस ओपन पिकलबॉल में भारत का दबदबा



**नई दिल्ली।** अर्जुन सिंह और धीरेन पटेल ने फ्लोरिडा के नेपल्स में यूएस ओपन पिकलबॉल चैंपियनशिप में अपनी-अपनी एकल स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। अर्जुन ने एश्टन पैटरसन को सीधे सेटों में 13-11, 11-6 हराकर पुरुष एकल 5.0 का खिताब जीता। धीरेन ने 40 प्लस प्रो पुरुष एकल वर्ग में जुआन अरेया की कड़ी चुनौती से पार पाकर 11-9, 3-11, 11-9 से जीत हासिल की। धीरेन इस श्रेणी में पहले भी यूएस ओपन जीत चुके हैं और उनका अनुभव फाइनल में काफी काम आया। उन्होंने कहा, 'यह सबसे कड़े मुकाबलों में से एक था लेकिन मैं अपनी रणनीति पर कायम रहा और स्वर्ण पदक जीतने में सफल रहा। इस श्रेणी में एक से अधिक बार खिताब जीतना खास है।' भारत इस तरह से इस टूर्नामेंट में अब तक तीन स्वर्ण पदक जीत चुका है।

### 22 नवंबर से डीपी वर्ल्ड आईएलटी20



**दुबई।** डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के पांचवें सत्र का आयोजन इस साल 22 नवंबर से किया जाएगा। दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में होने वाली इस प्रतियोगिता में 34 मुकाबले खेले जाएंगे और यह 20 दिसंबर को संपन्न होगी। पिछले सत्र में डेजर्ट वाइपर्स ने एमआई एमिरेट्स को हराकर अपना पहला खिताब जीता था।

### आज शाम 7.30 बजे से चेन्नई में गायकवाड़ और रहाणे की टीमों में मुकाबला

# सीएसके की नजर दबदबे पर कोलकाता जीत के लिए बेताब




एजेंसी ▶▶| चेन्नई

पिछले मैच में जीत से उत्साहित चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अब तक एक भी मैच नहीं जीतने वाली कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के खिलाफ दबदबा बनाने की कोशिश करेगी।

सीएसके ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन करके सत्र की अपनी पहली जीत दर्ज की। उसकी इस जीत के नायक संजू सैमसन रहे, जिन्होंने 56 गेंद पर नाबाद 115 रन की पारी खेली।

### ग्रीन की गेंदबाजी पर नजर

दूसरी ओर केकेआर जीत के लिए बेताब है। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ वह लगभग जीत के करीब पहुंच गया था, लेकिन मुकुल चौधरी की शानदार पारी ने अजिंक्य रहाणे और उनकी टीम को पहली जीत से वंचित कर दिया। कैमरन ग्रीन ने पिछले मैच में केकेआर के लिए गेंदबाजी की। यह ऑलराउंडर चेपॉक में शानदार प्रदर्शन करके अपनी मोटी कीमत को सही साबित करने की कोशिश करेगा।



### केकेआर को करना होगा अच्छा प्रदर्शन

*इसी तरह रिंकू सिंह मध्य क्रम में रन बनाने के लिए बेताब हैं और मंगलवार का दिन उनके लिए खास हो सकता है। रहाणे ने बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि अंगकृष रघुवंशी ने भी प्रभाव छोड़ा है। रोवमैन पॉवेल और ग्रीन ने भी एलएसजी के खिलाफ कुछ रन बनाए, जो टीम के लिए सकारात्मक संकेत है। केकेआर को अगर सीएसके को उसके गढ़ में हराना है तो उसके गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। उसके प्रमुख गेंदबाज अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसका असर परिणाम में देखने को मिल रहा है।*

***मैच का समय : शाम 7.30 बजे***

### सीएसके के लिए गायकवाड़ की फॉर्म चिंता का विषय

सीएसके के लिए हालांकि कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। वह संघर्ष कर रही केकेआर के खिलाफ एक बड़ी पारी खेलकर लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। टूर्नामेंट की शुरुआत में यह घोषणा की गई थी कि महेंद्र सिंह धोनी पिंडली में खिंचाव के कारण कुछ हफ्तों के लिए बाहर रहेंगे। पिछले मैच में गायकवाड़ ने संकेत दिया था कि यह स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज जल्द वापसी करेगा।

### गुरजपनीत ने डेब्यू मैच में किया प्रभावित

सीएसके के गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। डेवाल्ड ब्रेविस के फिट होकर वापसी करने से सीएसके को अपने गेंदबाजी संयोजन में बदलाव करने की छूट मिली, जिससे वह दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 212 रन का बचाव करने में सफल रही। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गुरजपनीत सिंह ने अपने आईपीएल पदार्पण पर प्रभावित किया। उन्होंने अपनी अतिरिक्त उछाल से बल्लेबाजों को चौंकाया। जेमी ओवरटन ने भी शानदार प्रदर्शन किया और लगातार अच्छी गेंदबाजी करते हुए चार विकेट लिए।

### मास्टर्स गोल्फ

# रॉरी मैकलॉय ने लगातार दूसरी बार जीता खिताब



ऑगस्टा

रॉरी मैकलॉय मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में अपने खिताब का बचाव करके जैक निकोलस, निक फाल्डो और टाइगर वुड्स के विशिष्ट क्लब में शामिल हो गए हैं।

मैकलॉय (67, 65, 73, 71) को इस बीच कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरना पड़ा लेकिन आखिर में वह एक शॉट से जीत हासिल करने में सफल रहे। उन्होंने कुल 12 अंडर 276 का स्कोर बनाया और स्कॉटी शेफ़लर पर एक शॉट से जीत हासिल की। मैकलॉय ने तीसरे राउंड में छह शॉट की बढ़त गंवा दी थी, लेकिन अंतिम राउंड के आखिर में उन्होंने दो शानदार बर्डी लगाकर शीर्ष खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम शामिल कर लिया। मैकलॉय इस तरह से वुड्स, फाल्डो और निकोलस के बाद मास्टर्स में अपने खिताब का बचाव करने वाले चौथे गोल्फर बन गए।

### मास्टर्स जीतना बहुत मुश्किल

मैकलॉय ने कहा, 'पिछले साल मास्टर्स और ग्रैंड स्लैम जीतना बहुत मुश्किल लग रहा था, लेकिन इस साल मुझे अहसास हुआ कि मास्टर्स जीतना वाकई बहुत मुश्किल है। अविश्वसनीय।' अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर मैकलॉय को बधाई दी। उन्होंने लिखा, 'रॉरी हर साल महान हस्ती बनते जा रहे हैं।' टाइरल हटन, रसेल हेनली, जस्टिन रोज और कैमरन यंग 10 अंडर 278 के कुल स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे।

### सीरी-ए फुटबॉल लीग

# जीत के साथ खिताब के करीब पहुंचा इंटर मिलान



रोम

इंटर मिलान ने कोमो के खिलाफ दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 4-3 से जीत हासिल की और इटालियन फुटबॉल लीग सीरी ए में अपनी बढ़त को नौ अंक तक पहुंचा दिया है।

मार्कस थुरम और डेनजेल डम्फ्रीस ने इंटर के लिए दो-दो गोल किए। इससे उसने दूसरे स्थान पर काबिज नेपोली के पर्मा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ खेलने का फायदा उठाते हुए अपनी बढ़त को मजबूत कर दिया। इंटर मिलान के अब 32 मैच में 75 अंक हो गए हैं। नेपोली के इतने ही मैच में 66 अंक हैं। एसी मिलान 32 मैच में 63 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। इस प्रतियोगिता में अब छह दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं।

### महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट

# मौका गंवाने के बाद वापसी पर वैशाली की नजरें

**पाफोस।** शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत करने का मौका गंवाने के बाद भारतीय ग्रैंडमास्टर आर वैशाली कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में जब चीन की पूर्व महिला विश्व चैंपियन झोंगयी टेन से भिड़ेंगी तो दबाव में होंगी। एक अंक की बढ़त बनाने वाली वैशाली को 12वें दौर में चीन की जिनर झू के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा, जिससे दोनों खिलाड़ी अब अंक तालिका में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। चीन की गत विश्व चैंपियन वेनजुन जू को चुनौती देने वाली चैलेंजर का निर्धारण करने के लिए आयोजित इस टूर्नामेंट में आराम के अंतिम दिन के बाद वैशाली की नजरें वापसी पर टिकी होंगी।

### कैटरीना की चुनौती करना होगा सामना

झोंगयी के अलावा वैशाली को रूस की कैटरीना लेगनो की कड़ी चुनौती का भी सामना करना होगा। कैटरीना शीर्ष पर रहने की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं लेकिन उनकी चुनौती से पार पाना आसान नहीं होगा। कजाखस्तान की बिबिसारा असाउबायेवा भी लेगनो के खिलाफ कड़े मुकाबले में जीत के बाद खिताब की दावेदार बनीं हुई हैं जबकि यूक्रेन की अन्ना मुजिचुक भी दौड़ में हैं।

# एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग: सिनर फिर बने दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी, अल्कारेज को पछाड़ा

रोम

इटली के यानिक सिनर नवीनतम एटीपी टेनिस एकल रैंकिंग में कार्लोस अल्कारेज को पछाड़कर दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए। सिनर ने मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में स्पेन के अल्कारेज को हराकर खिताब जीता था, जिसके बाद वह रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहे।

क्ले कोर्ट पर यह सिनर का पहला बड़ा खिताब है और उन्होंने अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी को हराकर यह खिताब हासिल किया। यह 2026 के लिए सिनर के मुख्य लक्ष्य की ओर बढ़ाया गया पहला कदम है। उनका लक्ष्य फ्रेंच ओपन जीतकर करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करना है।



### अल्कारेज 13240 अंक के साथ दूसरे स्थान पर

सिनर के 13350 अंक हैं जबकि अल्कारेज 13240 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव 5555 अंक के साथ तीसरे पायदान पर हैं। नोवाक जोकोविच, फेलिक्स ऑगर एलियासिम, बेन शेल्टन, एलेक्स डि मिनोर, टेलर फ्रिट्ज, लॉरेंजो मुसेटी और दानिल मेदवेदेव शीर्ष 10 में शामिल हैं।

### एमबाप्पे के रिकॉर्ड के करीब पहुंचे वेदात



**मैड्रिड।** वेदात मुरीकी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए मालोर्का की तरफ से दो गोल किए, जिससे वह स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के इस सत्र में सर्वाधिक गोल करने के काइलिन एमबाप्पे के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए हैं।मुरीकी के दो गोल की मदद से मालोर्का ने रायो वैलेकानो को 3-0 से हराया। कोसोवो के स्ट्राइकर ने पहले हाफ के आखिर में चार मिनट के अंतराल पर दो गोल दागे। ये लीग में उनके इस सत्र में 20वें और 21वें गोल थे। इस तरह से वह एमबाप्पे के 23 गोल से सिर्फ दो गोल पीछे हैं।

### महिला टी20 वर्ल्ड कप : पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत वृद्धि

# आईसीसी का महिला क्रिकेट को तोहफा, प्राइज मनी में इजाफा

दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए 82 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की। इस विश्व कप का आयोजन दो महीने बाद इंग्लैंड एवं वेल्स में होगा। कुल पुरस्कार राशि में पिछले सत्र की तुलना में 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। टूर्नामेंट के पिछले सत्र में 10 टीमों ने भाग लिया था, लेकिन 12 जून से पांच जुलाई तक सात स्थानों पर खेले जाने वाले आगामी विश्व कप में 12 टीमें भाग लेंगी। इसका फाइनल लॉर्ड्स क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होगा।

### विजेता टीम को मिलेंगे 21.8 करोड़ रुपए




### प्रतिभागी टीमों को मिलेगा सुनिश्चित पुरस्कार

आईसीसी ने कहा, सभी 12 प्रतिभागी टीमों को कम से कम 2,47,500 डॉलर (लगभग 2.06 करोड़ रुपए) का सुनिश्चित पुरस्कार मिलेगा। टूर्नामेंट की शुरुआत 12 जून को बर्मिंघम के एड्जबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच मैच से होगी। इस विश्व कप में भाग लेने वाली अन्य टीमें ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, आयरलैंड, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज हैं। 33 मैचों का यह टूर्नामेंट 24 दिनों तक चलेगा। इस बीच, टी20 विश्व कप ट्रॉफी मेजबान शहरों का दौरा करेगी और लंदन में इसका समापन होगा।

### स्कॉटलैंड में पहला पड़ाव

स्कॉटलैंड में 7 से 10 मई तक इसका पहला पड़ाव होगा। आईसीसी के सीईओ संजोग गुप्ता ने कहा, महिला क्रिकेट का विकास लगातार तेज हो रहा है। आईसीसी महिला टी20 विश्व कप का 12 टीमों तक विस्तार और रिकॉर्ड पुरस्कार राशि, एक मजबूत और अधिक प्रतिस्पर्धी वैश्विक खेल के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# हार्दिक और क्रुणाल में कोल्ड वॉर, नहीं मिलाए हाथ !

मुंबई

आईपीएल में 12 अप्रैल 20वां लीग मैच वानखेड़े में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। मुकाबले में बेंगलुरु ने 18 रनों से जीत दर्ज की। मैच के बीच पांड्या ब्रदर्स के बीच कोल्ड वॉर भी देखने को मिली, जिसकी चर्चा जोरों से हो रही है। टूर्नामेंट में क्रुणाल बेंगलुरु के लिए और हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस के लिए खेल रहे हैं। कथित तौर पर मैच के बाद हार्दिक और क्रुणाल ने एक दूसरे से हाथ भी नहीं मिलाया।



### क्रुणाल ने हार्दिक पर मारा तीखा बाउंसर

मैच में एक पल आया कि जब हार्दिक बैटिंग पर और क्रुणाल गेंदबाजी पर एक दूसरे के सामने आए। हार्दिक के सामने बॉलिंग करते हुए क्रुणाल ने एक तीखा बाउंसर मारा, बात सिर्फ बाउंसर मारने तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके बाद क्रुणाल ने हार्दिक को तीखी नजरों से देखा भी, जैसे अक्सर गेंदबाज करते हैं। टूर्नामेंट में इससे पहले कभी हार्दिक और क्रुणाल के बीच ऐसा देखने को नहीं मिला है। हार्दिक को जैकब डफी ने आउट किया, जिसके बाद क्रुणाल पांड्या ने काफी एग्रेसिव सेलिब्रेशन किया। क्रुणाल ने इस सेलिब्रेशन ने भी फैंस का ध्यान खींचा। अक्सर आईपीएल में हार्दिक और क्रुणाल को एक दूसरे खिलाफ बड़े ही प्यार-मोहब्बत के साथ खेलते देखा जाता था। दोनों एक दूसरे के गले मिलते थे, एक दूसरे से हाथ मिलाते थे।

### मैच के बाद नहीं किया हैंडशेक

कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि जब मैच के बाद दोनों टीम के खिलाड़ी एक दूसरे से हाथ मिला रहे थे, तब हार्दिक और क्रुणाल ने हैंडशेक नहीं किया। हालांकि यह अभी दोनों के बीच सबकुछ ठीक न होने के सिर्फ कयास हैं। हार्दिक और क्रुणाल ने इस बारे में किसी भी तरह का कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। हम भी दोनों के बीच सबकुछ ठीक नहीं होने की पुष्टि नहीं करते हैं।

# बीसीसीआई ने आरआर के मैनेजर को भेजा नोटिस

नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने राजस्थान रॉयल्स के मैनेजर रोमी भिंडर को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। वे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ हुए मैच में डगआउट में फोन चलाते दिखे थे।

बीसीसीआई ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। उसने इस मामले में 48 घंटे में जवाब मांगा है। रोमी भिंडर गुवाहाटी में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ मैच के दौरान डगआउट में फोन चला रहे थे। उस समय उनके पास वैभव सूर्यवंशी भी बैठे हुए थे। टीवी कैमरों में भिंडर के फोन चलाने की घटना कैद हो गई थी। इसके बाद बवाल हो गया।

### मैच के बीच फोन चलाने का मामला



### भिंडर की है बचने की संभावना

बताया जा रहा है कि टीम मैनेजर मैच के दौरान एक फोन पास में रख सकते हैं। लेकिन वे इस दौरान अगर कोई फोन करते या उठाते हैं तो वह डगआउट में नहीं हो सकता। ऐसा सिर्फ ड्रेसिंग रूम में जाकर ही किया जा सकता है। भिंडर की जो क्लिप सामने आई है उसमें वे फोन पर बात नहीं कर रहे थे। वे केवल फोन स्क्रॉल कर रहे थे। अब देखना होगा कि राजस्थान रॉयल्स और भिंडर की तरफ से क्या सफाई दी जाती है।

### गंभीर रूप से बीमार रहे थे भिंडर

वहीं मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया कि भिंडर हाल ही में गंभीर रूप से बीमार रहे थे। इस वजह से वह अपने साथ फोन लेकर चलते हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भिंडर के दोनों फेफड़े खराब हो गए थे। इसकी वजह से उन्हें आईसीयू में रहना पड़ा था। वे कुछ समय के लिए वेंटीलेटर पर थे। करीब एक महीने तक वे अस्पताल में भर्ती रहे।

# 365 दिन में 100 ब्रह्मोस मिसाइल, भारत ने तोड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत की वो मिसाइल जिसने पाकिस्तान को दिन में चांद और रात में सूरज दिखा दिए थे। अब भारत की उसी खूंखार मिसाइल की बड़ी खबर सामने आ रही है और इस खबर को सुनकर पाकिस्तान और चीन जैसे दुश्मनों के पसीने छूट जाएंगे और एक घातक खूंखार मिसाइल है ब्रह्मोस। दरअसल खबर सामने आई है कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में स्थित ब्रह्मोस प्लांट से अब ब्रह्मोस मिसाइलों की डिलीवरी शुरू हो चुकी है। लखनऊ में बना यह नया ब्रह्मोस प्लांट उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का एक हिस्सा है। जहां अक्टूबर 2025 में इस प्लांट से पहली बार चार ब्रह्मोस मिसाइलों का बैच तैयार हुआ था।



अब इन मिसाइलों की डिलीवरी भी शुरू हो गई है। यह डिलीवरी तो सिर्फ एक शुरूआत है क्योंकि यह प्लांट हर साल करीब 80 से लेकर 100 ब्रह्मोस मिसाइलें बनाने की क्षमता रखता है।

यानी कि हर साल भारतीय सेनाओं के पास पहुंचेंगी। 100 ब्रह्मोस मिसाइलें। अब बात करते हैं इन ब्रह्मोस मिसाइलों की खासियत की। तो आपको बता दें कि यह एक सुपर सोनिक क्रूज मिसाइल है। यानी कि आवाज की गति से कई गुना तेज उड़ती हैं और दुश्मनों को संभलने तक का मौका नहीं देती। जमीन, समुद्र और हवा तीनों ही जगहों से इस ब्रह्मोस मिसाइल को लॉन्च किया जा सकता है। और यही वजह है कि भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना तीनों के लिए यह एक बेहद अहम हथियार है। और इस मिसाइल ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के होश फाकता कर दिए थे। पहले ब्रह्मोस मिसाइलों का उत्पादन मुख्य रूप से हैदराबाद और कुछ अन्य जगहों पर होता था। लेकिन अब लखनऊ में नया प्लांट होने से उत्पादन क्षमता और बढ़ गई है। जिसका सीधा फायदा तीनों ही सेनाओं को मिलेगा। जहां तीनों सेनाओं के पास मिसाइलें तेजी से पहुंचेंगी और सप्लाई चेन में भी मजबूती आएगी। सरकार का फोकस अब साफ-साफ आत्मनिर्भर भारत का है और इसी कड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल में करीब 70% का लोकल कंटेंट इस्तेमाल हो रहा है।

यानी कि इन मिसाइलों को बनाने में 70% जो हिस्सा लग रहा है वो भारत से ही आता है। जो पहले काफी कम हुआ करता था। यानी अब भारत धीरे-धीरे रक्षा उपकरणों के लिए विदेशी देशों पर अपनी निर्भरता को कम कर रहा है। अगर हम बात करें आंकड़ों की तो वित्त वर्ष 2025 में भारत का घरेलू रक्षा उत्पाद 1.5 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं रक्षा निर्यात भी बहुत तेजी से बढ़ रहा है। 2025-26 में यह रु 38,000 करोड़ से भी ज्यादा हो चुका है। जो दिखाता है कि भारत सिर्फ अपनी जरूरतें ही नहीं पूरी कर रहा बल्कि दुनिया के दूसरे देशों को भी रक्षा उपकरण भेज रहा है। यानी कि भारत अब हथियार खरीदने वाला देश नहीं बल्कि उसे बेचने वाला देश बनना चाह रहा है। और इसी कड़ी में भारत आगे बढ़ रहा है। हालांकि एक सच्चाई यह भी है कि इस प्लांट की जो सालाना कैपेसिटी है 80 से लेकर 100 मिसाइल है।

# होर्मुज स्ट्रेट संकट : 5 साल बनाम 20 साल पर अटका अमेरिका-ईरान समझौता, ट्रम्प के फैसले से बढ़ा तनाव

एजेंसी

**नयी दिल्ली/ तेहरान/ वॉशिंगटन।** दुनिया की सबसे अहम समुद्री व्यापारिक लाइफलाइन माने जाने वाले होर्मुज स्ट्रेट में एक बार फिर तनाव चरम पर पहुंच गया है। अमेरिका और ईरान के बीच चली गुप्त कूटनीतिक कोशिशें नाकाम हो गई हैं, जिसके बाद हालात तेजी से बिगड़ते नजर आ रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने वैश्विक राजनीति के साथ-साथ तेल बाजार को भी चिंता में डाल दिया है। सूत्रों के मुताबिक, पाकिस्तान में हुई बैकडोर बातचीत में ईरान ने समझौते की दिशा में एक अहम प्रस्ताव रखा था। उसने पांच साल तक यूरेनियम संवर्धन रोकने की पेशकश की और इसके बदले




अमेरिका से प्रतिबंधों में राहत की उम्मीद जताई। यह प्रस्ताव एक मध्य रास्ता माना जा रहा था, लेकिन यहीं बातचीत अटक गई। अमेरिका इस प्रस्ताव से संतुष्ट नहीं हुआ। उसका मानना था कि पांच साल की अवधि बहुत कम है और इससे भविष्य में ईरान फिर से अपने परमाणु कार्यक्रम को तेज कर सकता है। इसी वजह से अमेरिकी पक्ष कम से कम 20 साल तक संवर्धन रोकने की शर्त पर अड़ा रहा। दोनों देशों के बीच यही मतभेद समझौते की राह में सबसे बड़ी बाधा बन गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इसके तुरंत बाद अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में सैन्य सख्ती बढ़ा दी। अमेरिकी नौसेना ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी शुरू कर दी और ईरान से जुड़े जहाजों की आवाजाही पर कड़ी निगरानी रखी जाने लगी, हालांकि अन्य देशों के जहाजों को गुजरने की अनुमति दी गई है। इस कार्रवाई पर ईरान ने भी तीखी प्रतिक्रिया दी। इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने चेतावनी दी कि वह नए तरीके से जवाब देगा। सैन्य प्रवक्ता इब्राहिम जोलफघारी ने साफ कहा कि अगर दबाव बढ़ाया गया तो फारस की खाड़ी और ओमान सागर का कोई भी बंदरगाह सुरक्षित नहीं रहेगा।

# 2029 से पहले लागू होना चाहिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम, पीएम मोदी बोले- बहन-बेटियों के हक पर एकमत हों सभी दल

एजेंसी

**देहरादून।** पीएम मोदी ने आज बैसाखी पर्व पर दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया है. इस एक्सप्रेसवे से अब दिल्ली से देहरादून का सफर मात्र ढाई घंटे में पूरा किया जा सकेगा. पीएम मोदी ने उद्घाटन से पहले देहरादून में स्थित सिद्धपीठ डाट काली मंदिर में पूजा अर्चना की. इसके बाद आशारोड़ी, देहरादून से गढ़ी कैंट तक 12 किमी तक रोड शो किया. पीएम मोदी ने गढ़ी कैंट स्थित मेजर जसवंत सिंह आर्मी ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया. पीएम मोदी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2029 चुनाव से पहले लागू हो जाना चाहिए. इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को एकमत होना चाहिए. पीएम मोदी ने अपना संबोधन देवभूमि



उत्तराखंड की पावन धरती को प्रणाम करने के साथ किया. इसके बाद उन्होंने गढ़वाली और कुमाऊंनी बोली में उत्तराखंड की जनता का अभिवादन किया. इसके बाद जनसभा स्थल पर 1 घंटे देरी से आने के लिए माफी भी मांगी. पीएम मोदी ने कहा कि, मैं जब भी उत्तराखंड आता हूं, उत्तराखंड का प्यार, आशीर्वाद, नई ऊर्जा और प्रेरणा लेकर जाता हूं. आज देश में बैसाखी और बिहू पर्व और त्योहार की उमंग है. अगले कुछ दिनों में चारधाम यात्रा भी शुरू होने जा रही है. इस पवित्र समय का देशभर के लोग आस्था और श्रद्धाभाव से इंतजार करते हैं.

**देहरादून शहर पर मां डाट काली की कृपा**

पीएम मोदी ने कहा कि, देवभूमि की धरती से मैं पंच बदरी, पंच केदार, आराध्य देव और संतला माता को भी प्रणाम करता हूं. उन्होंने कहा कि, देहरादून शहर पर मां डाट काली की कृपा है. इसलिए इतने बड़े दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का कार्य बिना किसी रुकावट और अड़चन के पूरा हुआ. इस एक्सप्रेसवे से डबल इंजन सरकार की नीतियां और उत्तराखंड के युवाओं के प्रयास से विकास का नया अध्याय जोड़ा गया है. इस एक्सप्रेसवे का काफी हिस्सा यूपी से गुजरता है. टूरिज्म के लिहाज से ये प्रोजेक्ट काफी अहम है.

**सड़कें, एक्सप्रेसवे राष्ट्र की रेखाएं**

पीएम मोदी ने कहा कि, लोग अपनी दशा और दिशा क्या होगी? इसके लिए हाथ की रेखाएं दिखाते हैं. मैं इस विज्ञान को नहीं जानता हूं, लेकिन ये भी एक शास्त्र है. लेकिन अगर राष्ट्र जीवन से जोड़कर देखूं तो ये सड़कें, एक्सप्रेसवे भी राष्ट्र की रेखाएं है. भारत, विकास की भाग्य की रेखाएं बना रहा है. ये विकास की गारंटी है, ये मोदी की भी गारंटी है. उन्होंने कहा कि, 2014 से पहले ऐसे इन्फ्रास्ट्रक्चर पर 2 लाख करोड़ भी खर्च नहीं होते थे. जबकि आज 12 लाख करोड़ रुपए से भी ज्यादा खर्च हो रहे हैं. उत्तराखंड में सवा 2 लाख करोड़ रुपए के इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर काम जारी है.

**उत्तराखंड टूरिज्म को मिलेगा फायदा**

उन्होंने कहा कि, इकोनॉमिक कॉरिडोर, व्यापार और कारोबार का नेटवर्क बनाते हैं. दिल्ली देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर से भी पूरे क्षेत्र का कायाकल्प होगा. आना जाना सस्ता और तेज होगा. किराया भाड़ा कम होगा. रोजगार का फायदा होगा. इसके अलावा उत्तराखंड के टूरिज्म को फायदा मिलेगा. आने वाले समय में देहरादून, हरिद्वार और चारधाम के लिए ये प्रमुख मार्ग बनेगा. पीएम मोदी ने उत्तराखंड आने वाले यात्रियों और श्रद्धालुओं से उत्तराखंड के पहाड़, धरोहर को साफ सुथरा रखने की अपील की. उन्होंने कहा कि, यहां कूड़ा कचरा का ढेर देवभूमि की पवित्रता को कष्ट पहुंचाता है. उन्होंने आगे कहा कि, अगले साल हरिद्वार में अर्धकुंभ का आयोजन होना है. अर्धकुंभ को दिव्य, भव्य और स्वच्छ बनाना होगा. उन्होंने कहा कि, उत्तराखंड में नंदा देवी राजजात यात्रा होती है. ये यात्रा सामाजिक चेतना का उदाहरण है. नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर पीएम मोदी ने कहा कि, चार दशकों के इंतजार के बाद संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था. इससे लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण तय हो गया है. सभी दलों ने आगे आकर इस महत्वपूर्ण कानून को समर्थन दिया.

# तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 : भाजपा ने जारी किया घोषणा पत्र, महिलाओं को हर महीने 2000 और फ्री सिलेंडर का वादा

एजेंसी

**तमिलनाडु।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार, 14 अप्रैल को तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के लिए अपना चुनावी घोषणापत्र जारी कर दिया है। चेन्नई में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता जेपी नड्डा ने इस दस्तावेज को सार्वजनिक किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन, के. अन्नामलाई और तमिलिसाई सौंदरराजन जैसे दिग्गज नेता भी मौजूद रहे। भाजपा ने अपने घोषणापत्र में जन कल्याण, स्वास्थ्य और वित्तीय स्थिरता पर विशेष जोर दिया है।



**महिलाओं और परिवारों के लिए बड़े वादे**

भाजपा ने महिला वोटरों को लुभाने के लिए कई बड़े ऐलान किए हैं। संकल्प पत्र के अनुसार, सत्ता में आने पर परिवार की महिला मुखिया को हर महीने 2000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, हर घर को 10,000 रुपये की एकमुश्त वित्तीय मदद और मुफ्त एलपीजी सिलेंडर देने का वादा भी किया गया है। महिलाओं को ई-स्कूटर खरीदने के लिए 25,000 रुपये की सहायता और घर खरीदने पर स्टाम्प ड्यूटी में 3 प्रतिशत की छूट देने की बात कही गई है।

**सुरक्षा और कानून व्यवस्था पर फोकस**

राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा ने 'जीरो एफआईआर' रिपोर्टिंग सिस्टम शुरू करने का वादा किया है। जघन्य अपराधों के निपटारे के लिए फास्ट-ट्रैक अदालतों की स्थापना की जाएगी। साथ ही, स्कूलों, विश्वविद्यालयों और बसों में सुरक्षा बढ़ाने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे ताकि 'ब्लाइंड स्पॉट्स' को खत्म किया जा सके। स्वयं सहायता समूहों और एमएसएमई के लिए 50 लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण का प्रावधान भी घोषणापत्र में शामिल है। किसानों के लिए भाजपा ने केंद्र की योजना के अलावा 3,000 रुपये की अतिरिक्त सहायता का वादा किया है, जिससे उन्हें सालाना कुल 9,000 रुपये मिलेंगे। तमिलनाडु की संस्कृति से जुड़े जल्लीकट्टू खेल को लेकर भी बड़ी घोषणाएं हुई हैं।

# हिंसक आंदोलन के बीच योगी सरकार का बड़ा फैसला, श्रमिकों की मजदूरी में 21% का इजाफा

एजेंसी

**गौतमबुद्ध नगर।** (नोएडा) में पिछले कुछ दिनों से जारी हिंसक आंदोलन और श्रमिकों के भारी असंतोष के बीच उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। औद्योगिक शांति बहाल करने और लाखों परिवारों के जीवन स्तर को सुधारने के उद्देश्य से सरकार ने न्यूनतम मजदूरी में 21 प्रतिशत तक की भारी बढ़ोतरी का एलान किया है। यह फैसला ऐसे संवेदनशील समय में आया है जब आंदोलन उग्र रूप ले चुका था और फैक्ट्रियों में कामकाज ठप होने की कगार पर था। सरकार का यह कदम न केवल श्रमिकों के आक्रोश को शांत करने की दिशा में एक बड़ा प्रयास है, बल्कि यह औद्योगिक जगत को यह संदेश भी देता है कि सरकार कानून-व्यवस्था के साथ-साथ श्रमिक हितों के संरक्षण के लिए भी उतनी ही गंभीर है।



राज्य सरकार के इस नए आदेश के बाद नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र की हजारों औद्योगिक इकाइयों में कार्यरत लाखों श्रमिकों की आय में सीधा उछाल आएगा। नई दरों के अनुसार, अकुशल, अर्ध-कुशल और कुशल श्रमिकों की श्रेणी में 21 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी सुनिश्चित की गई है। इस फैसले से उन श्रमिकों को सबसे अधिक लाभ होगा जो बढ़ती महंगाई और बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे थे। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह वृद्धि तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी और इसका उल्लंघन करने वाली कंपनियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। नोएडा के विभिन्न औद्योगिक सेक्टरों में पिछले कुछ दिनों से श्रमिक अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर थे, जिसने कई जगहों पर हिंसक रूप ले लिया था। आगजनी और तोड़फोड़ की घटनाओं से करोड़ों के नुकसान की खबरें आ रही थीं।

ऐसे में सरकार ने केवल पुलिस बल के प्रयोग के बजाय 'संवाद और समाधान' की नीति अपनाई। मजदूरी बढ़ाने के इस फैसले को एक बड़े 'डैमेज कंट्रोल' के रूप में देखा जा रहा है। प्रशासन का मानना है कि इस वेतन वृद्धि के बाद श्रमिकों का एक बड़ा वर्ग काम पर वापस लौटेगा और औद्योगिक पहिया फिर से तेजी से घूमने लगेगा। जहाँ एक ओर श्रम संगठनों ने सरकार के इस फैसले को श्रमिकों के संघर्ष की जीत बताया है, वहीं कुछ औद्योगिक संगठनों ने इस अचानक हुई वृद्धि पर चिंता जताई है।

# राहुल गांधी ने बंगाल में चुनाव प्रचार का शंखनाद किया, कहा, भाजपा, टीएमसी दोनों भ्रष्ट, मोदी का पूरा कंट्रोल ट्रंप के हाथ में

नरेंद्र मोदी का पूरा कंट्रोल ट्रंप के हाथ में है.

अडानी देश से बाहर जायेगा, तो अमेरिका उसे पकड़ लेगा

अडानी की कंपनी का नाम मोदानी कंपनी होना चाहिए,

टीएमसी भी भ्रष्टाचार की रेस में पीछे नहीं है.

एजेंसी

**कोलकाता।** राहुल गांधी केरल विस चुनाव में पूरा जोर लगाने और असम में कुछ जनसभा करने के बाद आखिरकार आज मेंगलवार, 14 अप्रैल को पश्चिम बंगाल पहुंचे राहुल गांधी मालदा, रायगंज, उत्तर दिनाजपुर में तीन रैलियां करने वाले हैं आज रायगंज से राहुल गांधी ने कांग्रेस के प्रचार का शंखनाद किया. अंबेडकर जयंती पर बाबा साहेब अंबेडकर को याद करते हुए कहा, अंबेडकर जी, गांधी जी और नेहरू जी ने देश को संविधान दिया. आरएसएस-भाजपा पर हमलावर होते हुए कहा, इनकी नफरत से भरी विचारधारा संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है. राहुल गांधी ने कहा कि आरएसएस-भाजपा के लोग सीधे



संविधान पर हमला नहीं करते, लेकिन संस्थाओं में अपने लोगों को बैठाकर और वोट चोरी कर देश के संविधान-लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास कर रहे हैं. हमारी लड़ाई आरएसएस-भाजपा की नफरत भरी विचारधारा के खिलाफ है. राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में कन्याकुमारी से कश्मीर तक हम चार हजार किलोमीटर चले और नारा दिया...नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलनी है. हमने पूरे देश को संदेश दिया कि नफरत, हिंसा, बंटवारे से कुछ नहीं होने वाला. मोहब्बत और एकता से ही देश आगे बढ़ेगा.

आरोप लगाया कि भाजपा और नरेंद्र मोदी ने एक नया राजनीतिक सिस्टम निकाला है. इस सिस्टम में पार्टी का पूरा पैसा एक जगह रखा जाता है. उन्होंने बताया कि यह जगह अडानी की कंपनी है. नरेंद्र मोदी ने भाजपा को अडानी कंपनी से जोड़ दिया है. अडानी कंपनी के लिए भाजपा के लिए काम करती है. हर तरह का सपोर्ट भाजपा को देती है. तंज कसा कि इस कंपनी का नाम टङ्कल्लि कंपनी होना चाहिए, राहुल गांधी ने कहा कि इस बात को डोनाल्ड ट्रंप समझ गया है, इसीलिए अमेरिका में अडानी पर केस लगा दिया है. कहा कि अडानी के पास बहुत सारा पैसा तो है, लेकिन वो हिन्दुस्तान से बाहर नहीं जा सकता, अडानी देश से बाहर जायेगा, तो अमेरिका उसे पकड़ लेगा और मोदी नाम का गुब्बारा फट जायेगा. नरेंद्र मोदी देशभक्त नहीं है, बल्कि देशद्रोही हैं. मोदी ने वर ट्रेड डील में हिन्दुस्तान को बेचने का काम किया है. नरेंद्र मोदी का पूरा कंट्रोल ट्रंप के हाथ में है. राहुल गांधी इतने पर ही नहीं रुके. आरोप लगाया कि भाजपा 24 घंटा नफरत फैलाती हैं.

## इजरायल को ईटली का तगड़ा झटका, पीएम मेलोनी ने सस्पेंड किया डिफेंस डील, ईरान ने भी ठोका मुआवजा

**तेहरान।** ईरान ने बहरीन, सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और जॉर्डन से अमेरिका-ईरान के आक्रमण को 'समर्थन' देने के लिए मुआवजे की मांग की है। ईरान के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि अमीर-सईद इरावानी ने हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस और सुरक्षा परिषद के अध्यक्ष जमाल फारेस अलरोवाई को पत्र लिखकर पांच अरब देशों की मुआवजे की मांग को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में ये देश ईरान के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 51 (आत्मरक्षा का अधिकार) का हवाला नहीं दे सकते, क्योंकि उन्होंने अमेरिका-इजराइल के आक्रमण को बढ़ावा दिया था। इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने मंगलवार को इजराइल के साथ इटली के रक्षा समझौते को निलंबित करने की घोषणा की, जिसमें सैन्य उपकरणों और प्रौद्योगिकी अनुसंधान का आदान-प्रदान शामिल है। इटली की समाचार एजेंसी अंसा के अनुसार, वेरोना में एक कार्यक्रम के दौरान मेलोनी ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए, सरकार ने नवीनीकरण को निलंबित करने का फैसला किया है। एएफपी की रिपोर्ट के अनुसार, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने मंगलवार को कहा कि देश इजरायल के साथ रक्षा समझौते को निलंबित कर रहा है।

# ईरान के समर्थन में उतरा यमन, बाब-अल-मंदेब को बंद करने की दी धमकी

एजेंसी

**तेहरान।** मिडिल ईस्ट में तनाव एक नए और खतरनाक मोड़ पर पहुँच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरानी बंदरगाहों की घेराबंदी शुरू किए जाने के बाद अब यमन ने खुलकर ईरान का समर्थन कर दिया है। यमन के हूती अंसारुल्लाह ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई जारी रही, तो वे लाल सागर को अदन की खाड़ी से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग 'बाब-अल-मंदेब' को पूरी तरह बंद कर देंगे। इस धमकी ने वैश्विक व्यापार और ऊर्जा क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है, क्योंकि इस मार्ग के बंद होने का सीधा असर दुनिया भर में तेल की कीमतों और ग्लोबल शिपिंग इंडस्ट्री पर पड़ेगा।

**ट्रंप की नाकाबंदी और यमन का पलटवार**

हाल ही में अमेरिकी प्रशासन ने ईरान की 'लाइफलाइन' कहे जाने वाले बंदरगाहों की नाकाबंदी कर दी है, जिससे मिडिल ईस्ट में तनाव चरम पर है। इसके जवाब में यमन



ने न केवल ईरान के प्रति एकजुटता दिखाई है, बल्कि अमेरिका को सीधे सैन्य परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। अंतरराष्ट्रीय मामलों के विश्लेषकों का मानना है कि यमन अपने क्षेत्रीय जल क्षेत्र में स्थिति को और गंभीर बनाने में सक्षम है। यदि बाब-अल-मंदेब जैसा प्रमुख व्यापारिक मार्ग बाधित होता है, तो अंतरराष्ट्रीय सप्लाई चेन पूरी तरह ध्वस्त हो सकती है, जिससे न केवल तेल बल्कि दैनिक जरूरत की अन्य वस्तुओं की ढुलाई भी प्रभावित होगी। यमन की यह धमकी बेहद गंभीर है। ईरान पहले से ही फारस की खाड़ी में स्थित 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' पर नियंत्रण रखता है। यदि ईरान और यमन मिलकर इन दोनों प्रमुख समुद्री रास्तों को बंद कर देते हैं, तो वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पूरी तरह ठप हो सकती है।

# संक्षिप्त खबर

## नोएडा पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने किया बड़ा खुलासा, शहर में साजिश के तहत हुई हिंसा

**नोएड।** सोमवार को यूपी के नोएडा में, जो श्रमिक प्रदर्शन ने हिंसात्मक रूप लिया था वह अचानक नहीं हुआ था। बल्कि यह एक सोची समझी साजिश थी। इसके लिए एक व्हाट्सएप ग्रुप में मजदूरों को




क्यूआर कोड के माध्यम से जोड़ा गया था। जिससे इसे पूरी प्लानिंग के तहत अंजाम दिया गया है। इसका खुलासा खुद नोएडा पुलिस की कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने मीडिया से बात करते हुआ किया है। उन्होंने मंगलवार को इस मामले पर मीडिया से बात करते हुए कहा कि सोमवार को हुई हिंसा के चलते अब तक 300 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस कमिश्नर ने आगे कहा कि ...सुबह 5 बजे से लगातार रूट मार्च किए जा रहे हैं। आज सुबह तीन जगहों पर मजदूर इकट्ठा हुए थे, और उनसे तुरंत बातचीत करने के बाद पंद्रह मिनट के अंदर ही उन्हें तितर-बितर कर दिया गया। एक उच्च-स्तरीय समिति, जो कल से यहाँ मौजूद है, उसने सभी संबंधित पक्षों के साथ विस्तृत और लंबी बैठकें कीं, और कुछ सिफारिशें कीं। वे सुबह 11:30 बजे एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस दिशा में कुछ घोषणाएँ करेंगे। उत्तर प्रदेश सरकार मजदूरों की समस्याओं को समझती है, उनके प्रति सहानुभूति रखती है, और उनकी सभी समस्याओं को हल करने के लिए तैयार है... वेतन वृद्धि पर आज फैसला होने की संभावना है। मैं सभी मजदूरों से अपील करती हूँ कि वे अपनी फैक्टरियों में काम पर लौट आएँ और गौतम बुद्ध नगर ज़िले में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखें...

## क्रेमलिन का अमेरिका को ऑफर, ईरान का संवर्धित यूरेनियम रूस रखने को तैयार

**मॉस्को।** अमेरिका-ईरान के बीच हुई इस्लामाबाद वार्ता विफल होने के बाद सोमवार को रूस ने बड़ा बयान दिया है. उसने कहा है कि जरूरत पड़ने पर शांति समझौते के तहत वह ईरान का संवर्धित यूरेनियम अपने यहां रखने के लिए तैयार है. अहम बात यह है कि ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए संवर्धित यूरेनियम को सौंपना अमेरिका की प्रमुख शर्तों में शामिल है. अमेरिका ईरान के परमाणु प्रोग्राम को पूरी तरह समाप्त करना चाहता है. यह देखते हुए रूसी राष्ट्रपति भवन (क्रेमलिन) का बयान सामने आया है. रूस भविष्य में ईरान-अमेरिका के बीच होने वाले किसी शांति समझौते के तहत ईरान के संवर्धित यूरेनियम को अपने यहां रखने के लिए तैयार है. हालांकि रूस पूर्व में भी ऐसा प्रस्ताव रख चुका है, क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने सोमवार को एक बार फिर यह प्रस्ताव दिया. दिमित्री पेसकोव ने पत्रकारों को याद दिलाया कि यह प्रस्ताव राष्ट्रपति (पुतिन) ने अमेरिका सहित अन्य देशों के साथ बातचीत में दिया था. यह प्रस्ताव अब भी कायम है. हालांकि पेसकोव ने अमेरिकी राष्ट्रपति की उस धमकी की आलोचना की, जिसमें उन्होंने होर्मुज स्ट्रेट पर नाकेबंदी लगाने की बात कही है. पेसकोव के अनुसार इस तरह के कदम से अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर नकारात्मक असर पडेगा. सूत्रों के अनुसार ईरान के साथ युद्ध के दौरान मार्च में डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर हुई बातचीत में व्लादिमीर पुतिन ने ट्रंप को प्रस्ताव दिया था कि युद्ध खत्म करने के लिए ईरान के संवर्धित यूरेनियम को रूस ले जाया जा सकता है. लेकिन ट्रंप ने पुतिन के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया था. एक अमेरिकी अधिकारी के अनुसार यह पहली बार नहीं है जब रूस का यह प्रस्ताव आया है.

## युद्ध के कारण अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान, ईरान ने खाड़ी देशों से मुआवजा मांगा, कारण भी बताया

**तेहरान।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावानी ने मांग की है कि बहरीन, सऊदी अरब, कतर, यूएई और जॉर्डन युद्ध के दौरान ईरान हुए नुकसान की भरपाई करे,क्योंकि उन लोगों




ने अमेरिका और इजराइल की मदद की है. साथ ही उन्होंने ईरानी बंदरगाहों की कथित नौसैनिक नाकाबंदी पर अमेरिका की कड़ी निंदा की और इसे ईरान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का गंभीर उल्लंघन बताया है, उन्होंने आरोप लगाया कि इन देशों ने अमेरिका और इजराइल को अपने एयरस्पेस और सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल करने की अनुमति दी, जिससे ईरान पर हमले संभव हुए, हमलों में ईरान की संपत्ति और बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा. इसलिए अब इन देशों को ईरान पुनर्निर्माण का खर्च उठाना चाहिए. ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने भी कहा है कि मुआवजे की मांग पर कोई समझौता नहीं होगा. जिन देशों ने इस युद्ध को बढ़ावा दिया, वे नहीं सकते. ईरान के केंद्रीय बैंक की एक रिपोर्ट में बताया है कि युद्ध के कारण देश की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है. तेल रिफाइनरी और ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर लगभग बर्बाद हो गये हैं. इस कारण ईरानी अर्थव्यवस्था को पूरी तरह संभलने में 12 साल से ज्यादा का समय लग सकता है. रिपोर्ट में चेताया गया है महंगाई 180फीसदी तक बढ़ सकती है, जिससे आम लोगों की मुश्किलें और बढ़ेंगी. ईरानी राजदूत ने जिन खाड़ी देशों पर आरोप लगाये गये हैं, उनकी कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया अभी सामने नहीं आयी है. राजदूत अमीर सईद इरावानी ने यब बयान तब दिया है,जब इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच हुई बातचीत बिना किसी नतीजे पर पहुंचे खत्म हो गयी. बता दें कि इस बातचीच में ईरान की ओर से संसद अध्यक्ष मोहम्मद बघेर गालिबफ और अमेरिका की ओर से उपराष्ट्रपति जेडी वेंस शामिल थे.

## ममता बनर्जी ने चेताया, भाजपा बंगाल पर कब्जा करने आ रही है, पर बंगाल में बुलडोजर नहीं चलनेवाला...

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और भवानीपुर से टीएमसी उम्मीदवार ममता बनर्जी ने आज पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर स्थित पिंगला गांव में जनसभा की. ममता बनर्जी योगी आदित्यनाथ पर बरसते हुए कहा, आजकल उत्तर प्रदेश जल रहा है. योगी बाबू यहां आकर भाषण दे रहे हैं. वे कहते हैं कि बंगाल में बुलडोजर चलेगा. ममता बनर्जी ने कहा, बंगाल में बुलडोजर नहीं चलता, बंगाली लोग सलाम करते हैं, प्रणाम कहते हैं, जय हिंद कहते हैं, वंदे मातरम कहते हैं. यहां से लड़के-लड़कियां भाजपा शासित राज्यों में जाते हैं तो मार दिये जाते हैं. उन्हें प्रताड़ित किया जाता है. भाजपा के राज्यों में बांग्ला बोलने पर उन्हें घुसपैठिया कहा जाता है. ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि भाजपा बंगाल पर कब्जा करने के लिए बहुत आगे बढ़ गयी है. एसआईआर में लाखों लोगों के नाम काट दिये गये हैं. बंगाल के सभी पैसे रोक दिये गये हैं. चुनाव में प्रयुक्त होने वाली ईवीएम मशीनों सहित वीवीपैट मशीनों को लेकर कहा कि हमारी सीटों को देखकर योजना बनाई गयी है, ममता ने कहा कि अगर मशीनें खराब हो जाती हैं, तो वे उन्हें नहीं बदलेंगे. मशीन में एक चिप डाल देंगे.



## फिल्म 'मातृभूमि' से नया गाना जारी, नए चेहरे आए नजर...

**मुंबई।** सलमान खान अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर खबरों में छाए हैं। अपूर्व लाखिया द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले अप्रैल, 2026 में रिलीज होनी थी, लेकिन अब रिलीज अगस्त तक आगे बढ़ा दी गई है। इस बीच, अभिनेता ने लोगों में फिल्म का उत्साह बनाए रखने के लिए नया गाना 'मेरा जी नहीं भरा' जारी किया है। हालांकि, इसमें चित्रांगदा सिंह के साथ वह खुद नजर नहीं आए हैं, बल्कि 2 नए चेहरों का परिचय कराया गया है। 'मेरा जी नहीं भरा' गाने को श्रेया घोषाल और विशाल मिश्रा ने आवाज दी है। यह गाना 2 नए चेहरों जैन शॉ और अभिश्री सेन पर फिल्माया गया है, जो फिल्म में अहम किरदारों में नजर आएंगे।

### लाइफ Style



## कल्याणी

### मधुबाला की बायोपिक में निभाएंगी लीड रोल

पर्दे पर भारतीय सिनेमा की सबसे खूबसूरत अदाकारा मधुबाला की जिंदगी को उतारने की तैयारी तेज हो गई है। लंबे समय से चर्चा थी कि फिल्म 'धुरंधर 2' फेम सारा अर्जुन इस बायोपिक में लीड रोल निभाएंगी, लेकिन अब कहानी में एक बड़ा ट्विस्ट आ गया है।


सारा अर्जुन की जगह अब साउथ फिल्म इंडस्ट्री की लोकप्रिय एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन के नाम पर मोहर लगा दी गई है। इस फिल्म का निर्देशन जसमीत करेंगी, जिन्होंने इससे पहले आलिया भट्ट, शेफाली शाह और विजय वर्मा अभिनीत बेहतरीन फिल्म 'डार्लिंग्स' का निर्देशन किया था। प्रोडक्शन हाउस के एक सूत्र ने जूम को बताया कि भारतीय सिनेमा के सबसे प्रतिष्ठित सितारों में से एक को भव्य श्रद्धांजलि देने के लिए बनाई जा रही इस फिल्म के निर्माता, कल्याणी को कास्ट करने के लिए काफी उत्सुक हैं। 'लोकाह' की अखिल भारतीय सफलता के बाद कल्याणी निर्माताओं की पहली पसंद बनी हुई हैं। अभिनेत्री की बढ़ती लोकप्रियता, उनकी स्वाभाविक मासूमियत और पर्दे पर उनके जादू ने उन्हें इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के लिए एकदम फिट बना दिया है। कल्याणी मशहूर निर्देशक प्रियदर्शन और अभिनेत्री लिजी की बेटी हैं। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत साल 2017 में अखिल अक्किनेनी के साथ फिल्म 'हेलो' से की थी। उन्होंने यूं तो कई फिल्मों में अपने अभिनय से दर्शकों के दिल जीते, लेकिन पिछली बार डोमिनी अरुण की फिल्म ' 'लोकाह चैप्टर 1- चंद्रा' से वो रातों-रात स्टार बन गई थीं।

### हॉलीवुड मसाला



## टेलर- ट्रैविस की शादी की तारीख तय

**लॉस एंजिल्स।** पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट मंगेतर ट्रैविस केल्स के साथ अपने रिश्ते को एक कदम आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। खबर है कि उन्होंने अपनी शादी को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। यही नहीं, दोनों ने शादी में शामिल होने के लिए करीबी दोस्तों और परिवार को 'सेव द डेट' निमंत्रण भी भेज दिए हैं। पहले चर्चा थी कि गायिका 13 जून को शादी करेंगी क्योंकि यह उनका लकी नंबर है, लेकिन अब तारीख बदल गई है। रिपोर्ट के मुताबिक, टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी के लिए 3 जुलाई की तारीख चुनी है।



## 'एक्सट्रैक्शन 3' के साथ वापसी करेंगे हेम्सवर्थ

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की फिल्मों में 'थॉर' बनकर लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता क्रिस हेम्सवर्थ एक बार फिर नेटफ्लिक्स पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। उनकी चर्चित फ्रैंचाइजी फिल्म 'एक्सट्रैक्शन' की तीसरी कड़ी की आधिकारिक पुष्टि हो गई है। फिल्म के निर्देशन की कमान सैम हरग्रेव ने संभाली है, जिन्होंने पहली 2 फिल्मों का निर्देशन भी किया था। पटकथा डेविड वेइल द्वारा लिखी जा रही है। 'एक्सट्रैक्शन 3' के जरिए क्रिस अपने लोकप्रिय किरदार 'टायलर रेक' के साथ वापसी करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, 'एक्सट्रैक्शन 3' के प्रोडक्शन का काम जून, 2026 में शुरू किया जा सकता है। फिल्म की शूटिंग के लिए निर्माताओं ने मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया और यूरोप के कुछ हिस्सों की रेकी की है।



## विक्की की 'महावतार' में होंगी शामिल

**मुंबई।** 'स्त्री' फ्रैंचाइजी के निर्देशक अमर कौशिक अपनी महात्वकांक्षी परियोजना 'महावतार' के लिए श्रद्धा कपूर से बाचीत कर रहे हैं। अगर सब कुछ तय हो जाता है तो फिल्म की शूटिंग जून, 2026 से शुरू की जा सकती है। सूत्र ने कहा, श्रद्धा इस किरदार के लिए बिल्कुल सही हैं। टीम ऐसी अभिनेत्री की तलाश में थी जो स्टार वैल्यू और दमदार उपस्थिति ला सके। निर्माताओं को उम्मीद है कि विक्की कौशल के साथ उनकी जोड़ी दर्शकों को पसंद आएगी।विक्की कौशल के लिए साल 2025 बेहद शानदार साबित हुआ। उनकी ऐतिहासिक फिल्म 'छावा' ने भारत में करीब 800 करोड़ के आसपास कारोबार करते हुए उन्हें सफलता दिलाई। अब फैंस की नजरें अभिनेता की अगली फिल्म 'महावतार' पर टिकी हुई हैं। म



## मां को बचाने एक बेटे की जद्दोजहद...

**मुंबई।** आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारसिया रायजादा अभिनीत फिल्म 'मर्सी' का ट्रेलर जारी कर दिया गया है। इस फिल्म का प्रीमियर लंदन के रिच मिक्स थिएटर में यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल 2025 में किया गया था। 24 अप्रैल को यह फिल्म भारतीय सिनेमाघरों में अपनी मार्मिक कहानी से दर्शकों का दिल पिघलाने आ रही है। मितुल पटेल ने 'मर्सी' के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रखा है। इसका निर्माण एवर क्लियर फिल्म्स के बैनर तले किया गया है। 'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु के संवेदनशील विषय पर आधारित फिल्म है। ट्रेलर शेखर (राज वासुदेवा) की मार्मिक कहानी बयां करता है, जो अपनी बीमार मां को बचाने के लिए हर जद्दोजहद करता है। बाद में उसे उनके दुखों को दूर करने के लिए एक दर्दनाक फैसला लेना पड़ता है।

### टीवी मसाला



## रामायण का 'कुंभकर्ण', जिसकी मौत पर रोई पूरी दुनिया...


**मुंबई।** टीवी इतिहास के सबसे लोकप्रिय धारावाहिकों में से एक रामायण में कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने अपने किरदारों को अमर बना दिया इन्हीं में से एक थे नलिन दवे, जिन्होंने कुंभकर्ण का रोल निभाकर दर्शकों के दिलों पर गहरी छाप छोड़ी।

## रैना के शो 'स्टिल अलाइव' ने मचाया तहलका...

**मुंबई।** चर्चित स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना एक बार फिर खबरों में छाए हुए हैं। इसकी वजह यूट्यूब की दुनिया में उनकी धमाकेदार वापसी है, जो साल 2025 में हुए 'इंडियाज गॉट लेटेंट' विवाद के बाद उनकी वापसी का प्रतीक है। करीब एक साल से ज्यादा वक्त तक स्टैंड-अप कॉमेडी से दूर रहने के बाद रैना ने अपने नए शो 'स्टिल अलाइव' से वापसी की। दिलचस्प बात ये है कि उनके इस नए शो ने इंटरनेट पर धूम मचाकर रख दी है।

***24 घंटे में मिले करोड़ों व्यूज***

:'स्टिल अलाइव' को कॉमेडियन के यूट्यूब चैनल पर 7 अप्रैल को रिलीज किया गया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, वीडियो ने 24 घंटे के अंदर 2.20 करोड़ से ज्यादा व्यूज हासिल करते हुए भारतीय यूट्यूब कॉमेडी के इतिहास में एक नया रिकॉर्ड बना दिया है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक वीडियो ने यूट्यूब पर 2.40 करोड़ से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं, जो उनके अभी तक किसी भी वीडियो को मिले व्यूज के मुकाबले सबसे ज्यादा हैं।



***'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' का दिया संकेत***

: 'स्टिल अलाइव' के जरिए रैना ने फैंस को अपने मुश्किल वक्त की दास्तां सुनाई है। शो के आखिर में वह भावुक भी हो गए और 'इंडियाज गॉट लेटेंट' के विवाद के बाद अपने संघर्ष का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि कैसे एक वीडियो की वजह से उन्हें लोगों की ट्रोलिंग और धमकियों का सामना करना पड़ा था। हालांकि, फैंस उस वक्त खुश हो गए, जब उन्होंने वीडियो के आखिर में 'इंडियाज गॉट लेटेंट सीजन 2' का संकेत दिया।

## सनी देओल की नई फिल्म 'लखन', वही गुस्सा; वही पावर और 'सीटी-मार' एक्शन का नया डोज

**मुंबई।** 'गदर 2' की ऐतिहासिक सफलता के बाद सनी देओल एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाका करने के लिए तैयार हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने अपनी अगली एक्शन-थ्रिलर फिल्म के लिए 'किल' के निर्देशक निखिल नागेश भट्ट के साथ हाथ मिलाया है, जिसका नाम 'लखन' रखा गया है। सनी एक बार फिर अपने धाकड़ अवतार से दर्शकों को मनोरंजित करने के लिए तैयार हैं। वो फिल्म की शूटिंग के लिए कमर कस चुके हैं।

### सिनेमाघरों में फिर बजेंगी सीटियां

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, लखन' में सनी का वही पुराना और रौद्र रूप लौटने वाला है। इस फिल्म को एक भव्य एक्शन एंटरटेनर के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसमें




रोंगटे खड़े कर देने वाले एक्शन सीक्वेंस और दमदार डायलॉग्स की भरमार होगी। फिल्म में कई ऐसे दृश्य होंगे, जो दर्शकों को सिनेमाघरों में झूमने पर मजबूर कर देंगे। निर्देशक ल्म के जरिए सनी को फिर उनके पूरे 'एक्शन मोड' में पेश करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

### कब शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

फिल्म के निर्माताओं ने बड़े पैमाने पर तैयारी शुरू कर दी है। फिल्म की स्क्रिप्टिंग, एक्शन डिजाइन और प्री-प्रोडक्शन का काम काफी तेज गति से चल रहा है। एक सूत्र ने खुलासा किया, ये एक बड़े स्तर की एक्शन एंटरटेनर फिल्म है, जो हाई-एनर्जी और दर्शकों को खुश करने वाले पलों से भरपूर होगी। इसमें सनी देओल के कई ऐसे सीक्वेंस होंगे, जिन्हें देख दर्शकों के होश उड़ जाएंगे। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर से शुरू होगी।

### एक में 'लखन' और 'रामायण' में हनुमान बनेंगे सनी

एक तरफ जहां सनी अपनी फिल्म 'लखन' से एक्शन के नए कीर्तिमान स्थापित करने जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वो नितेश तिवारी की महत्वाकांक्षी फिल्म 'रामायण' को लेकर भी चर्चा में हैं। ये महागाथा 2 भागों में रिलीज की जाएगी, जिसमें सनी 'भगवान हनुमान' के बेहद शक्तिशाली अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनके साथ रणबीर कपूर (राम), साई पल्लवी (सीता), रवि दुबे (लक्ष्मण) और यश (रावण) जैसे दिग्गज कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रत्नेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.